www.lagatar.in रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ** रांची, बुधवार 16 अक्टूबर 2024 आश्विन शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 वर्ष : 2, अंक : 186 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

विधानसभा चुनाव 2024

वोट करें देश गढ़ें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



लोकतंत्र का पर्व- राष्ट्र का गर्व



# झारखंड में बजा बिगुल

राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू, मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया ब्लॉक के बीच



## विस चुनाव के भाग्यविधाता

झारखंड में कुल मतदाता **2.6 करोड़**

महिला 1. 29 करोड़ | पुरुष 1.31 करोड़

थर्ड जेंडर : 448

11.84 लाख वोटर पहली बार डालेंगे वोट

- 20 से 29 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 66 लाख 84 हजार है

कुल मतदान केंद्र **29,562**

## दो फेज में 13 और 20 नवंबर को वोटिंग, नतीजे 23 नवंबर को

लगातार न्यूज नेटवर्क

झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है. निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि सभी 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में वोटिंग होगी. वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी. झारखंड में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होगा. दूसरे चरण की वोटिंग 20 नवंबर को होगी. पहले चरण में 43 सीटों पर और दूसरे चरण में 38 सीटों पर वोटिंग होगी. चुनाव की घोषणा के साथ ही झारखंड में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है. झारखंड में इस बार भी मुख्य लड़ाई सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले इंडिया अलायंस और एनडीए के बीच होने की संभावना है. इंडिया अलायंस में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, आरजेडी और वाम दल शामिल है, जबकि एनडीए में बीजेपी के अलावा आजसू पार्टी, जेडीयू, लोजपा-आर और हम पार्टी शामिल हैं.

### झारखंड में 28 सीटें एसटी और 9 एससी के लिए आरक्षित

मुख्य चुनाव आयोग ने कहा कि झारखंड की 81 विधानसभा सीटों में से 28 सीटें अनुसूचित जनजाति और 9 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है. राज्य में 29,562 पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे. सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी. जबकि निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने के लिए सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम किए गए हैं.

### 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है विस का कार्यकाल

मौजूदा झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है. पिछले पांच साल से झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन सरकार की चल रही है. इस दौरान करीब साढ़े चार साल तक हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार चली, जबकि कुछ महीने तक चंपाई सोरेन ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली. लेकिन सीएम पद से हटने के बाद चंपाई सोरेन ने जेएमएम छोड़ दी. बीते लोकसभा चुनाव में बीजेपी को राज्य में दो सीटों का नुकसान हुआ था. जबकि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा 4 सीटें जीत गईं.

### 2019 में झारखंड में पांच चरणों में हुआ था चुनाव

झारखंड विधानसभा की 81 सीटों के लिए पिछले चुनाव यानी 2019 के विधानसभा चुनाव में पांच चरणों में वोट डाले गए थे. तब पहले चरण में 30 नवंबर, दूसरे चरण में 7 दिसंबर, तीसरे में 12, चौथे में 16 और पांचवें और आखिरी चरण में 20 दिसंबर को वोट डाले गए थे. चुनाव नतीजों का ऐलान 23 दिसंबर 2019 को हुआ था.

### जेएमएम-आरजेडी और कांग्रेस में तालमेल

वर्ष 2019 की तरह इस बार भी इंडिया अलायंस में शामिल जेएमएम-कांग्रेस और आरजेडी के बीच तालमेल तय है. इसके अलावा वामदलों के लिए कुछ सीटें छोड़ी जा सकती हैं. लोकसभा चुनाव में भी भाकपा-माले के एक सीटें छोड़ी गई थी. इस बार भाकपा-माले में मासस का भी विलय हो चुका है. इसलिए गठबंधन की ओर से इनके लिए तीन से चार सीटें छोड़ी जा सकती हैं. राज्य में चुनाव का नेतृत्व सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के कंधों पर रहेगा.



### सीएम हेमंत ने फिर मांगा बकाया

सीएम ने एक बार फिर से केंद्र सरकार से कोयला कंपनियों के बकाया रॉयल्टी 1.36 लाख करोड़ की मांग की है. इलेक्शन की घोषणा लागू होने से थोड़ा पहले हेमंत ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया. कहा कि यह बकाया राशि हमारा हक है... झारखंड किसी विशेष बजट की मांग नहीं कर रहा है. हम सिर्फ अपने हक की बात कर रहे हैं जिसे हम हर हाल में लेकर रहेंगे. इससे पूर्व सीएम बकाया को लेकर प्रधानमंत्री को खुला पत्र लिख चुके हैं. जिसमें उन्होंने कहा है कि वे राज्य के लिए स्पेशल बजट की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि उचित बकाए की मांग कर रहे हैं. उनका दावा है कि इस लंबित रकम के कारण झारखंड के विकास को काफी क्षति हो रही है. इधर हेमंत की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन ने उनके एक्स को री ट्वीट करते हुए कहा कि भीख नहीं हक चाहिए. जवाब दो, हमें हमारे हक का पूरा हिसाब दो.

### झारखंड को बचाने का है यह चुनाव

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि झामुमो -कांग्रेस, राजद के जंगलराज से त्रस्त झारखंड की जनता-जनार्दन अब परिवर्तन चाहती है. यह चुनाव झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है. यह चुनाव आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का चुनाव है. यह चुनाव युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का चुनाव है. झारखंड के गरीब, किसान, महिलाओं को उनका हक दिलाने का चुनाव है. यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है. पूरा विश्वास है कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड के मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनायेंगे।

### एनडीए की ओर से 4 पूर्व सीएम पर बड़ी जिम्मेदारी

झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए की ओर से चार पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन और मधु कोड़ा पर चुनाव प्रचार और रणनीति बनाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी. इसके अलावा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और पार्टी के कई सांसदों को भी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है. हालांकि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंता विस्वा सरमा कई महीने पहले से ही यहां चुनावी तैयारी में जुटे हैं.

### 2019 में किसी एक दल को नहीं गठबंधन को मिला था बहुमत

**सत्ता पक्ष**

झामुमो : 30
कांग्रेस : 16
राजद : 01
अन्य : 04
कुल : 51




**विपक्ष**

भाजपा : 25
आजसू : 02
एनसीपी : 01
निर्दलीय : 02
कुल : 30

झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 में किसी एक दल को स्पष्ट बहुत नहीं मिला था. 81 सदस्यीय विधानसभा में 30 सीटें प्राप्त कर जेएमएम सबसे बड़ी पार्टी बनी. दूसरे स्थान पर रही बीजेपी को 25 सीटें मिली. जबकि कांग्रेस को 16 और आरजेडी को 1 सीटें मिली. बाद में जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी गठबंधन की सरकार बनी और इस गठबंधन सरकार ने पांच वर्षों का कार्यकाल पूरा किया.

### झारखंड में चुनाव का शेड्यूल

कुल सीटें: 81

| पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|
| 43 सीट | 38 सीट |
| मतदान : 13 नवंबर | मतदान : 20 नवंबर |

- अधिसूचना की तिथि 18 अक्टूबर (शुक्रवार) 22 अक्टूबर (मंगलवार)
- नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि 25 अक्टूबर 29 अक्टूबर
- नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की तिथि 28 अक्टूबर 30 अक्टूबर
- नामांकन वापस लेने की तिथि 30 अक्टूबर 01 नवंबर
- मतगणना की तिथि 23 नवंबर (शनिवार)
- चुनाव प्रक्रिया संपन्न 25 नवंबर (सोमवार)

नतीजे 23 नवंबर को

### जानें कब कहां डाले जाएंगे वोट

- **पहले चरण में इन 43 सीटों पर मतदान :** कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डाल्टनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर.
- **दूसरे चरण में इन 38 सीटों पर वोट :** राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी.

### महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होगा एक चरण में मतदान

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान भी हो गया है. चुनाव आयोग ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया. 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिए एक चरण में ही वोट डाले जाएंगे. पिछले विधानसभा चुनाव में भी एक ही चरण में वोट डाले गए थे. महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होगा. 23 नवंबर को मतगणना होगी. महाराष्ट्र में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी दल बन कर उभरी थी. -शेष पेज 7 पर

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का पूरा शेड्यूल

कुल सीटें : 288

- गैजेट नोटिफिकेशन: 22 अक्टूबर (एक फेज में चुनाव होंगे)
- नॉमिनेशन की अंतिम तिथि : 29 अक्टूबर
- नामांकन पत्रों की जांच : 30 अक्टूबर
- नामांकन वापसी की अंतिम तिथि: 04 नवंबर
- मतदान की तारीख : 20 नवंबर
- चुनाव परिणाम : 23 नवंबर



### दो लोकसभा और 48 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का भी ऐलान

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के साथ ही कई राज्यों के विधानसभा उपचुनावों के लिए भी तारीख की घोषणा कर दी है. उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं. चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में 47 विधानसभा सीटों और केरल की वायनाड लोकसभा सीट के लिए 13 नवंबर को वोटिंग होगी. वायनाड सीट राहुल गांधी ने खाली की है. वहां से प्रियंका गांधी पहले ही कांग्रेस की उम्मीदवार घोषित की जा चुकी हैं. वहीं उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट के लिए 20 नवंबर को वोटिंग होगी. उत्तर प्रदेश की 10 रिक्त सीटों पर उपचुनाव होना है. ये सीटें विभिन्न कारणों से खाली हुई हैं. वही मध्य प्रदेश की दो विधानसभा सीटों के लिए उपचुनावों की तारीख का ऐलान कर दिया गया है. यहां पर मध्य प्रदेश में बुधनी और विजयपुर सीट के लिए उपचुनाव होना है. शिवराज सिंह चौहान के इस्तीफे के बाद बुधनी सीट पर चुनाव कराया जाएगा.

### हटाए गए रांची उपायुक्त मंजूनाथ, वरुण को कमान



- सिर्फ 15 दिन रहे रांची डीसी के पद पर
- रांची डीसी सहित तीन अफसरों का तबादला

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा के चंद घंटे पहले राज्य सरकार ने तीन आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया. इसमें रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री का भी तबादला किया गया है. उनकी जगह पर जुडको के प्रबंध निदेशक के पद पर पदस्थापित वरुण रंजन को रांची डीसी की जिम्मेवारी सौंपी गई है. बताते चलें कि मंजूनाथ भजंत्री रांची डीसी के पद पर सिर्फ 15 दिन रहे. 30 सितंबर को मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी की जिम्मेवारी सौंपी गई थी. रांची डीसी के पद पर पदस्थापित होने के कुछ दिन बाद चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को डीसी बनाए जाने पर आपत्ति जताई थी. कार्मिक द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब मंजूनाथ भजंत्री को जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की जिम्मेवारी सौंपी गई है. वहीं जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित मृत्युंजय कुमार वर्णवाल को मनरेगा आयुक्त बनाया गया है.

### यह अच्छी बात नहीं : एग्जिट पोल व मीडिया पर आयोग ने उठाया सवाल

एजेंसी। नयी दिल्ली

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान इलेक्शन कमीशन ने कर दिया है. इसके साथ ही कुल 49 विधानसभा और लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की गई है. चुनाव आयोग ने पूरा शेड्यूल जारी करते हुए मंगलवार को एक और अहम टिप्पणी कर दी है, जिसकी चर्चा हो रही है. मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शिड्यूल बताने के बाद एग्जिट पोल्स औरमतगणना के दिन मीडिया में सुबह से ही दिखाए जानेवाले रुझानों पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि यह सब ठीक नहीं है और इसे लेकर कुछ करने की जरूरत है. ऐसा जब भी होता है, तो हमारे देश में कुछ न कुछ करेक्शन हुआ है और हम उम्मीद करते हैं कि इस बार भी ऐसा होगा. चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि इस बार भी हमने देखा और कई बार ऐसा हुआ है कि एग्जिट पोल्स कुछ बताते हैं और नतीजा उससे अलग होता है. इसलिए यह सोचने की बात है कि आखिर

**मीडिया जल्दबाजी करता है और फिर सवाल उठते हैं**



एग्जिट पोल्स को करने का तरीका क्या होता है और उनका सैंपल साइज क्या होता है. ये सभी चीजें सोचने की बात है. यही नहीं इस दौरान उन्होंने अक्सर चुनाव नतीजों वाले दिन टीवी चैनलों और अन्य मीडिया की ओर से सुबह से ही दिखाए जानेवाले रुझानों पर भी सवाल उठाया.

**हरियाणा का उदाहरण देकर मीडिया को सुनाया :** मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस बार की ही बात करें, तो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में सुबह से ही रुझान आने लगे थे. यह कहा जाने लगा कि पहले राउंड का रुझान 8:30 तक ही आ गया है. यह पूरी तरह से गलत था. सच यह है कि हम खुद 9:30 बजे पहले राउंड की काउंटिंग के बारे में जानकारी देते हैंऔर इसे साइट पर अपलोड किया जाता है. ऐसे में कैसे यह बात एक घंटे

**पहले ही कही जा सकती है कि पहले राउंड में कौन आगे हैं और कौन पीछे :** इलेक्शन कमिश्नर ने कहा कि मीडिया की तरफ से रुझान दिखाने में जल्दबाजी की जाती है. कई बार ऐसा करने में मनमानी होती है और इसी के चलते जब चुनाव आयोग के वास्तविक रुझान आते हैं, तो अंतर दिखता है. मीडिया और आयोग के रुझानों में जब फर्क आता है तो पीछे रह जानेवाले दल सवाल उठाते हैं. वे चुनाव आयोग पर सवाल उठाने लगते हैं. इसके लिए कुछ करना होगा और ऐसे नहीं चल सकता.

### एनडीए और इंडी गठबंधन की पार्टियों को लग सकता है झटके पर झटका

# हाल क्या है दिलों का न पूछो सनम : दल से दिल टूटेंगे, इधर-उधर भागते भी दिखेंगे नेता

रवि भारती। रांची

झारखंड में चुनाव की रणभेरी बज चुकी है. टिकट की आस लगाये नेता गुनगुना रहे हैं, हाल क्या है दिलों का न पूछो सनम. सीट शोयरिंग और उम्मीवारों की घोषणा के साथ नेताओं का दल से दिल टूटेगा और इधर-उधर भागते भी नजर आएंगे. ऐसा एनडीए व इंडी दोनों गठबंधन में होगा. कोई विस क्षेत्र सीट शेयरिंग में फंसा, तो वहां पहले से तैयारी कर रहे नेता पुरानी पार्टी को अलविदा कह किसी नए दल में ठिकाना तलाशेंगे, जहां टिकट मिलने की गारंटी हो. टिकट की गारंटी के साथ दल-बदल का खेल तेजी से होगा.

प्रमुख राजनीतिक पार्टियों का टिकट नहीं मिलने पर कई नेता पार्टी को अलविदा कह विपक्षी पार्टी का दामन थाम सकते हैं, या फिर किसी क्षेत्रीय पार्टी के साथ भी निकल सकते हैं. एनडीए में सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय हो चुका है. एनडीए ने साफ कर दिया है कि 98 फीसदी उम्मीदवारों की सूची तैयार है. केंद्रीय नेतृत्व की मुहर लगते ही सूची जारी कर दी जाएगी.

#### भाजपा में टिकट के दावेदारों की धड़कनें बढ़ीं

भाजपा में भी टिकट के दावेदारों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं. हाल फिलहाल में भाजपा में कई कद्दावर नेता टिकट की उम्मीद में दूसरे दलों का साथ छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं. ऐसे में दलबदल कर शामिल हुए नेताओं को यदि टिकट मिलता है, तो वहां पहले से तैयारी कर रहे नेताओं का टिकट कटने पर पार्टी को झटका लग सरकता है. क्योंकि जिन्होंने पहले से तैयारी कर रखी है, वे दूसरी पार्टियों का रुख कर सकते हैं. ऐसे में तालमेल बैठाने का प्रयास जारी है.

#### आजसू के कई नेताओं के टूट सकते हैं दिल

एनडीए के घटक दल आजसू में भी कई नेताओं के दिल टूटेंगे. पार्टी को अलविदा भी कह सकते हैं. खासकर चंदनक्यारी विधानसभा सीट से दावा ठोंक रहे पूर्व मंत्री उमाकांत रजक टिकट की आस में बैठे हैं. इधर भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा से साफ कर दिया है कि चंदनक्यारी सीट भाजपा की सीटिंग सीट है. वहीं उमाकांत ने हर हाल में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है. वे भी नई पार्टी की तलाश कर रहे हैं. वहीं आजसू के शिवपूजन मेहता हुसैनाबाद सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन इस सीट से वर्तमान विधायक कमलेश सिंह भाजपा में शामिल हो गए हैं. भाजपा कमलेश सिंह को टिकट भी दे सकती है. इस कारण शिवपूजन भी नई राह तलाशेंगे.

#### इंडी में भी सीट शेयरिंग का सफर आसान नहीं

सीट शेयरिंग और उम्मीदवारी को लेकर इंडी गठबंधन का भी सफर आसान नहीं है. गठबंधन में झामुमो, कांग्रेस, राजद के साथ भाकपा-माले की भी हिस्सेदारी हो गई है. जानकारी के अनुसार कांग्रेस कोटे की सीटें बढ़ने की कोई सुगबुगाहट नहीं दिख रही. लेकिन दावेदारों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है. कई दावेदार आला नेताओं के संपर्क में हैं. सीटें बढ़ेंगी या नहीं, इस पर अब तक कांग्रेस ने चुप्पी साध रखी है. पिछले चुनाव में कांग्रेस ने 31 सीटों पर चुनाव लड़ा था. वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर कह चुके हैं कि 20 से 25 विधायक जिताएं, तो हमारा सीएम होगा. इस पर झामुमो ने भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि कांग्रेस गलतफहमी न पाले.

#### बगावत कर भी मैदान में उतर सकते हैं

सीट शेयरिंग और प्रत्याशियों की घोषणा होने के साथ ही प्रमुख दलों में बगावत के सुर भी उभरेंगे. कुछ पार्टी से बगावत कर भी चुनावी समर में कूद सकते हैं, तो कुछ फ्रेंडली संघर्ष के नाम पर. वैसे भी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के वैसे नेता, जिन्होंने पहले से तैयारी कर रखी है और उन्हें मालूम है कि सीट शेयरिंग के कारण उनका टिकट फंस सकता है, वे दूसरी पार्टियों के भी संपर्क में लगातार बने हुए हैं. सीट शेयरिंग व टिकट की घोषणा होते ही पार्टियों में हलचल होगी, भगदड़ भी मचेगी.

### प्रवर्तन निदेशालय की टीम कर रही है जांच, कुछ मामलों की जांच झारखंड पुलिस भी कर रही

# राज्य में फर्जीवाड़ा कर दो अरब रुपये से ज्यादा सरकारी राशि की हेराफेरी

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में फर्जीवाड़ा कर लगभग दो अरब रुपये की सरकारी राशि की हेराफेरी हुई है. हाल के महीने में इस तरह के कई बड़े मामले सामने आये हैं, जिनमें करीब दो अरब से ज्यादा की सरकारी राशि की हेराफेरी की बात सामने आयी है. इनमें से कुछ मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) कर रही है. वहीं कुछ मामलों की जांच झारखंड पुलिस कर रही है. अब तक लगभग दो अरब रुपयों की हेरफेर में शामिल कई लोग गिरफ्तार भी हो चुके हैं. हालांकि मामले की विस्तृत जांच अभी चल रही है, जिसमें अफसर से लेकर कई सफेदपोशों की मिलीभगत की बात सामने आ रही है.

**जेटीडीसी के नाम पर फर्जी खाता खोल 10.40 करोड़ ट्रांसफर किये :** झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) के नाम पर फर्जी खाता खोलकर उसमें 10.40 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है. इसे लेकर धुर्वा थाना में गिरजा प्रसाद, आलोक कुमार और अमरजीत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है. उल्लेखनीय है कि नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर तीन अक्टूबर को झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के जीएम फाइनेंस द्वारा 10.4 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट द्वारा नौ करोड़ की धोखाधड़ी कर फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत दर्ज करायी गयी है. इसके बाद चार अक्टूबर को झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड ने 40.5 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट ने 56.5 करोड़ की फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत पोर्टल पर दर्ज करायी.

#### 101.01 करोड़ का मिड डे मील घोटाला

राजधानी के धुर्वा स्थित एसबीआई की हटिया शाखा में झारखंड मिड डे मील के खाते से भानु कंस्ट्रक्शन को 101.01 करोड़ ट्रांसफर किर दिये गये थे. इस बात का खुलासा तब हुआ, जब 19 सितंबर 2017 को राज्य निकाय ने बैकों को निर्देश दिया कि जिलों में मध्याह्न भोजन की राशि जारी की जाए. जांच में यह बात भी सामने आयी कि 16 अगस्त 2017 को भी भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय तिवारी ने अपनी कंपनी में काम करने वाले राजू वर्मा के खाते में 8 करोड़ 27 लाख ट्रांसफर किये. इसके बाद राजू वर्मा ने इन पैसों को अलग-अलग बैंक खातों में डाला. कुछ पैसों की नकद निकासी की गयी और कुछ से गाड़ियां खरीदी गयीं. इस मामले की जांच ईडी कर रही है.

#### पेयजल स्वच्छता विभाग में फर्जी बिल बना 20 करोड़ की निकासी

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के रुक्का प्रमंडल में हुए करोड़ों रुपये के वित्तीय घोटाला मामले में संतोष कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. संतोष ने इस घोटाले को अंजाम देने के लिए दो निजी कंपनियां बनायीं थीं और अपने सगे-संबंधियों के 15 से अधिक अकाउंट खोले थे. इसके बाद उसने फर्जी बिल बनाकर रांची ट्रेजरी से करीब 20 करोड़ रुपये निकाले और इन खातों में डाल दिये. साल 2023 में रांची के सदर थाना में इस मामले में एफआईआर दर्ज करायी गयी थी. दरअसल पेयजल विभाग में साल 2012 में एलएडंटी कंपनी को रांची में पाइपलाइन बिछाने का काम दिया गया था. लेकिन कंपनी ने बीच में ही काम बंद कर दिया. इसके बाद विभाग के कुछ लोगों ने साजिश रची और किये गये काम के बदले दोबारा फर्जी बिल बना कर उसपर संबंधित लोगों के फर्जी हस्ताक्षर कर दिये. ट्रेजरी में नया कोड खोलवाकर एलएनटी को जो भुगतान हुआ था, उसका दोबारा भुगतान करा लिया गया.

# 100 करोड़ की हेराफेरी केस में एसआईटी ने कई लोगों से की पूछताछ

- जेटीडीसी, झारखंड विद्युत वितरण और उर्जा उत्पादन लिमिटेड के खाते से हेराफेरी का आरोप

संवाददाता। रांची

झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी), झारखंड विद्तयुत वितरण निगम लिमिटेड व झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से करीब 100 करोड़ की हेराफेरी का मामला सामने आया है. इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है. मंगलवार को कई लोगों से एटीएस ऑफिस में पूछताछ की गई.

#### 100 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का आरोप है

पकड़े गए सभी लोगों पर झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के खाते से 10 .40 करोड़ रुपये, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के खाते से 65 .50 करोड़ रुपये और झारखंड उर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से 40 .50 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का आरोप है. डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है .वहीं चार आरोपियों को जेल भी भेजा जा चुका है. झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड व झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, झारखंड उर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के कुछ और अधिकारियों की संलिप्तता के बिंदु पर जांच चल रही है.

### खबरें कोर्ट की

#### हाईकोर्ट का निर्देश

## सभी यूनिवर्सिटी के वीसी-रजिस्ट्रार 22 को सशरीर उपस्थित हों

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सभी यूनिवर्सिटी के वीसी और रजिस्ट्रार को 22 अक्टूबर को कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है. घंटी आधारित शिक्षक प्रसिला सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह निर्देश दिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक के कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. सोमवार को प्रार्थी की ओर से कोर्ट में कहा गया कि राज्य के सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में घंटी आधारित शिक्षकों की एडहॉक नियुक्ति की जाती है. पूर्व में हाईकोर्ट ने कहा था कि ऐसी नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए. अदालत ने कहा कि घंटी आधारित शिक्षकों को नियमित शिक्षकों की तुलना में कम वेतन मिलता है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है. इसका असर यह भी होता है कि राज्य के छात्रों और शिक्षकों का पलायन दूसरे राज्यों में होता है. वहीं अदालत ने जेपीएससी से पूछा है कि शिक्षकों के कितने पद खाली हैं, कितने पद भरने के लिए जेपीएससी ने पहल की है. मामले में प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने बहस की.

## रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को बड़ी राहत

विधि संवाददाता। रांची

- हाईकोर्ट ने दो केस में मिली सजा पर लगायी रोक
- हाईकोर्ट की रोक के बाद चुनाव लड़ सकती हैं ममता देवी



रामगढ़ की पूर्व कांग्रेस विधायक ममता देवी को झारखंड हाईकोर्ट बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने मंगलवार को ममता देवी की ओर से दाखिल क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए दो अलग-अलग केस में मिली सजा पर रोक लगा दी है. ममता देवी इस केस में पहले से ही जमानत पर हैं. राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोलानाथ ओझा ने पक्ष रखा. वहीं ममता देवी की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने बहस की.

**ममता देवी ने दोनों सजा को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में दायर की थी क्रिमिनल अपील :** बता दें कि पूर्व विधायक ममता देवी को रामगढ़ सिविल कोर्ट और हजारीबाग सिविल कोर्ट ने दो अलग-अलग मामलों में सजा सुनायी थी. पूर्व विधायक को एक मामले में 13 दिसंबर 2022 को पांच साल की सजा मिली थी. वहीं गोला गोलीकांड मामले में 4 जनवरी 2023 को हजारीबाग की विशेष अदालत ने ममता देवी और भाजपा नेता राजीव जायसवाल को दो-दो साल की सजा सुनायी थी. दोनों सजाओं को चुनौती देते हुए ममता देवी की ओर से हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील दायर की गयी थी.

## सदानों-ओबीसी आरक्षण पर राजनीतिक दल स्थिति स्पष्ट करें : राजेंद्र प्रसाद

- जल जंगल जमीन हमारे पूर्वजों ने बचायी: प्रसाद

संवाददाता। रांची

मूलवासी सदान मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल जनमुद्दों पर कोई बात नहीं कर रहे हैं. सात जिलों में ओबीसी आरक्षण शुन्य कर दिया गया है.ओबीसी आरक्षण 27 से घटाकर 14% कर दिया गया. कुछ जिलों में 3% तो कुछ जिलों में 7 % आरक्षण दिया जा रहा है. 65% मूलवासी और सदानों की एक बड़ी आबादी 55%ओबीसी चुनाव की दिशा बदलने को तैयार बैठी है. प्रसाद ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति पर राजनीतिक दलों का क्या स्टैंड है? ये भी क्लीयर होना चाहिए. लेकिन राजनीतिक दल जनता से जुड़े मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं.

मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि मूलवासी सदानों को 112 प्रखंडों की सभी पंचायतों में मुखिया, प्रमुख और जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित किया गया है. इन जगहों पर सदानों को दोबारा राजनीति भागीदारी मिलेगी या नहीं, इस पर राजनीतिक दलों ने चुप्पी साध रखी है. चुनाव रके मौके पर कम से कम राजनीतिक दलों को अपना स्टैंड क्लीयर करना चाहिए. उन्हें स्पषट करना चाहिए कि सदान आयोग का गठन होगा या नहीं, 10% आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण को मिलने वाले आरक्षण में सदान वर्ग के सवर्ण को आरक्षण का लाभ मिलेगा या नहीं. प्रसाद ने कहा कि राजनीतिक दलों में जनता की गाढ़ी कमाई मुफ्त में बंटवाने की होड़ मची है और वोट बैंक की राजनीति के कारण तरह-तरह की घोषणाएं की जा रही हैं, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, उद्योग, रोजगार की बात कोई भी राजनीतिक पार्टी नहीं कर रही है. राज्य की भलाई के लिए राजनीतिक दलों द्वारा कोई बात नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है.

## लोकहित पार्टी चुनाव के लिए 12 प्रत्याशियों की सूची अबतक जारी की

रांची। लोकहित अधिकार पार्टी की झारखंड प्रदेश ईकाई की कोर कमेटी की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई. जिसमें विधानसभा चुनाव को मद्देनजर प्रत्याशियों के मुद्देपर विचार विमर्श किया गया. सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए प्रत्याशियों के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता को अवगत कराया गया. कोर कमेटी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विधानसभा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी.इसमें राजमहल विधानसभा से नंदलाल साह, चतरा से अशोक कुमार राम, चाईबासा से सुभद्रा सिंकू, बेरमो से मोहन लाल साव को उम्मीदवार बनाया गया. प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि अब तक कुल 12 उम्मीदवारों की घोषणा की जा चुकी है. तीसरी सूची जारी करने के लिए कोर कमेटी की बैठक जल्द होगी. मालूम हो आठ उम्मीदवारों की पहली सूची 29 सितंबर को ही जारी की गई थी. बैठक में प्रधान महासचिव मो अजहर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश महासचिव संजय स्नेही, प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव आदि मौजूद थे.

### झामुमो ने साधा निशाना

## भाजपा चिटफंड स्कैम पार्टी

- चुनाव आते ही केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने लगी : पांडेय

संवाददाता। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे चिटफंड स्कैम पार्टी करार दिया है. झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि दरअसल झामुमो से भाजपा घबरा गयी है. भाजपा को पता चल गया है कि झारखंड में जनता ने उसे नकार दिया है. उन्होंने नाम लिए बिना एजेंसियों पर निशाना साधा है. कहा कि भाजपा अपने कठपुतली कार्यकर्ताओं का इस्तेमाल कर रही है. झारखंड में फिर भाजपा के सबसे एक्टिव कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं. उन्होंने एजेंसियों का नाम लिए बिना कहा कि जानबूझ कर चुनाव के वक्त झारखंड में हेमंत सरकार के मंत्रियों को फिर से प्रताड़ित किया जाने लगा है. विधानसभा चुनाव सिर पर है. इस बीच सभी दल अपनी-अपनी उपलब्धियां गिनाने में जुटे हैं. लेकिन भाजपा के पास उपलब्धियां गिनाने के लिए कुछ भी नहीं. उन्होंने भाजपा को चिटफंड स्कैम करने वाली पार्टी बताते हुए आम लोगों से इससे सतर्क रहने को कहा है.

#### बिना खाता नंबर के ही भरवा लिया कमल चिट फंड फार्म

पाडंये ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के किसी भी राज्य में किसी महिला को किसी योजना के तहत 2100 रुपये नहीं दिए है. और तो और झारखंड में बिना खाता व जानकारी के कई फर्जी फॉर्म भी



भरवा लिया गया. अब आम लोग भाजपा की चाल समझ गए हैं. लोग उस फॉर्म को कमल चिट फंड स्कैम का नाम दे रहे हैं. झारखंड सरकार ने यहां की महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना शुरू की. इसका लाभ माताओं-बहनों को मिलने लगा, तो भाजपा के पेट में दर्द होने लगा. भाजपा योजना को रोकने के लिए अब अपना बड़का पीआईएल गैंग गुजरात या असम से लाना चाहती है. पांडेय ने कहा कि भाजपा जिसे लाना चाहती है, ले आए. अब यहां की जनता भाजपा को अच्छी तरह से समझ गयी है. लोग अब भाजपा के झांसा में फंसनेवाले नहीं हैं.

## सड़क दुर्घटना में मृत वकील के परिजनों को 50.90 लाख मुआवजा देने का आदेश

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने सड़क दुर्घटना में मृत अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख 90 हजार 176 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है. साथ ही कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें इंश्योरेंस कंपनी को सड़क दुर्घटना में मारे गये वकील के परिवार को मुआवजा देने का आदेश दिया गया था. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद के कोर्ट में हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, एफआईआर, चार्जशीट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए दुर्घटना का तथ्य पर्याप्त रूप से सिद्ध है. इसलिए कंपनी की याचिका खारिज की जाती है.

#### अधिवक्ता की पत्नी ने इंश्योरेंस के लिए किया था क्लेम

बता दें कि वर्ष 2018 में धनबाद के अधिवक्ता अजीत कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी. इसके बाद उनकी पत्नी ने बीमा पॉलिसी के तहत इंश्योरेंस के लिए क्लेम किया था. मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल ने कंपनी को मृतक के परिजनों को मुआवजा भुगतान का आदेश दिया था. मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ इंश्योरेंस कंपनी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था.

### सम्मान समारोह राष्ट्रीय महिला नेत्र रोग विशेषज्ञ सोसायटी की ओर से नई दिल्ली में समारोह का आयोजन

# डॉ भारती कश्यप सामाजिक परिवर्तन उत्प्रेरक पुरस्कार से सम्मानित हुईं

संवाददाता ।रांची

पूर्वी भारत की प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भारती कश्यप को नई दिल्ली में महिला नेत्र रोग विशेषज्ञ सोसायटी द्वारा सामाजिक परिवर्तन पुरस्कार से सम्मानित किया गया. उन्हें यह सम्मान उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रदान किया गया है. नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता एवं भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा ने उन्हें यह सम्मान दिया. वर्ष 1991 में डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करने के बाद से ही डॉ भारती नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में जागरूकता लाने के साथ ही साथ समाज सेवा से जुड़ गयी थीं. अब तक करीब 20 लाख से



अधिक स्कूली छात्रों की आंखों की जांच कर जरूरतमंदों को चश्मा प्रदान किया. साथ ही वैसे बच्चों का निःशुल्क इलाज किया, जिनकी लंबे इलाज की जरूरत थी.

**नेत्रदान के लिए प्रेरित किया:** यह वह दौर था जब लोगों में नेत्रदान के प्रति कोई जागरूकता नहीं थी. इस सामाजिक आवश्यकता को समझते हुए डॉ भारती कश्यप ने लोगों को मृत्युपरांत नेत्रदान के लिए प्रेरित करने के साथ ही साथ जागरूकता लाने का काम किया. इससे समाज में नेत्रदान के प्रति लोगों का ध्यान गया. डॉ. कश्यप के प्रयासों से झारखंड (तब एकीकृत बिहार) ने 1996 में पहला मरणोपरांत नेत्रदान देखा और तब से उनके प्रयासों से राज्य में सैकड़ों नेत्रदान हुए हैं.

#### खास बातें

- बेस्ट सर्जिकल वीडियो के लिए भी किया गया सम्मानित
- नेत्रदान जागरूकता पर पूरे राज्य में लगातार काम किया

**2014 से ही सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ चला रही हैं अभियान :** वर्ष 2014 में डॉ. भारती कश्यप ने झारखंड में वैश्विक जानलेवा बीमारी सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ अभियान की शुरुआत कर महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया. इससे असमय काल के गाल में समानेवाली हजारों महिलाओं की जान बचायी जा सकी. इस दिशा में उन्होंने कम लागतवाला एक कारगर झारखंड मॉडल तैयार किया. विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों के तीसरे हिस्से को संशोधित करते हुए बहुआयामी कम लागत वाली लेकिन प्रभावी रणनीति झारखंड मॉडल की अवधारणा तैयार की, जो झारखंड की महिलाओं के लिए फायदेमंद साबित हुआ है.

**4,05,749 महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच कराई :** झारखंड में पहली बार प्रजनन आयु वर्ग की 2.70 लाख महिलाओं की जांच करने के राज्य सरकार के लक्ष्य के मुकाबले, अप्रैल 2021 से जुलाई 2024 के बीच प्रजनन आयु वर्ग की कुल 4,05,749 महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच की गई. डॉ भारती कश्यप के प्रयासों से झारखंड में धीरे-धीरे एक बड़ा सामाजिक बदलाव आ रहा है, क्योंकि दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में महिलाएं न केवल प्रजनन और स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रही हैं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति भी सजग हैं.

## कॉमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट के पांच अफसरों का तबादला

**रांची।** राज्य सरकार ने कॉमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट के पांच अफसरों का तबादला कर दिया है. छह अफसरों को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है. वाणिज्यकर विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया.

#### इन अफसरों का हुआ तबादला

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| वीरेंद्र प्रताप सिंह | सहायक आयुक्त नगरीय अंचल जमशेदपुर |
| मोनिका सिन्हा | सहायक आयुक्त अन्वेषण ब्यूरो रांची |
| सुनील कुमार सिन्हा | सहायक आयुक्त अन्वेषण ब्यूरो धनबाद |
| सीताराम प्रसाद | सेवा वित्त विभाग |
| विजय मिश्र | सेवा वित्त विभाग |

#### इन अफसरों को मिला अतरिक्त प्रभार

| नाम | अतिरिक्त प्रभार |
|---|---|
| शंकर दयाल | आयुक्त अंकेक्षण ईकाई, धनबाद व संतालपरगना |
| रतन लाल गुप्ता | राज्य कर अपर आयुक्त रांची |
| कंचन लाल | राज्य कर अपर आयुक्त रांची |
| कुमुदिनी सिंह | राज्य कर संयुक्त आयुक्त दक्षिणी अंचल |
| प्रेम कुजूर | राज्यकर संयुक्त आयुक्त, धनबाद, बोकारो व झरिया अंचल |
| दिलीप कुमार मंडल | राज्य कर संयुक्त आयुक्त कतरास व चिरकुंडा अंचल |

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, बुधवार 16 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 186 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस ने झारखंड के लिए तीन पर्यवेक्षक बनाए

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का एलान होते ही कांग्रेस एक्टिव हो गयी है. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए तीन वरिष्ठ कांग्रेसियों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. इनमें कांग्रेस सांसद तारिक अनवर, पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्का मल्लू शामिल हैं. कांग्रेस ने महाराष्ट्र के लिए भी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है. इनकी भूमिका झारखंड चुनाव सीट शेयरिंग के साथ-साथ उम्मीदवारों के चयन और पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका होगी.

### तीन बच्चियों ने खाया कीटनाशक,दो की मौत

**सिमडेगा।** जिले के जलडेगा प्रखंड में दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां तीन बच्चियों ने गलती से कीटनाशक खा लिया. इस हृदयविदारक घटना में दो बच्चियों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज सदर अस्पताल, सिमडेगा में चल रहा है. इस त्रासदी से पीड़ित परिवारों में शोक की लहर है, और परिजन दुख से बदहवास हैं. अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है. प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस मामले की जांच कर रहे हैं, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके. संभावित लापरवाही और बचाव के उपायों पर भी ध्यान देने की जरूरत है ताकि भविष्य में इस प्रकार के हादसों से बचा जा सके.

### रिटायर्ड फौजी से नौ लाख की ठगी, एसएसपी से शिकायत

**मैथन।** एग्यारकुण्ड पानी टंकी निवासी रिटायर्ड फौजी कुणाल पालित से नौ लाख ठगी मामले में एफआईआर दर्ज हुए तीन माह बीतने को है, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. इससे नाराज रिटायर्ड फौजी पालित ने मंगलवार को एसएसपी एचपी जनार्दन से फोन पर बात की. गलफरबाड़ी पुलिस की शिकायत की. कहा कि दो माह टाल मटोल के बाद 22 जुलाई 2024 को एफआईआर दर्ज हुई. जिसमें भालुकसुंदा मुगमा निवासी भोला राम व कुमारधुबी कालीमण्डा निवासी नीरज सिंह सहित पांच लोग नामजद आरोपी हैं लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. सभी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं. उन्हें धमकियां भी मिल रही है. पालित ने बताया कि ठगी में अलग-अलग तीन लोगों का बैंक खाता का उपयोग किया गया है. ईंट की फैक्ट्री से जुड़े व्यवसाय के नाम पर नगद चार लाख व पांच लाख रूपये आनलाइन ठगी की गयी है. ठगों ने धंधे में बड़ा लाभ का लालच व झांसा दिया और पांच किस्तों में नौ लाख ठग लिये. धंधे में सारे रूपये डूब जाने की झूठी बात कह उनके नौ लाख रुपए गबन कर लिये.

- ठगों ने धंधे में बड़ा लाभ का लालच व झांसा दिया और पांच किस्तों में नौ लाख ठग लिये

## झारखंड विधानसभा चुनाव : 18 के बाद आपसी सीट शेयरिंग का खुलासा कर सकता है इंडिया ब्लॉक

# इंडिया गठबंधन में 51 सिटिंग सीटें, जिसकी, उनको मिलना तय, शेष पर खिच-खिच

## 18 को कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की बैठक में होगा तय, फिर दिल्ली में होगा फैसला

**कौशल आनंद।रांची**

फिलहाल इंडिया गठबंधन के पास 51 सिटिंग सीटें हैं. जो जिनके पास हैं, उन्हें ही मिलेंगी. जिसमें माले की सिटिंग सीट बगोदर, प्रदीप यादव की सिटिंग सीट पौड़ैयाहाट और भाजपा विधायक रहे जेपी पटेल की मांडू सीटें भी शामिल हैं. शेष बची सीटें, जिनमें पिछले चुनाव में गठबंधन दल जहां दूसरे स्थान पर रहे थे, उस पर ही निर्णय होना शेष है. इसमें भी कुछ सीटों की अदला-बदली संभव है. मिली जानकारी के अनुसार 18 अक्टूर को रांची में प्रदेश कांग्रेस इलेक्शन समिति की बैठक होगी. इस बैठक की रिपोर्ट और सीट शेयरिंग का खाका लेकर प्रदेश नेतृत्व दिल्ली जाएगा. जिस पर अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा.



### माले को दो से तीन सीट देने की तैयारी

मिली जानकारी के अनुसार झामुमो और कांग्रेस अपने-अपने कोटे से माले को दो और अधिक से अधिक तीन सीटें दे सकते हैं. जिसमें बगोदर, निरसा शामिल हैं. माले की मांग राजधनवार और सिंदरी की भी है. मगर इसमें बहुत अधिक जिच होने पर एक सीट राजधनवार मिल सकती है.





### जानिए किन-किन सीटों पर किसी तरह की कोई जिच नहीं

विधानसभा चुनाव 2019 में झामुमो 43 सीट पर चुनाव लड़ी, जिसमें पार्टी को 30 सीट पर विजय प्राप्त हुई. वहीं कांग्रेस 31 सीट पर चुनाव पर चुनाव लड़ी, जिसमें 16 सीटों पर जीत मिली. यानी की इन तीनों दलों को मिलकार 47 सीट पहले से इनके खाते में रही. बाद में झाविमो के दो विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हो गए, जिससे कांग्रेस की संख्या बढ़ कर 18 पहुंच गयी. मगर फिर रामगढ़ सीट में ममता देवी के जेल चले जाने के बाद रामगढ़ सीट गंवानी पड़ी. इसके बदले में मांडू सीट से जेपी पटेल के रूप में एक विधायक आए. मगर दलबदल के आरोप में उनकी सदस्यता चली गयी. अगर राजद की बात करें, तो राजद सात सीटों पर चुनाव लड़ी, जिसमें मात्र एक सीट पर उसे सफलता हासिल हुई. अगर 2019 के हिसाब से देखा जाए, तो विनोद सिंह और मांडू के जेपी पटेल की सीट जोड़ ली जाए, तो यह सिटिंग की संख्या 51 तक इंडिया गठबंधन की पहुंच चुकी है. मतलब साफ है कि 50 से 51 सीट गठबंधन दलों को मिलना तय है. जिस पर कोइ जिच नहीं है.

### भवनाथपुर पर झामुमो की नजर और कांग्रेस की रांची और सिल्ली पर

जहां तक सीटों की अदला बदली की बात है. तो कई सीटों पर एक दूसरे की नजर है. पिछली बार भवनाथपुर सीट कांग्रेस लड़ी थी, मगर यह सीट इस बार झामुमो कांग्रेस से मांग रही है. अनंत प्रताप देव झामुमो में शामिल हो चुके हैं. इसलिए झामुमो इनके लिए यह सीट मांग रही है. चंदनक्यारी सीट से यह तय हो चुका है कि यह आजसू के खाते में नहीं जा रही है. भाजपा अपने सिटिंग विधायक अमर बाऊरी को ड्राप करने से मना कर दिया है. इसलिए झामुमो इस सीट पर नजर गड़ाए हुए है. संभव हो पूर्व विधायक उमाकांत रजक झामुमो में शामिल हो जाएं. वहीं रांची और सिल्ली सीट कांग्रेस झामुमो से मांग रही है. अब देखना दिलचस्प होगा कि किन सीटों की अदला-बदली कहां तक हो पाती है.

### शेष बची सीटों पर खींचतान, राजद को होगी मुश्किल

शेष बची 30 सीटों पर इंडिया गठबंधन के बीच खींचतान होने की पूरी संभावना है. सबसे बड़ी मुश्किल तो राजद को लेकर होगी. राजद पिछली बार सात सीट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें एक सीट पर जीत मिली. चार सीटों पर बहुत कम अंतर से पार्टी चुनाव हारी थी. इसलिए दूसरे स्थान पर रही सीटों को राजद छोड़ेगा, इसकी संभावना बहुत कम है. अब अंतिम निर्णय तो कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व, हेमंत सोरेन और तेजस्वी यादव ही करेंगे.

## एक बर्खास्त, दो निलंबित, नौ पर विभागीय कार्रवाई

# 10 महीने में राज्य प्रशासनिक सेवा के 42 अफसरों पर लगे दाग

**रवि भारती।रांची**

पिछले 10 महीने यानि जनवरी से लेकर अबतक राज्य प्रशासनिक सेवा के 42 अफसरों पर हेराफेरी के दाग लगे हैं. इनमें से नौ अफसरों पर विभागीय कार्यवाही चल रही है. दो अफसर सस्पेंड हो चुके हैं. एक अफसर को बर्खास्त किया जा चुका है. बर्खास्त किए गए अफसर कानू राम नाग ने गलत जाति प्रमाण पत्र देकर नौकरी हासिल की थी.

### अफसरों पर लगे हैं तरह-तरह के आरोप

राज्य प्रशासनिक सेवा के इन अफसरों पर कई तरह के आरोप लगे हैं. इन पर सरकारी राशि का गबन, मनरेगा कार्य में अनियमितता, सिंचाई कूप में अनियमितता, सजायाफ्ता को लाभ पहुंचाने के आरोप लगे हैं. इसके अलावा जानबूझ कर राशि सरेंडर करने, चुनाव प्रक्रिया में व्यवस्था ठीक नहीं करने, डस्टबीन की खरीद में अनियमितता बरतने, सरकारी आदेशों की अवहेलना करने के साथ बिना बताये अनुपस्थित रहने का भी आरोप है.

**मनरेगा घोटाला**
**जमीन की हेराफेरी**
**राशि गबन के हैं**
## आरोप



### इन अफसरों पर विभागीय कार्यवाही

| | |
|---|---|
| गोपी उरांव | भागीय कार्यवाही |
| अरविंद कुमार सिंह | विभागीय कार्यवाही |
| राजेंद्र प्रसाद | विभागीय कार्यवाही |
| परितोष ठाकुर | विभागीय कार्यवाही |
| अनिल कुमार सिंह | विभागीय कार्यवाही |
| अशोक राम | विभागीय कार्यवाही |
| गुलाम समदानी | विभागीय कार्यवाही |
| राजीव सिंह | विभागीय कार्यवाही |
| **इन अफसरों की वेतन वृद्धि पर रोक** | |
| रवींद्र कुमार | एक वेतन वृद्धि पर रोक |
| राजेश सिन्हा | एक वेतन वृद्धि पर रोक |
| प्रभात भूषण सिंह | दो वेतन वृद्धि पर रोक |
| अजय तिर्की | तीन वेतन वृद्धि पर रोक |
| मो जहुर आलम | एक वेतन वृद्धि पर रोक |
| मनोज गुप्ता | एक वेतन वृद्धि पर रोक |
| प्रमोद राम | तीन वेतन वृद्धि पर रोक |
| राम प्रवेश कुमार | एक वेतन वृद्धि पर रोक |
| अंजना दास | दो वेतन वृद्धि पर रोक |
| बंधन लांग | एक वेतन वृद्धि पर रोक |
| कुमुदिनी टुडू | दो वेतन वृद्धि पर रोक |
| बंका राम | एक वेतन वृद्धि पर रोक |
| मुस्तकीम अंसारी | दो वेतन वृदिधि पर रोक |
| अनिल कुमार | एक वेतन वृद्धि पर रोक |

### ये अफसर हुए सस्पेंड

| | |
|---|---|
| गिरेंद्र टूटी | निलंबित |
| संजीव लाल | निलंबित |
| **इन अफसरों की पेंशन में कटौती का दंड** | |
| संजीव शरण | पांच साल तक पेंशन से 20 फीसदी की कटौती |
| अशोक साह | दो साल तक पेंशन से पांच फीसदी की कटौती |
| सूर्यप्रकाश | दो साल तक पेंशन से पांच फीसदी की कटौती |
| **ये हुए बर्खास्त** | |
| कानू राम नाग | बर्खास्त |
| **इन्हें मिली चेतावनी और निंदन की सजा** | |
| लक्ष्मी नारायण | निंदन |
| अमृता प्रियंका एक्का | चेतावनी |
| प्रभाष चंद्र दास | निंदन |
| मनोज तिवारी | निंदन |
| बुड़ाए सारू | निंदन |
| नितिन शिवम गुप्ता | निंदन |
| विजय कुमार भगत | निंदन |
| सुदर्शन ठाकुर | निंदन |
| लखीराम बास्के | निंदन |
| राकेश सहाय | निंदन |
| उषा मुंडू | निंदन |
| नितिन शिवम गुप्ता | निंदन |
| मनोज कुमार | निंदन |
| प्रशांत कुमार लायक | निंदन |

## एसडीओ मरीज बन कर पहुंचे सदर अस्पताल, बोले

# अस्पताल की हालत है बहुत खराब, डीसी को देंगे रिपोर्ट

**संवाददाता।गढ़वा**

एसडीओ संजय कुमार ने आम मरीज बन कर सदर अस्पताल में सुविधा का जायजा लिया. सोमवार रात एसडीओ श्रीकुमार ने पहले इमरजेंसी ओपीडी में पर्ची कटवाई, डॉ. राजेश कुमार से कहा कि पत्नी को पेट में दर्द है, दवा लिख दीजिए. चिकित्सक ने कोई जवाब नहीं दिया. दोबारा कहने पर उसने एक सादी पर्ची उठा कर उसमें दो दवा लिखते हुए पर्ची को हाथ में देने की बजाय फेंक दिया. एसडीओ पर्ची लेकर दवा दुकान पहुंचे. दवा लेकर बाहर आए. फिर वो रांची जाने के लिए एंबुलेंस की मांग करने लगे. एम्बुलेंस में चालक व अन्य लोग शराब पीकर जुआ खेल रहे थे.

एसडीओ ने रांची जाने के लिए एंबुलेंस चालक से किराये की बात की, तो चालकों ने कहा, रांची जाने के लिए 6500 रुपए देने होंगे. एसडीओ के आग्रह के बाद भी कहा, 6500 से एक रुपए भी कम नहीं होगा. तब एसडीओ ने दूसरे वाहन से जाने की बात कही, इस पर एंबुलेंस चालक ने कहा कि यहां नंबर सिस्टम है, नंबर हमारा है हमारे अलावा दूसरे की जाने की हिम्मत नहीं है. एसडीओ ने कहा,जहां किराया हमें कम लगेगा एंबुलेंस ले जाएंगे.

फिर एसडीओ ब्लड बैंक पहुंचे. इस दौरान उन्हें ब्लड बैंक का दरवाजा बंद पाया. उन्होंने ब्लड बैंक का दरवाजा खटखटाते हुए आवाज लगाई. कुछ देर बाद कोई नहीं आया तो ब्लड बैंक के दरवाजे पर एक नंबर लिख कर लगाया



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते एसडीओ.

हुआ था. उसी नंबर पर फोन किए जाने पर एसडीओ ने इमरजेंसी बताते हुए बी पॉजिटिव ब्लड का मांग की. लेकिन ब्लड बैंक के कर्मियों के ने कहा कि बी पॉजिटिव ब्लड नहीं है. यह कहते हुए फोन को रख दिया.

इस संबंध में एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर अस्पताल में वे निरीक्षण करने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने ब्लड बैंक में ताला बंद, बी पॉजिटिव ब्लड नहीं की बात, चिकित्सक के द्वारा मरीज के साथ अच्छे से व्यवहार नहीं करने, निजी एंबुलेंस के मनमानी किराया वसूली, ममता वाहन लोगों को समय पर नहीं मिलना, रात्रि में वार्ड में चिकित्सक नहीं रहने आदि पर चिंता जाहिर की.

उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल की स्थिति फिलहाल ठीक नहीं है. उसे सुधारने के लिए डीसी को जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी. उन्होंने कहा कि जल्द ही अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा.

## राज्यपाल ने धनबाद में निजी अस्पताल का किया उद्घाटन

**संवाददाता ।धनबाद**

झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार मंगलवार को धनबाद पहुंचे. यहां उन्होंने एक निजी अस्पताल का उद्घाटन किया. इसके बाद उन्होंने अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया और स्कूली बच्चो से मिलकर उन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ाया. उद्घाटन समारोह में धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी एचपी जनार्दनन, पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी समेत भाजपा के कई नेता, IMA धनबाद के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह व शहर के कई प्रतिष्ठित चिकित्सक मौजूद रहे. इससे पूर्व धनबाद पहुंचने पर राज्यपाल को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया. राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी.




धनबाद में मंगलवार को अस्पताल का उद्घाटन करते राज्यपाल.

## धारदार हथियार से युवक की हत्या

**संवाददाता।सतबरवा (पलामू)**

सतबरवा थाना क्षेत्र के खामडीह गांव पूर्णाडीह टोला के युवक सकिंदर साव 22 वर्ष पिता सुरेश साव की हत्या धारदार हथियार से कर दी गई. घटना सोमवार की रात की है. सूचना पाकर सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए एम एम सी एच मेदिनीनगर भेज दिया. मृत युवक रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर खामडीह में पंचर बनाने का काम करता था. युवक का पुराना घर खामडीह में है, जबकि मृतक पूर्णाडीह में नया मकान बना रहा है. सोमवार को दुकान बंद करने के बाद युवक निर्माणाधीन मकान पर रात करीब 11 बजे पहुंचा और बरामदे में खटिया लगा कर सो गया, जहां उसकी हत्या कर दी गई.

जानकारी के अनुसार घर पहुंचने से पूर्व उसकी पिता के साथ कहा-सुनी हो गई थी. पिता का किसी दूसरी महिला के साथ संबंध बताया जा रहा है. मृतक की मां रबिंदा देवी ने एफआईआर दर्ज करवाया है, जिसमें हत्या की आशंका अपने पति पर ही जाहिर की है. मृतक के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि लड़का बहुत अच्छा व मिलनसार था. अपनी मेहनत की बदौलत वह पक्का का घर बना रहा था, जिसमें सिर्फ प्लास्टर व खिड़की, दरवाजा बाकी है. थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि धारदार हथियार से मार कर हत्या की गई है. मृतक की मां रबिंदा देवी ने एफआईआर दर्ज करवाया है. जिसमें हत्या की आशंका अपने पति सरेश साव पर जताई है. थानेदार ने बताया कि हर पहलू से इस हत्या की जांच की जा रही है.



मृतक व रोते बिलखते परिजन

## शराबी पिता ने 21 दिन की बच्ची को पटक कर ली जान

**मैथन।** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के सियारकनाली गांव में शराबी पिता ने 21 दिन की दुधमुंही बच्ची की पटक कर जान ले ली है. यह गंभीर आरोप बच्ची की मां ममता देवी ने लगाया है. सूचना पर पहुंची गलफरबाड़ी पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. साथ ही मौके से आरोपी पिता दीपक पासवान को पकड़ कर ओपी ले आई है. उससे पूछताछ चल रही है. दीपक ने आरोप को ग़लत बताया है कहा कि पत्नी का वो इलाज करवा रहा है. बीमार बच्ची पटकने की बात झूठी है.

- **गल्फरबाड़ी के** सियारकनाली की वारदात, आरोपी पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- **पत्नी ने** लगाया शराब के नशे में जमीन पर पटकने का आरोप, पोस्टमार्टम को भेजा गया शव

टीबी से पीड़ित ममता देवी ने बताया कि सोमवार के शाम शराब के नशे में धुत पति दीपक पासवान आया और बेवजह झगड़ा करने लगा. इसी दौरान बीमार दुधमुंही बच्ची को पटक दिया. जिससे अंदरूनी चोट आयी और दूध पीना छोड़ दिया, मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गयी. ममता ने बताया कि पति दीपक शराब पीकर उसके साथ हमेशा मारपीट करता है. बूढ़ी मां के साथ भी मारपीट करता है. स्थानीय ग्रामीणों ने भी दीपक की करतूत की जानकारी पुलिस को दी है. कहा कि मारपीट के डर से ममता और उसकी मां गांव में छिपती फिरती है. पुलिस दीपक को पकड़कर ओपी ले आई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी. ममता टीबी की मरीज है. लोगों ने बताया कि ऐसे में मां बनना उसके साथ क्रूरता है.

**राजनीति**

## कौन बनेगा भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष, दो महीने में पूरी होगी चुनावी प्रक्रिया

# इलेक्शन के लिए के लक्ष्मण के नेतृत्व में बनी चार सदस्यीय नई कमेटी

**लगातार न्यूज नेटवर्क**

भारतीय जनता पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए दल ने एक कमेटी गठित की है. मंगलवार को बनाई गई इस समिति में डॉ. के लक्ष्मण (बीजेपी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद) को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि नरेश बंसल, रेखा वर्मा और संबित पात्रा सह-चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं. यही कमेटी संगठन के चुनाव का संचालन करेगी.

आगे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन किया जाएगा और इस प्रक्रिया के निपटने में करीब दो महीने का समय लगेगा. यह कमेटी पहले राज्यों में संगठन का चुनाव कराएगी. मसलन पहले मंडल, जिला और फिर राज्य के अध्यक्ष का चुनाव होगा.15 अक्टूबर को संगठनात्मक चुनाव के केंद्रीय चुनाव पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई. अब इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया की शुरुआत होगी. बूथ, मंडल, जिला और प्रदेश स्तर तक अध्यक्ष की चुनाव की तिथियां क्रमशः घोषित होंगी. फिर जिला के अध्यक्ष और राज्य परिषद का चुनाव होगा. राज्य परिषद के बाद प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा. राज्य परिषद के सदस्य राज्यों के अध्यक्ष का चुनाव करेंगे. बाद में राष्ट्रीय परिषद के लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेंगे. मौजूदा समय में जेपी नड्डा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. हालांकि, उनका कार्यकाल खत्म हो गया था, जिसे बाद में जून 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया था. जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त हो चुका है पर अगले अध्यक्ष की नियुक्ति तक के लिए उन्हें इस पद पर बने रहने के लिए बीजेपी संसदीय बोर्ड ने एक्सटेंशन दिया हुआ है. वैसे, बीजेपी को नए चीफ की तलाश है. सियासी गलियारों में ऐसी चर्चा है कि बीजेपी को अगला अध्यक्ष इस साल दिसंबर तक मिल सकता है. बीजेपी के सूत्रों की मानें तो पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्षों के चुनाव एक दिसंबर से चालू होंगे. ऐसे 50% चुनावों के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुने जाने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू की जाएगी.



नरेश बंसल, रेखा वर्मा और संबित पात्रा सह-चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं. यही कमेटी संगठन के चुनाव का संचालन करेगी

### कौन-कौन रहा है बीजेपी चीफ

- **जेपी नड्डा** 2020 से अब तक
- **अमित शाह** 2014-2017 और 2017-2020 तक
- **राजनाथ सिंह** 2005-2009 और 2013-2014 तक
- **नितिन गडकरी** 2010-2013 तक
- **एम वैंकेया नायडू** 2002-2004 तक
- **के जन कृष्णमूर्ति** 2001-2002 तक
- **बंगारू लक्ष्मण** 2000-2001 तक
- **कुशाभाऊ ठाकरे** 1998-2000 तक
- **मुरली मनोहर जोशी** 1991-1993 तक
- **लाल कृष्ण आडवाणी** 1986-2005 तक
- **अटल बिहारी वाजपेयी** 1980-1986 तक.

## आठ अक्टूबर को पलामू जिला परिषद की स्थापना समिति ने जारी किया था स्थानांतरण का आदेश

# जिला परिषद ने किए 31 तबादले, उपायुक्त ने लगाई रोक

संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू जिला परिषद की स्थापना समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में जिले के 31 जनसेवकों का स्थानांतरण किया गया है. इस संबंध में आठ अक्टूबर को पलामू डीडीसी सह जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने आदेश जारी किया था, लेकिन आदेश के दूसरे ही दिन 9 अक्टूबर को पलामू डीसी ने स्थानांतरित 31 में से 10 जनसेवकों का स्थानांतरण स्थगित कर दिया. जिप के कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने जारी आदेश में कहा कि स्थानांतरित जनसेवक दो दिनों के अन्दर नए कार्यालय में योगदान देना सुनिश्चित करें अन्यथा 10 अक्टूबर से वे स्वतः विरमित समझे जाएंगे और उन्हें अक्टूबर 2024 माह के वेतनादि का भुगतान नए पदस्थापन स्थल से किया जाएगा. इधर, पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने 9 अक्टूबर को आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि चूंकि पलामू जिलान्तर्गत वर्तमान में मात्र एक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पदस्थापित हैं एवं सहायक गोदाम प्रबंधक का पद पूर्णरूपेण रिक्त है. इस जिले में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व सहायक गोदाम प्रबंधकों का पदस्थापन नहीं होने के कारण आपूर्ति से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्यों का संचालन अतिरिक्त जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति कर कराया जा रहा है. आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वैसे जनसेवक जो वर्तमान में आपूर्ति से संबंधित कार्यों में संलग्न है, उनसे आपूर्ति से संबंधित कार्यों के ससमय निष्पादन किये जाने को लेकर निर्गत स्थानांतरण आदेश में आंशिक संशोधन कर पूर्ववत कार्य किये जाने का निर्देश दिया जाता है. पलामू उपायुक्त ने जारी आदेश में यह भी कहा है कि सभी जनसेवकों का वेतन पूर्व से पदस्थापित प्रखंड से देय होगा. शेष स्थानांतरण आदेश यथावत् है.

**स्थानांतरण में किया गया भेदभाव :** पलामू जिले में स्थापना समिति की बैठक के बाद स्थानांतरित 31 जनसेवकों में से 10 का स्थानांतरण स्थगित किए जाने पर भाजपा नेता सीएस दुबे ने सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि यदि आपूर्ति विभाग के कार्यों को लेकर 10 जनसेवकों का स्थानांतरण स्थगित किया गया तो उसमें कई ऐसे जनसेवक हैं जो अभी भी गोदाम के प्रभार में हैं लेकिन स्थानांतरण सूची में उनका नाम होने के बावजूद पलामू उपायुक्त द्वारा जारी की गई स्थानांतरण जनसेवकों के स्थगन सूची में उनका नाम शामिल नहीं हैं.

### 10 जनसेवकों का स्थानांतरण स्थगित

जिनका स्थानांतरण स्थगित किया गया उन जनसेवकों में ललन कुमार पासवान (प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह सहायक गोदाम प्रबंधक तरहसी), अभिषेक कुमार(प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चैनपुर), अरविन्द कुमार(प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सतबरवा), अमरेश कुमार(प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हैदरनगर), विनय कुमार सिंह( सहायक गोदाम प्रबंधक नीलांबर पीतांबरपुर), सच्चिदानंद राम( सहायक गोदाम प्रबंधक हरिहरगंज), ब्रजेश कुमार (प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हरिहरगंज), अनील कुमार( सहायक गोदाम प्रबंधक हुसैनाबाद), मनोज कुमार (प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हुसैनाबाद), दीपक कुमार सिन्हा( सहायक गोदाम प्रबंधक पांकी) शामिल हैं.

## राज्यस्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता

- पलामू को मिला दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित 18 वी झारखंड राज्यस्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू को दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल मिला है. प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए हाई जंप में संध्या कुमारी व डिस्कस थ्रो में शिवानी कुमारी गोल्ड तथा हाई जंप में मानसी सिंह ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया. खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल जगत में खुशी की लहर देखी जा रही है. पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा व सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों ने पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन समेत पलामू जिला का नाम रौशन किया है.

## न्यूज अपडेट

### संगीत लोगों के मन को सुकून देता है : राणा प्रताप



**सतबरवा (पलामू)।** दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सोमवार को सतबरवा मेला टांड में जागरण सह ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन मेदिनीनगर विधायक के सतबरवा प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, श्याम बिहारी साव,अजय उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि जीवन में संगीत का बहुत महत्व है. संगीत मन को सुकून, शांति देता है. सांस्कृतिक कार्यक्रम इसी उद्देश्य से आयोजित की जाती है. जय मां काली संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा समाप्ति के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है. इस मौके पर कोलकाता से आए कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक भक्ति व हिंदी, भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी.

### पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की मनी 93 वीं जयंती

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में मंगलवार को भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम की 93 वीं जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया. सर्वप्रथम डॉ कलाम की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया. मोर्चा अध्यक्ष श्री राम ने कहा कि डॉ. अब्दुल कलाम भारत के अनमोल रत्न थे. देश के महान वैज्ञानिक शिक्षक और भारत के 11 वें राष्ट्रपति डॉक्टर अब्दुल कलाम अपनी विद्वता वैज्ञानिक दृष्टि दूरदर्शिता लेखकीय क्षमता और मृदु स्वभाव के कारण देश के सबसे लोकप्रिय राष्ट्रपति में से एक हैं. शिवनारायण साव ने डॉ. कलाम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका मानना था कि युवा पीढ़ी ही देश की असली पूंजी है. मौके पर दीपक कुमार, सूरज कुमार, अरुण पासवान, संजीत कुमार, शनि कुमार, संतोष विश्वकर्मा, श्याम पाठक, रामनरेश महतो, यशवंत कुमार, संजय चौरसिया ने अपने विचार रखे.

### सुख दुःख में जो खड़ा रहे वहीं सच्चा जन प्रतिनिधि



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को अपराह्न 12:30 बजे हैदरनगर कबरा कला मुख्य पथ में परता गांव के समीप मुरही नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इस सड़क का निर्माण पहले से चल रहा है. ग्रामीणों की मांग पर पुल निर्माण कार्य को स्वीकृत कराकर मंगलवार से कार्य प्रारंभ करा दिया गया है. जर्जर पुल होने की वजह ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी. विधायक ने पुल निर्माण कार्य के अलावा विधायक कोटा की अन्य कई योजनाओं का भी ऑनलाइन शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ कराया. शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र की एक एक सड़क पुल पुलिया का निर्माण कराने का काम किया है.

### एंबुलेंस चालक व ईएमटी कर्मियों की हड़ताल जारी

**लातेहार।** तीन माह का लंबित मानेदय का भुगतान समेंत छह सूत्री मांगों को लेकर 108 एंबुलेंस चालक व ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) का हड़ताल मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा. मंगलवार को सभी चालक और ईएमटी कर्मी ने सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन दिया. चालक व टेक्नीशियन की हड़ताल में जाने से जिले भर में 108 एंबुलेंस का परिचालन पूरी तरह ठप पड़ गई है. इमरजेंसी केस में मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है. गरीब मरीजों को परेशानी उठाना पड़ रहा है. चालक बजरंगी सिंह ने बताया कि मानव प्रदाता कपनी ईएलआरआई कंपनी के द्वारा अभी तक किसी भी कर्मचारी को नियुक्त पत्र या कोई सुविधा नहीं दिया है. पीएफ, ईएसआईसी तथा दुर्घटना बीमा का लाभ कर्मियों को नहीं मिला है.

### विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने चेक प्रदान किया



**लातेहार :** स्थानीय विधायक सह मंत्री बैद्यनाथ के प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने अपने आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री चिकित्सा व स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत लाभुकों को 50 हजार रुपये का चेक सौंपा. उन्होंने मिथिलेश गिरि की पत्नी को यह चेक प्रदान किया. श्री गिरि गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं. उन्होंने स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम से मदद की गुहार लगायी थी. इस पर श्री राम ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ उन्हें दिया. विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि इससे पहले प्रकाश मोहन अग्रवाल, मो. मुस्ताक, तरशीला बाड़ा और सहारू खातून को इस योजना के तहत 50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया है. झारखंड सरकार गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को अधिकतम दस लाख रूपये तक की राशि दी जाती है.

## ब्रीफ खबरें

### आठ पशु के साथ पशु तस्कर गिरफ्तार

**पाटन (पलामू):** नावाजयपुर थाना पुलिस ने 8 पशुओं के साथ पथलमार गांव के पास से एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है. नावाजयपुर थाना अंतर्गत नौडीहा गांव निवासी इस्लाम अंसारी (45) पिता स्व. गुलबहार मियां है. इस संबंध में नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कार्रवाई की गई है. गिरफ्तार पशु तस्कर को नावाजयपुर थाना कांड संख्या 41/24 दर्ज कर अवैध पशु तस्करी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. उन्होंने बताया कि उसके पास से 7 भैंस व एक काड़ा जब्त किया गया है.

### सेवानिवृत्त डीएसपी ने किया गांवों का भ्रमण

**पाटन( पलामू)।** पाटन प्रखंड के सिक्की गांव निवासी सेवानिवृत्त डी एस पी कन्हाई राम ने एक दर्जन से अधिक गांव का भ्रमण किया .कन्हाई राम ने कहा कि अबकी विधान सभा चुनाव में स्थानीय लोगों को उम्मीदवार पार्टी बनाए. सन 1977 से आज तक विधान सभा में क्षेत्रीय लोगों को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला.वे भाजपा से चुनाव लड़ने की चाहत रखते हैं.वे पाटन प्रखंड के नवा जयपुर, शोले, राजहरा, समेत अन्य गांवों का भ्रमण किया.वहीं नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी.

### मझिआंवः नौशाद सेवा सदन का उद्घाटन

**मझिआंव।** गढ़वा-मझिआंव मुख्य रोड स्थित पुराने अस्पताल के समीप नौशाद सेवा सदन का उद्घाटन डॉ यासिन अंसारी ने फीता काटकर किया. इसके पश्चात उन्होंने कहा कि मझिआंव जैसे सुदूर प्रांत में नौशाद सेवा सदन का खुलना मझिआंव के लिए गर्व की बात है. इस सेवा सदन में अनुभवी चिकित्सक जनरल फिजिशियन डॉ इसरार अंसारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ जेबा के द्वारा बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी. इस सेवा सदन में खुल जाने से मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड के लोगों को अन्यत्र जगह जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी.

### पांच थाना प्रभारियों का हुआ तबादला

**लातेहार।** जिले के पांच थाना प्रभारी का तबादला मंगलवार को कर दिया गया. लातेहार अंचल इंस्पेक्टर दुलर चौड़े को बनाया गया. जबकि बालूमाथ के थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बारियातू के थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, हेरहंज के थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया, गारू थाना प्रभारी पारस मणि और नेतरहाट क्षेत्र के थाने प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह को बनाया गया हैं.

## 25 तक नामांकन कर सकेगें प्रत्याशी, 679 मतदान केद्र में 567389 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें

# निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्धः डीसी

- जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8348 है

आशीष टैगोर




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन आसन्न् विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व भयमुक्त संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है. उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव मंगलवार को प्रेस को संबोधित कर रहे थे. उन्होने बताया कि जिले के लातेहार व मनिका विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के पहले चरण में 13 मतदान होगा. उन्होने बताया कि 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जायेगी. नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर को होगी. स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को की जायेगी. नामांकन वापसी की तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है.

उन्होने बताया कि जिले में कुल 679 मतदान केद्र बनाये हैं. इसमें मनिका में 321 और लातेहार विधानसभा में 358 मतदान केंद्र हैं. मनिका के 13 मतदान केंद्र पलामू जिला में अविस्थत हैं. उपायुक्त ने बताया कि मतदान में दोनो विधानसभा क्षेत्रों में 567389 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें. इसमें पुरूषों की संख्या 284673 और महिला मतदाताओं की संख्या 282716 है. उपायुक्त ने बताया कि इस चुनाव में 18 से 19 वर्ष के कुल 30969 वैसे मतदाता हैं. जबकि 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 3515 है. श्री गुप्ता ने बताया कि जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8348 है. सभी मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र बनाया जा चुका है. मतदान में अनुमानित 882 वीवीपैट का इस्तेमाल किया जायेगा. उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र में बूथ एवरनेस ग्रुप (बीएजी) का गठन किया गया है. निर्वाचन की सुचिता बनाये रखने एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए वीडिओग्राफी, वेबकास्टिंग व सीसीटीवी कवरेज की जायेगी. मतदान को 65 से 80 प्रतिशत तक सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. मंगलवार को भी उन्होने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया है.

### आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जायेगाः एसपी

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पत्रकारों को बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है और इसे सख्ती से लागू कराया जायेगा. उन्होंने कोई ऐसा कार्य नहीं करने की अपील की जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन होता हो. एसपी ने कहा कि चुनाव को प्रभावित करने वाले लोगों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस किया जा रहा है. निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है. लाइसेंसी हथियारधारियों की हथियारों का सत्यापन किया जायेगा.

## डीसी ने की विस चुनाव तैयारी की समीक्षा, दिए कई आवश्यक निर्देश

संवाददाता। मेदिनीनगर



कोषांगों के नोडल पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी.

झारखंड में विधानसभा चुनाव के डुगडुगी बज चुकी है. पलामू जिले के विभिन्न पांच विस क्षेत्र में पहले चरण में 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे. इस बीच चुनाव तैयारी को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय सभागार में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने कोषांगवार विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए. उन्होंने कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है. सभी लोगों को एकजुटता के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है, उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपनी देख-रेख में ससमय पूरा करें. उपायुक्त श्री रंजन ने प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी से विभिन्न स्तर के प्रशिक्षण के तिथि की तथा निर्वाचन कोषांग द्वारा अब तक किये गये कार्यों की जानकारी ली.

उन्होंने संबंधित लोगों को मतदानकर्मियों का डाटा बेस तैयार करने, लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने, पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने, वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया.

उन्होंने निर्वाचन, कार्मिक, वाहन,सामग्री, आदर्श आचार संहिता, मीडिया, प्रशिक्षण, प्रेक्षक सहित अन्य कोषांगों का समीक्षा कर कई निर्देश दिए.

उन्होंने अंतर जिला चेकिंग अभियान को सक्रिय करने तथा सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के दौरान 24, 48 व 72 घंटे के प्रोटोकॉल को अनिवार्य रूप से लागू करने पर बल दिया. स्वीप कोषांग को स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के ज़रिए स्वीप के गतिविधियों के संचालन तथा एफएसटी व एसएसटी के टीमों को सक्रियता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया. बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, तीनों एसडीओ समेत विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी मौजूद थे.

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से निखरती है प्रतिभा : भीष्म

संवाददाता। मेदिनीनगर



कार्यक्रम में शामिल अतिथि व समिति के पदाधिकारी.

सदर प्रखंड के कौड़िया पंचायत के तीनकोनिया टोला में यंग जागृति संघ द्वारा दुर्गा पूजा के मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का उदघाटन समाजसेवी भीष्म चौरसिया , जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, सुआ मुखिया दुलारी देवी, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, पंसस अजीत सिंह, उपाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, समाजसेवी उपाध्याय सिंह, शिक्षक रविंद्र सिंह, रामकेरश चौरसिया, झरिवा शिव मंदिर के मुख्य संरक्षक मुकेश कुमार, अजय चौधरी , प्रभु पाल, पूजा समिति अध्यक्ष सुबोध विश्वकर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया. सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकार आर्यन बाबू, नेहा राज, धनंजय शर्मा, प्रियंका सिंह भास्कर ने निमियां के डाल मईया..., मईया दे दी दरसनवा समेत एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया.

कलाकारों के गीत संगीत पर लोग थिरकते नजर आये. मौके पर समाजसेवी भीष्म चौरसिया ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं बल्कि एकता का भी प्रतीक है. सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा निखरती है. वहीं समाज में भाईचारा, एकता बढ़ता है. मौके पर पूजा समिति द्वारा अतिथियों गमछा, फरसा देकर सम्मानित किया गया.

### सम्मान समारोह आयोजित

**कांडी।** प्रखंड के सोहगाडा गांव के दुर्गा पूजा पंडाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. नाट्य कला के सदस्यों ने दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर पूजा समिति के सदस्यों में सभी प्रकार के समाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए, लालजी राम, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, बिरेंद्र राम, सुधीर कुमार रजक, सुरेश राम, अजय राम एवं गौतम गोविंदा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर पूजा ललित बैठा, विश्वनाथ राम, अध्यक्ष नंदकिशोर राम, अजीत गुप्ता, विनोद मिस्त्री, सचिव दया राम, उप कोषअध्यक्ष दिलीप कुमार रजक, नाट्य कला के निदेशक मदन मोहन राम, रघुनी साव, आदि उपस्थित थे.

## स्वयं भी मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें

संवाददाता। लातेहार




आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने पांडेयपूरा पंचायत के मानिकपुर व मुक्का एवं मोंगर पंचायत के मोंगर गांव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया. कहा कि आप खुद भी मतदान करें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें. उन्होंने ग्रामीणों से मतदाता पहचान पत्र की भी जानकारी ली. कहा कि जिनका भी मतदान पहचान पत्र नहीं बना हे वे अपने बीएलओ से संपर्क कर शीघ्र ही मतदाता पहचान पत्र बनवा लें. ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि इस विधानसभा चुनाव में सभी मतदाता मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें. इस बार विधानसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है. सभी की भागीदारी से ही लक्ष्य को हासिल कर मजबूत लोकतंत्र की स्थापना की जा सकती है. उपायुक्त ने तीनो जगहों पर हस्ताक्षर अभियान चलाया. उन्होंने मतदान की शपथ भी दिलायी. कार्यक्रम के दौरान महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने रंगोली बना कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया. मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, जेएसएलपीसी के डीपीएम संतोष कुमार समेंत कई बीएलओ आदि मौजूद थे.

## आस्था

### लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़,जीयर स्वामी ने कहा-

# भगवान की उपासना से मनुष्य को होती है ज्ञान की प्राप्ति

संवाददाता। मेदिनीनगर



महायज्ञ में कथा सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़.

सिंगरा में चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में कथा के दौरान जीयर स्वामीजी महाराज ने कहा कि दत्तात्रेय ऋषि अत्रि और अनसूइया के पुत्र रूप में प्रकट हुए थे. तीनों शक्तियों से समाहित भगवान दत्तात्रेय सर्वव्यापी हैं. उनकी उपासना से मनुष्य को बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति होती है.

शत्रु बाधा दूर करने में भी उनके मंत्र बहुत कारगार माने जाते हैं. उनके मंत्र का निरंतर जाप करने से मनुष्य के जीवम क सिर्फ कष्ट ही दूर नहीं होते, बल्कि अगर आप पितृ दोष के कारण परेशान हैं तो उनका भी समाधान तुरंत हो जाता है और पितृ देव की कृपा प्राप्त होने लगती है और जीवन सुखमय हो जाता है. भगवान दत्तात्रेय ने 24 गुरुओं से शिक्षा ली थी.दत्तात्रेय और उनके गुरुओं की सीख को जीवन में उतारने से हमारी सभी दिक्कतें दूर हो सकती हैं और जीवन में सुख-शांति मिल सकती है. उन्होंने कहा कि सहनशीलता पृथ्वी से सीखें. पृथ्वी अच्छे-बुरे हर प्राणी का भार एकसमान सहन करती है. एकसमय पिंगला नाम की वेश्या थी. दत्तात्रेय ने उससे सीख ली थी कि सिर्फ पैसों को महत्व नहीं देना चाहिए. जब पिंगला के मन में वैराग्य जागा तो उसे समझ आया कि सच्चा सुख पैसों में नहीं, बल्कि परमात्मा के ध्यान में है. एक दिन दत्तात्रेय ने देखा कि कबूतर का जोड़ा जाल में फंसे बच्चों को देखकर खुद भी जाल में फंस गया. कबूतरों के जोड़े से दत्तात्रेय ने यह सीख ली कि बहुत ज्यादा मोह दुःख का कारण है. उन्होंने जीवन में कई चीज देखें और उनसे हर बार एक नई चीज सीखी. हरिद्वार से आए पीठाधीश्वर स्वामी बैकुंठनाथजी महाराज, काशी से आए जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी मुक्ति नारायण, आरा से आए स्वामी अयोध्यानाथजी महाराज श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे हैं. महायज्ञ के तीसरे दिन मंगलवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. शहर सहित आस पास क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव के महिला-पुरुष सुबह से ही परिक्रमा में विधिवत पूजा अर्चना कर रहे हैं. इस दौरान श्रीमन्नारायण, लक्ष्मीनारायण के उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है. सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक यज्ञ हवन हो रहा है.

## शिक्षा परियोजना व कस्तूरबा के कर्मी गये हड़ताल पर

संवाददाता। लातेहार



मंगलवार से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी अपनी मांगो के समर्थन में बेमियादी हड़ताल में चले गये हैं. समाहरणालय के समक्ष हड़ताल में बैठे कर्मियों ने मांगों को पूरा करने के समर्थन में नारेबाजी की. संघ के सचिव सुबोध कुमार चंदेल ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मी पिछले 15 से 20 वर्ष साल से निष्ठापूर्वक सेवा दे रहे हैं. बावजूद इसके राज्य सरकार द्वारा अल्प मानदेय दिया जा रहा है. अल्प मानदेय के कारण अब उनके समक्ष परिवार का भरन पोषण करना मुश्किल हो गया. बच्चों की पढाई बाधित हो रही है. महंगाई सातवें आसमान पर है, ऐसे में जीवन यापन मुश्किल हो गया है. उन्होंने वेतनवृद्धि एवं समूह चिकित्सा भत्ता देने की मांग की और कहा कि परियोजना कर्मियों की सेवा नियमित करने की जरूरत है. श्री चंदेल ने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कर्मियों का 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि व मंहगाई भत्ता, पेंशन की ईपीएफ एवं मेडिकल भत्ता दिया जाना चाहिए. उन्होंने वैसे कर्मी जो दस साल की सेवा दे चुके हैं उन्हें सीधा समायोजन करने की मांग की. कहा कि राज्य सरकार अगर संघ की मांगों पर विचार नही करती है. तो आंदोलन जारी रहेगा.

मौके पर संतोष कुमार, सुरेंद्र भगत, बसंती रीता टोप्पो, उज्जवल कुमार, नीरज कुमार, उत्तम कुमार, नरेश लाल रवि, निकेत कुमार गुप्ता, कामेश्वर सिंह, मनीष प्रधान, वीरेंद्र भगत, सविता टोप्पो, उमेश कुमार, प्रवीण कुजूर व अरूणा लकड़ा समेत काफी संख्या मे परियोजना कर्मी उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### मुखिया ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत सगुना मुखिया श्रीमती मंजू देवी जी के द्वारा पंचायत के विभिन्न गांव में योजना का शिलान्यास किया गया. ग्राम सगुना में जयनाथ राम के घर से पुल तक नाली निर्माण. एवं ग्राम सगुना में नासूरदीन अंसारी के घर के पास पीसीसी पथ निर्माण. ग्राम टंडवा में मध्य विद्यालय में जलमीनार निर्माण एवं टंडवा में सूर्य मंदिर के पास चबूतरा निर्माण ग्राम खरोंधा में हदीश अंसारी के घर के पास पीसीसी पथ निर्माण एवं जगबली मांझी के घर के पास जल मीनार निर्माण एवं राप्ती देवी के घर के पास जलमीनार निर्माण का शिलान्यास किया गया. सगुना मुखिया श्रीमती मंजू देवी जी के द्वारा करवाया जा रहा है.

### राशन गबन की उच्च स्तरीय जांच हो :पवन

**पंडवा (पलामू)।** पंडवा प्रखंड में बीते दिन राशन वितरण नहीं होने की लगातार शिकायतें मिल रही है. पंडवा प्रखंड के लगभग 15 हजार क्विंटल पीडीएस का अनाज का गमन हुआ है.इस मामले को लेकर पवन विश्वकर्मा नेआक्रोश व्यक्त किया. उन्होंने इसके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर आश्चर्य व्यक्त किया. पवन विश्वकर्मा ने कहा कि कार्डधारियों का आरोप है बिल्कुल सत्य है. क्योंकि लाभुकों को कई महीनों से राशन नहीं मिला है.

### छात्रों दल ने किया रातू राजमहल का भ्रमण

**मेदिनीनगर।** भारतीय संस्कृति और परम्परा से संचालित हो रहे कुंदरी स्थित विवेकानंद विद्या मंदिर के दस छात्र एवं एक शिक्षिका रांची के विवेकानंद विद्या मंदिर में प्रशिक्षण प्राप्त करने गये हैं. इन सभी छात्रों का रांची के विवेकानन्द विद्या मंदिर के छात्र एवं ऑब्जर्वर किरण द्विवेदी ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष तिलक वंदन, पुष्प वर्षा एवं आरती कर स्वागत किया. इससे पहले रांची जाने के क्रम में छात्रों ने रातू महाराज के महल का म्यूजियम, चिड़ियाघर देखा. मौके पर छोटे राजकुमार अभिरित व रानी दीदी से भी भेंट कर श्रीमद्भागवत गीता भेंट किया.

### हम सबों के प्रेरणास्त्रोत हैं डॉ. कलामः शफीक

**मेदिनीनगर।** पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी. कार्यक्रम की शुरुआत उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गयी. इस मौके पर बच्चों ने 'हमें न हिंदू न मुसलमान चाहिए, इस देश को डॉ. कलाम जैसा इंसान चाहिए' गाना प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में बच्चों को डॉ. कलाम के जीवन से जुड़ी जानकारियां देकर उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया. संस्थापक मो शफीक अंसारी ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन मातृभूमि के लिए समर्पित था.

### मझिआंव में नये बीडीओ ने किया प्रभार ग्रहण

**मझिआंव।** प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में योगदान दिया. इसके पहले बीडीओ सतीश भगत से उन्होंने प्रभार लिया. जिसमें पूर्व बीडीओ सतीश भगत, सीओ प्रमोद कुमार सहित नए प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमति कनक जो प्रखंड के 49वें बीडीओ के रूप में योगदान दीं हैं, उन्हें बुके, कलम-डायरी एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया. मौके पर पूर्व बीडीओ ने कहा कि यहां हमें मात्र दस माह के कार्य अवधि में प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मचारियों के द्वारा काफी स्नेह-प्यार मिला जिससे पता ही नहीं चला कि कब समय बीत गया.

# विस चुनाव को लेकर जिला प्रशासन तैयार : उपायुक्त

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार की देर शाम प्रेस वार्ता की. इस दौरान उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के तहत चुनाव कार्यक्रम घोषणा के अगले 24 घंटे, 48 घंटे व 72 घंटे के अंदर अनुपालन किए जाने वाले कार्यो को तत्परता से पूरा करने का निर्देश दिया है. इसके तहत सरकारी भवनों, टॉवर आदि से राजनीतिक प्रचार के सामग्री हटाने का कार्य शामिल है. उन्होंने बताया कि गत लोकसभा चुनाव में जिले में दो जगह पर वोट बहिष्कार का मामला सामने आया था परंतु जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इसे प्रोत्साहित किया



जानकारी देते डीसी व एसपी.

गया था. शांति और निष्पक्षता के साथ चुनाव कराने के लिए गठित करीब 15 कोषांगों को आवंटित कार्यों को भी तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है. पलामू के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण में चुनाव कराए जाने हैं. इसके लिए अधिसूचना 18 अक्तूबर को जारी की जाएगी जबकि नाम वापसी की कार्यवाही 30 अक्तूबर को पूरी करते हुए चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया जाएगा. निर्वाची पदाधिकारी और सह-निर्वाची पदाधिकारी के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. चुनाव आयोग की ओर से पांच विधानसभा क्षेत्र के लिए पांच आब्जर्वर भी आएंगे. चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन संकल्पित है. डीसी श्री रंजन ने कहा कि चूकि एक चरण में ही जिले के सभी पांच विस क्षेत्र में चुनाव है, जो बड़ी चुनौती है लेकिन इसे लोकसभा आमचुनाव की तरह मिलकर संपन्न करा लिया जाएगा. इस वर्ष 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए उनके घर पर मतदान कराना भी बड़ी चुनौती होगी.

### मतगणना समाप्ति तक लागू हुई निषेधाज्ञा

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पलामू में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है. इधर सदर एसडीओ सुलोचना मीना ने भी आज से संपूर्ण अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है. इस दौरान किसी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. यह निषेधाज्ञा शव यात्रा, शादी विवाह व मांगलिक कार्य पर लागू नहीं होगा. कोई भी दल, अभ्यर्थी या उनके सहयोगी सुबह 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक अनुमंडल कार्यलय की पूर्वानुमति से ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल कर सकेगा. उक्त समय सीमा के बाहर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा. उपर्युक्त शर्त मंदिर,मस्जिद, गुरुद्वारा या धार्मिक स्थलों पर लागू नहीं होगी. मंदिर मस्जिद गिरजाघर, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थल पर से निर्वाचन के प्रचार को प्रतिबंधित रखा गया है. किसी सार्वजनिक / सरकारी सम्पति या किसी व्यक्तिगत सम्पति पर नारा लिखना, पोस्टर पम्पलेट साटना, झंडा टांगना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना, तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध रहेगा .किसी भी उम्मीदवार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना है जिससे किसी धर्म व सम्प्रदाय की भावना को ठेस पहुंचे.

## मतदाता निर्भीक होकर मतदान केंद्र तक आएं, मिलेगी सुरक्षा : एसपी

# आदर्श आचार संहिता लागू 13 नवंबर को मतदान: डीसी

**संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड विधानसभा आमसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई. इसे लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई. इस मौके पर उन्होंने निर्वाचन संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई. इसके अंतर्गत प्रथम चरण के तहत मतदान प्रक्रिया के लिए 18 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी होगा. जिसके बाद नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी और 25 अक्टूबर 2024 तक चलेगी. नामांकन की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर 2024 को होगी. नामांकन वापस लेने के लिए अभ्यर्थी के पास 30 अक्टूबर 2024 तक का समय रहेगा. मतदान 13 नवंबर 2024 होंगे. मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगा. आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए पूरी तैयारी की गई है. जगह-जगह चेकपोस्ट पर एसएसटी की टीम मौजूद रहेगी और एफएसटी टीम द्वारा मामला संज्ञान में आने पर कार्रवाई की जाएगी. सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित रिपोटिंग भी की जा सकेगी. मतदाता सुविधा के लिए कई मोबाईल एप की सुविधा दी जाएगी.



प्रेस को संबोधित करते उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक.

### कुल 3 लाख 74 हजार 241 मतदाता

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला में कुल 428 मतदान केंद्र हैं जिनमें 72–लोहरदगा क्षेत्र में 324 और 69–बिशुनपुर (अंश) में 104 मतदान केंद्र हैं. कुल मतदाता 3 लाख 74 हजार 241 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 89 हजार 774 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 84 हजार 467 है. साथ ही 72–लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 87 हजार 145 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 45 हजार 848 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 41 हजार 297 है. 69–बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 87 हजार 96 है जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 43 हजार 926 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 43 हजार 170 है. इस बीच मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. बुजुर्ग मतदाता जो इच्छुक होंगे उन्हें घर से ही मतदान करने के लिए जिला प्रशासन सुविधा देगी. मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी. इसके लिए पदाधिकारियों को आवशक निर्देश दिये गये हैं.

- 18 से 25 अक्टूबर तक होगा नामांकन
- नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर
- 30 अक्टूबर को नाम वापसी
- 13 नबंवर को मतदान
- 30 नबंवर को मतगणना

### सुरक्षा के पूरे इंतजाम-एसपी

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सुरक्षा के पूरे इंतजाम मतदाताओं के लिए रहेंगे. आवश्यकतानुसार फोर्स की तैनाती रहेगी. आवश्यकतानुसार बूथ की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लिये जायेंगे. लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण रहा था. इस बार भी जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है. जिला प्रशासन की अपील है कि मतदाता निर्भीक होकर मतदान केंद्रों तक आएं और मतदान करें. प्रेस कॉन्फ्रेंस में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे.

### दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण समापन पर दी बधाई

**भवनाथपुर।** श्री बंशीधर नगर डीएसपी सतेन्द्र नारायण सिंह ने भवनाथपुर में इस वर्ष दुर्गा पूजा के सफल और शांतिपूर्ण समापन पर थाना प्रभारी सहित पुलिस बल, बुद्धिजीवियों और गणमान्य व्यक्तियों को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि इस आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने में सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे नगर में शांति और सद्भाव बना रहा. डीएसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास तैयारी की गई थी. विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े. मौके पर डीएसपी ने स्थानीय लोगों की सक्रियता की सराहना की.

### अधिकारियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

**लातेहार।** आसन्न झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव के सफल संचालन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के दृष्टिगत सभी कोषांग आपसी समन्वय के साथ अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने की दरकार है. उन्होने सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही.

# विश्रामपुर विधायक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**संवाददाता। कांडी**

प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को वर्तमान विधायक के खिलाफ बाप बेटा हटाओ, विश्रामपुर विस बचाओ, बैनर तले विरोध मार्च निकाला गया. विधायक से छुब्ध भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने यह विरोध मार्च निकाला. विरोध मार्च में शामिल दर्जनों लोगों ने हाथों में वैनर लिए पेट्रोल पम्प से कर्पूरी चौक तक यह विरोध मार्च निकाला. विधायक का विरोध कर रहे लोगों ने कर्पूरी चौक पर कहा कि आज विश्रामपुर विस के सातों प्रखण्ड में स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी तथा उनके पुत्र ईश्वर सागर चंद्रवंशी के विरुद्ध आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया गया. कार्यकर्ताओं का कहना था कि बाप-बेटा दोनों का कहना है कि पार्टी का सिंबल हमारे पॉकेट में है. इसलिए इन दोनों को छोड़कर भाजपा जिन्हें भी टिकट देगी, हम लोग जोरदार तरीके से विजय बनाने का काम करेंगे और अगर इन्हें टिकट देती है तो हम सभी अपना वोट नोटा में डालेंगे और इनका समर्थन नहीं करेंगे. इस प्रकार भाजपा को विश्रामपुर विस से हार का सामना करना पड़ सकता है. मौके पर विनोद ओझा, सत्येन्द्र चौबे, प्रिंस कुमार, वेद प्रकाश शर्मा, प्रकाश कुमार, राजेश गुप्ता, संतोष यादव, गुड्डू यादव, कमलेश यादव, पिंटू राम, अजय कुमार, संजय गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे.

## जिला प्रशासन ने किया विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियां तेज

# मतदाताओं को नहीं हो परेशानी: डीसी

**संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर सभी कोषांगों के वरीय, नोडल और प्रभारी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई. इस बैठक में सभी कोषांगों को दिये गये दायित्वों को पालन करने का निदेश दिया गया.साथ ही, निर्वाचन को त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए सभी कोषांगों की भूमिका पर चर्चा की गई. पोस्टल-बैलेट कोषांग को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराते समय निश्चित रूप से एपिक कार्ड मतदाता द्वारा प्रस्तुत कराना सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया. प्रशिक्षण कोषांग को त्रुटिहरित और प्रत्येक बिंदु का प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं उत्पन्न हो. पीठासीन पदाधिकारी समेत सभी मतदान पदाधिकारियों को बेहतर



प्रशिक्षण का निदेश दिया गया. मतदान के दौरान मतदाताओं के पंक्ति, कतार का बेहतर प्रबंधन किये जाने का निर्देश दिया गया. सभी मतदान केंद्रों में एएमएफ सुनिश्चि करने, साइनेज सुनिश्चित किये जाने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिये गये. मॉडल बूथ में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सुविधाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया. प्रत्याशियों के नामांकन व स्क्रूटनी में विशेष सावधानी का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया. उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर द्वारा सभी कोषांग के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों व बिंदुवार जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई. आदर्श आचार संहिता के दौरान पहले चौबीस, अड़तालीस व बहत्तर घंटे में की जानेवाली कार्रवाई, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, प्रशिक्षण, एफएसटी, वीएसटी के कार्य, मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं व उनकी रिपोर्टिंग समेत अन्य जानकारी दी गई. बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय समीर कुमार तिर्की समेत कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, आईटी कोषांग, स्वीप कोषांग, कानून एवं व्यवस्था, व्यय निगरानी कोषांग,बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट तथा ईटीपीबीएस कोषांग आदि से संबंधित पदाधिकारी शामिल थे.

## हुई बैठक

## स्टार सिंगर धनेश कुमार के नेतृत्व में कलाकारों का होगा जमावड़ा, अध्यक्ष हुसैन अंसारी बोले

# एक नवंबर को सेमरडीह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**संवाददाता। किस्को/लोहरदगा**

युवा प्रगति झनकार सेमरडीह खरकी पंचायत के तत्वावधान में एक नवंबर को रात्रि में सेमरडीह जतरा टांड़ में भव्य सांस्कृतिक नागपुरी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी गोवर्धन प्रजापति ने किया, बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत खरकी क्षेत्र वासियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर हुसैन अंसारी और महासचिव प्रकाश नायक को चुना. इसी तरह उपाध्यक्ष अनिल भगत, अर्जुन कच्छप, अशोक कुजूर, छोटू राजा और राजू उरांव को बनाया गया. जबकि सचिव के पद पर बजरंग गोप, अबुजफर



इकबाल, तेवारी भगत, बाबूलाल नगेसिया, मुन्ना माइकल एवं कोषाध्यक्ष पद पर संतोष मांझी व नसीम अंसारी को जिम्मेदारी सौंपी गई. सह सचिव पद पर ओमप्रकाश साहू, नागेश्वर सिंह, उमेश यादव, चंदेश्वर टाना भगत, देवधन नायक को बनाया गया. संरक्षक के पद पर मुखिया चांदमनी उरांव, पंचायत

### खास बातें

- नागपुरी, आधुनिक, फिल्मी, भोजपुर गीतों से बांधेंगे समां
- डीके म्यूजिकल्स नागपुरी आर्केस्ट्रा बैंड ग्रुप होगी शामिल

समिति सदस्य मुसर्रत नाज, उप मुखिया सुनीता उरांव, सभी वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान, पाहन और पुजार के अलावा पूर्व प्रमुख मुनीलाल उरांव, अबुशमा प्रवेज, गोवर्धन प्रजापति, डॉ पप्पू कुमार, मुन्ना टाना भगत, एतवा भगत, विनोद उरांव, जीतेंद्र साहू, लक्ष्मण टाना भगत, पंचम नगेसिया, मास्टर आशीष कुजूर, खुदी मांझी, मास्टर गोपाल भगत,सीताराम भगत, मंगल टाना भगत, नंदन महतो, ललन नायक, रामदयाल उरांव, केंवरा सिंह, जतरू महली, गायक रघु जी, गुलाम बिरहोर, करमदयाल लोहरा, नागेंद्र यादव, योगेन्द्र सिंह, बहादुर कच्छप, फिलीप टोप्पो, जयमन गोप, भूषण भगत, लालू भगत, बसंत तुरी, जम्हीर अंसारी, कैलाश साहू, अली अंसारी, बलकू लोहरा, फुलसहाय भगत, नासीर अंसारी, सुधन भगत, तेवारी उरांव, महावीर उरांव को बनाया गया है. वहीं कार्यकारिणी एक्टिव सदस्य के रूप में सेमरडीह गांव के युवाओं के अलावा पूरे खरकी पंचायत के प्रत्येक गांव और टोला मुहल्ला से 10 युवाओं को कार्यक्रम की सफलता हेतु जिम्मेदारी दी गई है.

### इन दिग्गज कलाकारों की टीम का रहेगा जलवा

सेमरडीह में आयोजित नागपुरी आर्केस्ट्रा बैंड कार्यक्रम में मास्टर धनेश कुमार के नेतृत्व में मुख्य रूप से झारखंड के प्रसिद्ध नागपुरी गायक मजबूल खान, निशा कुमारी, बिंदेश्वरी देवी, लीजा ललिता, पूजा विश्वकर्मा, मंगल और आशीष उर्फ कटप्पा के द्वारा अपने सुरीली आवाज से समां बांधेंगे. वहीं मशहूर डांसर तान्या सिंह, वंदना रानी, मुस्कान व अन्य के द्वारा अपनी बेहतरीन अदाकारी को प्रस्तुत किया जाएगा.

### आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया

इधर कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति के अध्यक्ष हुसैन अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सांस्कृतिक नागपुरी आर्केस्ट्रा बैंड कार्यक्रम सह मेला प्रोग्राम में झारखंड के स्टार सिंगर मास्टर धनेश कुमार के नेतृत्व में डीके म्यूजिकल्स नागपुरी आर्केस्ट्रा बैंड ग्रुप झारखंड के कलाकारों द्वारा सेमरडीह छेछरा नवाडीह मैदान स्थित जतरा टांड़ में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक नागपुरी प्रोग्राम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी.

## न्यूज अपडेट

### लोहरदगा मंडल कारा के बंदियों की स्वास्थ्य जांच



**लोहरदगा।** कारा मंडल लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें कारा मंडल में बंद बंदियों का एचआईवी, टीबी, एसटीआई, सिफलिस और हेपेटाइटिस का जांच किया गया. शिविर में सदर अस्पताल और एचएलएफपीपीटी रांची की टीम उपस्थित रही. टीम में आईसीटीसी काउंसलर सदर अस्पताल अर्चना प्रसाद, प्रयोगशाला प्रावैधिक आईसीटीसी सदर अस्पताल मो. आबिद, रीना कुमारी, रीना कुमारी, लोहरदगा के समीर टोप्पो, आरटीआई एसटीआई काउंसलर सदर अस्पताल बिंदेश्वर भगत, जेएसएम के पीएमटीआईएनजीओ अमृता कुमारी, एचएलएफपीपीटी रांची के प्रिजन कोऑर्डिनेटर नंदिनी सिंह, स्टेट मॉनिटरिंग एवुलेशन कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार, आकाश प्रजापति उपस्थित रहे.

### स्कूलों में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



**लोहरदगा।** आगामी विस चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु जिले के विभिन्न स्कूलों एवं पुस्तकालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिनमें विशेष रूप से जिले के स्विप कोषांग टीम के द्वारा कस्तूरबा मध्य विद्यालय लोहरदगा, राज्यकृत प्लस टू चुन्नीलाल उवि एवं विज्ञान भवन में स्थित पुस्तकालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया गया. स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को अपने घर के बड़े जनों एवं आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु अपील की गई, एवं उनसे अपील किया गया कि जिनके वोटर कार्ड अभी तक नहीं बना है वह कृपया अपने नजदीकी बीएलओ दीदी एवं ऑनलाइन आवेदन करें साथ ही जिनका वोटर कार्ड नहीं है तो भी वे 13 प्रकार के पहचान पत्र के माध्यम से भी वोट दे सकते हैं.

### पोस्टर व बैनर हटाने का काम शुरू किया



**लातेहार।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उपायुक्त ने 24 घंटे के अंदर सार्वजनिक स्थानों पर लगी राजनैतिक संगठनों और उनके नेताओं की पोस्टर बैनर व अन्य प्रचार सामग्रियों को हटाने का निर्देश दिया है. उपायुक्त ने सभी राजनैतिक पार्टियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने बात कहीं. इधर, नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मियों ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों एवं मार्गों से राजनैनिक दलो के पोस्टर व बैनर को हटाने का काम शुरू कर दिया है. रंजन ने कहा कि नगर पंचायत कर्मी इस कार्य में लगे हैं. ज्ञात हो कि मंगलवार को झारखंड विधान सभा चुनाव की तिथि का एलान चुनाव आयोग द्वारा कर दी गई. सूबे में दो चरणों में चुनाव संपन्न होंगे.

### आज से 24वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के मेजबानी में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में 11 बजे डीसी शेखर जमुआर करेंगे. इसकी जानकारी देते हुए संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए 12 कमेटी बनाई गई है. कमेटी के सभी लोग अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मंगलवार को राज्य के विभिन्न जिलों से 125 खिलाड़ी आ रहे है. गढ़वा के 35 खिलाड़ी भाग लेगे. उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को रहने के लिए टाउन हॉल, बंधन मैरिज हॉल और महिला आश्रय गृह में व्यवस्था की गई है. गढ़वा को एक बड़ी जिम्मेवारी मिली है उस जिम्मेवारी को सभी लोगों को मिलकर बेहतर तरीके से पूर्ण करना है.

### ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कमी नहीं : रोहित



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के कुरसे फुटबॉल मैदान में आयोजित चार दिवसीय शहीद शेख भिखारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका समापन मंगलवार को हुआ. प्रतियोगिता के समापन समारोह में लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव एवं अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल शामिल हुए. प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सीएम अरसलान बनाम नगड़ी थाना के बीच मैच खेला गया. जिसमें मैदानी खेल में नगड़ी थाना की टीम ने सीएम अरसलान को 2–0 से पराजित कर प्रतियोगिता का विजेता टीम बनी.

### सिमडेगा : ठेंगडी रोजगार मेला 2024 का आयोजन



**सिमडेगा।** ठेंगडी रोजगार मेला 2024 का आयोजन जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा के तत्वावधान में एसएस हाई स्कूल कोलेबिरा में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ. इस मेले में कुल 12 कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें 6 स्थानीय कंपनियां और 6 बाहरी कंपनियां शामिल थीं.स्थानीय कंपनियों द्वारा कुल 350 रिक्तियों की पेशकश की गई.बाहरी कंपनियों ने 950 रिक्तियों के अवसर प्रदान किए. इस आयोजन ने क्षेत्र के लोगों में रोजगार के प्रति बड़ा उत्साह उत्पन्न किया. कार्यक्रम को लेकर प्रतिभागियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गई. भविष्य में इस प्रकार के मेलों को प्रखंड स्तर पर आयोजित करने की योजना को भी प्रोत्साहन मिला है. इस तरह के रोजगार मेलों से न केवल युवाओं को उपयुक्त नौकरी के अवसर मिलते हैं, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास और कौशल उन्नयन में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है.

### डालटनगंज विस सीट से झामुमो को मिले मौका



**मेदिनीनगर।** स्थानीय शिवाजी मैदान में मंगलवार को डाल्टनगंज विस क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की जनसमर्थन सभा सह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ. जनसमर्थन सभा में सभी लोगों ने एक स्वर में डाल्टनगंज विस सीट से झामुमो प्रत्याशी की मांग की. इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन राजेंद्र सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया. वहीं पार्टी कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा का भव्य स्वागत किया. वक्ताओं ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन द्वारा चलाई जा रही कई जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से पलामू जिले की जनता बहुत खुश है. वर्तमान में पलामू प्रमंडल के गढ़वा व लातेहार जिले में पार्टी के एक-एक विधायक हैं.

### दुर्गा जौहरी को गिरफ्तार करे पुलिस प्रशासन : रूचिर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महुगावां गांव निवासी अक्षय कुमार पांडे पिता श्रवण कुमार पांडे व अक्षय कुमार के बहन के साथ मारपीट व अभद्र व्यवहार को लेकर पलामू जिला पुलिस प्रशासन भाजपा नेता दुर्गा जौहरी, उनके भाइयों हुआ इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करे. यदि ऐसा नहीं होता है तो सर्व ब्राह्मण विकास समिति शहर थाना का घेराव करेगी. उक्त बातें समिति के संरक्षक रुचिर तिवारी ने कही. उन्होंने कहा कि बाजार जाने के क्रम में स्कूटी एवं चार पहिया वाहन में थोड़ा टक्कर हो गया. इसके बाद मामला सलटने के बाद दुर्गा जौहरी, उसके भाइयों व गुंडो ने अक्षय कुमार पांडे एवं उनकी बहन के साथ भरे बाजार में मारपीट किया. महिला जो अपने भाई को बचाने आगे आ रही थी उसके साथ भी मारपीट की गई. यह अभद्रतापूर्ण व्यवहार बड़े अपराध की श्रेणी में आता है, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी है. उन्होंने कहा कि यह घटना भाजपा नेता के चरित्र और उसके गुंडे होने की स्थिति को दर्शाता है.

### शांति किरण छात्रवृति योजना की घोषणा

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मयूरहंड प्रखंड की दो छात्राओं को प्रति माह 1000 रुपये देने की घोषणा शांति किरण छात्रवृत्ति योजना के तहत की गई. बताते चलें कि माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन झारखंड से मैट्रिक परीक्षा में छात्राओं के समूह में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर दो छात्राओं को इंटर करने तक प्रति छात्रा 1000 रुपये प्रति माह एवं ग्रेजुएशन करने तक प्रति छात्रा 1500 रुपये प्रति माह शांति किरण (निजी संस्था ) द्वारा दिये जाते हैं. इस वर्ष सिमरन कुमारी, पिता अक्षय कुमार राम, ग्राम कदगावां कला (442 अंक) एवं रीना कुमारी, पिता बाबूलाल दांगी, ग्राम परोरिया (392 अंक) को उक्त योजना का लाभ मिला है. इस योजना की शुरुआत इटखोरी प्रखंड की दो बहन स्वाति सिंह, रेशु सिंह एवं भाई आभास सिंह द्वारा सन 2021 में की गई थी. यह कार्यक्रम सिर्फ माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन झारखंड में ही संचालित है. अभी तक लगभग दर्जनों छात्राओं को लाभ पहुंचाने का कार्य उक्त तीनों भाई बहन ने किया है.



## सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र में दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन

# 373 नवआरक्षकों ने ली देश सेवा की शपथ

संवाददाता। हजारीबाग

सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र से हजारीबाग की देश भर में पहचान है. यहां विदेशों से भी सेना के पदाधिकारी और जवान ट्रेनिंग लेते हैं. मंगलवार को 373 नवआरक्षकों ने ट्रेनिंग पूरी कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए. अब ये जवान देश सुरक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे.

बता दें कि हजारीबाग के बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र एवं स्कूल के रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में मंगलवार को दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में कुल 373 नवआरक्षकों ने देश सेवा की शपथ ली. इस दौरान भव्य पारंपरिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया एवं भारत माता की जय के नारे के साथ नवआरक्षकों ने देश की अखंडता, एकता के लिए तिरंगे के नीचे शपथ ली. 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन के साथ नवआरक्षकों ने बुनियादी प्रशिक्षण पूरा किया. दीक्षांत परेड में बैंड की धुन पर कदम से कदम ताल मिलाकर जवानों ने परेड किया. वहीं दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महानिरीक्षक केएस बनियाल ने सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया. इस मौके पर हजारीबाग और आसपास के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित हुए और परेड का आनंद उठाया. इस मौके पर महानिरीक्षक केएस बनियाल ने नवआरक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आज इस दीक्षांत परेड के बाद औपचारिक तौर पर सीमा सुरक्षा बल जो भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है उसके सदस्य बन गए हैं. बीएसएफ में कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रथम कदम रखने जा रहे हैं. उन्होंने नवआरक्षकों के माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि आपने सपूतों को सीमा सुरक्षा बल में भेजकर जो महत्वपूर्ण योगदान दिया है इसे कभी भुला नहीं जा सकता है.

### 44 सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा

44 सप्ताह के प्रशिक्षण में देश के कोने-कोने से नवआरक्षक शामिल हुए. जिसमें पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु सहित कई राज्यों से जवान पहुंचे थे. प्रशिक्षण के बाद सभी जवान अब बीएसएफ के अंग बन पाए हैं. प्रशिक्षण के दौरान जवानों को हथियार चलाना, विभिन्न कानून की जानकारी, अंतरराष्ट्रीय कानून की जानकारी, मानवाधिकार, आतंकवाद, उग्रवाद से निपटने का भी प्रशिक्षण दिया गया. इसके अलावे खेलकूद और सामाजिक गतिविधि में हिस्सा लेने की भी इन्हें प्रशिक्षण दिया गया.

## मोटी कमाई के लालच में इंसानों की जिंदगी से खेल रहे हैं व्यापारी

# नये आलू के नाम पर 'जहर' का सेवन तो नहीं कर रहे आप

- तेजाब व केमिकल से तैयार नया आलू बाजार में उपलब्ध

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

आपदा में अवसर तलाशने की पुरानी परंपरा व्यवसायियों की रही है. भले ही इसके लिए जान देनी पड़े या लेनी पड़े, तैयारी पूरी होती है. कम लागत पर ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए व्यवसायी कुछ भी करने को तैयार रहते हैं. चंद पैसों के लालच में इंसान को 'जहर' खिलाने भी संकोच नहीं करते हैं. इसका ताजा उदाहरण बरसात खत्म होते ही बाजार में उपलब्ध नया आलू है. व्यवसायी पुराने आलू को तेजाब के साथ पीला रंग और मिट्टी और बालू में रगड़ कर नया आलू बना रहे हैं.

तेजाब में आलू धोने के बाद उसकी ऊपरी परत खुलने लगती है. इसी परत पर मिट्टी का लेप लगाकर या रगड़ कर उसे मिलाने और फिर सुखाने के बाद नया बताकर बाजार में उतर जा रहा है. यह आलू 60 किलो के हिसाब से बाजार में उपलब्ध है. यह खेल केवल हजारीबाग में नहीं, बल्कि राज्य के विभिन्न जिलों में सितंबर माह से नये आलू की बिक्री की जा रही है. पुराने आलू को नया बनाकर बेचने का यह खेल बारिश के अंत में शुरू होता है. यह ऐसा समय होता है जब बाजार में हरी सब्जियां कम होती हैं. ऐसे में व्यापारी पुराने आलू को नया बनाकर बेच रहे हैं.



### किस तरह तैयार किया जाता है नया आलू

व्यापारी आलू को स्टोरेज से निकालकर उसे छांव में सुखाया जाता है. फिर जमीन खोदकर उसमें पानी भरा जाता है और फिर आलू डाल दिया जाता है. इसके बाद उस गड्ढे में पीली मिट्टी या लाल मिट्टी घोली जाती है. इसमें अभ्रक युक्त बालू वाली मिट्टी डाली जाती है. अंत में आलू की मात्रा के अनुसार इसमें तेजाब डाला जाता है. फिर इसे अच्छी तरह से बांस की लकड़ी की मदद से मिलाया जाता है. तेजाब डालने के कारण आलू की ऊपरी परत झुलस जाती और अंदर का गुदा दिखने लगता है. इस दौरान आलू के ऊपरी परत पर मिट्टी और बालू लगा दिया जाता है. पानी से बाहर निकाल कर सुतली की बोरी पर रखकर अच्छी तरह से रगड़ कर आलू को साफ किया जाता है. रगड़ खाने के बाद मिट्टी पुरी तरह आलू से मिल जाती है और उसकी ऊपरी परत छिलकर बाहर दिखने लगती है. यहीं नया आलू का भ्रम पैदा कर देता है. इसके बाद उसे सुखाकर मंडियों में भेज दिया जाता है और मोटी कीमतों पर बेचा जाता है. ऐसे में जानकारों का कहना है कि इस नए आलू से लोगों को परहेज करना चाहिए. यह सेहत के लिए ठीक नहीं है.

### क्या कहते हैं चिकित्सक

चिकित्सकों के अनुसार, नकली आलू, जिसे नया बताकर बेचा जाता है, लीवर और किडनी के लिए बेहद ही खतरनाक होता है. जब कृषि विभाग से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने लोगों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि इस वक्त बाजार में नये आलू का आना संभव नहीं है. अगेती किस्म के आलू की बुआई 15 सितंबर के आस-पास की जाती है. इसे तैयार होने में कम से कम 60 दिनों का समय लगता है. ऐसे में नया आलू 15 नवंबर या छठ के आसपास ही आता है. हजारीबाग में इचाक का क्षेत्र आलू का हव है और यहां भी इस वक्त नया आलू आना संभव नहीं है. इचाक का आलू नवंबर के प्रथम सप्ताह में बाजार में आता है. यहां भी आलू पानी के कारण नुकसान में है. हजारीबाग ही नहीं, पूरे राज्य में नया आलू के नाम पर तेजाब वाला आलू बेचा जा रहा है. इस संबंध में डॉक्टर अमर कुमार ने बताया कि इस टाइप की केमिकल वाली साग सब्जी एवं आलू खाने से लोगों को परहेज करना चाहिए. इसके सेवन करने से हार्ट अटैक लीवर, पेट दर्द एवं कैंसर जैसी कई बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है.

## उपायुक्त ने की विस चुनाव तैयारी की समीक्षा

# टीम वर्क से ही होगा विस चुनाव का सफल संचालन

संवादाता। चतरा

झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है. जिले के दोनों विस क्षेत्र चतरा और सिमरिया में पहले चरण में 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे. इस बीच चुनाव तैयारी को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह छात्र उपायुक्त रमेश घोलप ने समाहरणालय सभागार में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. इस दौरान वे कोषांगवार विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए. उन्होंने कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है. सभी लोगों को एकजुटता के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है, उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपनी देख-रेख में ससमय पूरा करें.

### चुनाव तैयारियों की समीक्षा की गई

**केरेडारी।** विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही प्रखंड प्रशासन सक्रिय हो गया है. प्रखंड और अंचल के पर्यवेक्षकों, कर्मियों के साथ अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य से संबंधित विषयों पर समीक्षा की गई, जिसमें आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन, मतदान केंद्र पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था, मतदाताओं के बीच मतदान हेतु प्रचार प्रसार, स्वीप गतिविधियों का संचालन, मतदाता सूची में छुटे हुए योग्य मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रप्रत्र 6 प्राप्त करना सहित अन्य विषयों की जानकारी दी गई.

### भोजन एक बुनियादी मानव अधिकार : डॉ. सुधांशु

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय महिला किसान दिवस एवं विश्व खाद्य दिवस के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ के वरीय वैज्ञानिक डॉ सुधांशु शेखर, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय वर्षाश्रित उपरी भूमि चावल अनुसंधान केंद्र, हजारीबाग के वैज्ञानिक डॉ विभास चंद्र वर्मा, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा व कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने की. मुख्य अतिथि सुधांशु शेखर ने अपने संबोधन में कहा कि भोजन का अधिकार एक बुनियादी मानव अधिकार है. यह बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए अहम है. उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बीते एक दशक से भी अधिक समय से भूख के खिलाफ लड़ाई में प्रगति आई है.



## न्यूज अपडेट

### छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**पत्थलगड़ा।** 2 जनता उच्च विद्यालय पत्थलगड़ा के आठवीं कक्षा के छात्र - छात्राओं के बीच मंगलवार को साइकिल का वितरण किया गया. कल्याण विभाग द्वारा उन्नति का पहिया योजना कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड परिसर में विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के 123 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया. इसमें छात्रों के बीच 81 व छात्राओं के बीच 42 साइकिल का वितरण किया गया है. इन बच्चों को बीते आठ अगस्त को ही साइकिल मिलना था पर साइकिल उपलब्ध नहीं होने के कारण इन बच्चों को साइकिल नहीं मिल सका था.

### मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक का आयोजन

**रामगढ़।** छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में मंगलवार को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी कॉलेज के नोडल पदाधिकारी व कैंपस एम्बेसडर के साथ स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रामगढ़ इंदु प्रभा खलखो की अध्यक्षता में बैठक हुई. सभी महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारियों को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों में चार- चार वॉलिंटियर एवं दो कैंपस एंबेसडर का चयन करने का निर्देश दिया गया. बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा आदि उपस्थित रहे.

### पीवीयूएनएल ने उत्साह के साथ मनाया रेसिंग डे

**रामगढ़ ।** पीवीयूएनएल ने अपने 10वें रेसिंग डे को बहुत ही उत्साह और गर्व के साथ मनाया. कार्यक्रम की शुरुआत पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह के प्रेरणादायक भाषण से हुई. इसके बाद कंपनी की सफलता के एक और वर्ष का जश्न मनाने के लिए केक काटा गया. सीईओ ने सभी कर्मचारियों के प्रति अपनी आभार व्यक्त किया जिन्होंने संगठन की वृद्धि और सफलता के लिए निरंतर मेहनत की. इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के बीच ट्राईसाइकिल का वितरण और पौधरोपण किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुख, जीएम, एनईएपी प्रतिनिधि, कर्मचारी, संविदा श्रमिक और अन्य स्टाफ शामिल हुए.

### ईसीआरकेयू ने बरकाकाना में की गेट मीटिंग



**रामगढ़।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने मंगलवार को बरकाकाना स्थित पी डबल्यू आई डिपु पर गेट मीटिंग कर रेलकर्मियों से मुलाकात की. उनके साथ एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, वरीय सदस्य सरयू प्रसाद, पीडब्ल्यूआई संजय कुमार, डीके मौईत्रा, डी के नायक, रिशभ, प्रमोद उपाध्याय, संजय कुमार, जशिन्ता, जीतेन्द्र, राकेश रंजन सिंह, बैजनाथ सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे.

### दुलमी प्रखंड के बीडीओ का किया गया स्वागत

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड में मंगलवार को नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा का स्वागत किया गया. प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में सभी बीस सूत्री सदस्यों ने नए बीडीओ को पौधा भेंट किया. इस मौके पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि नये बीडीओ के नेतृत्व में प्रखंड में विकास की गति तेज होगी और वे सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. वहीं बीडीओ ने अपने संबोधन में सभी को धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि प्रखंड के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा.

### सहायक तकनीकी प्रबंधक को भावभीनी विदाई

**कुंदा(चतरा)।** प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय के समीप कृषि सूचना केंद्र में मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित कर प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सह सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार को भावभीनी विदाई दी गई. वहीं नवपदस्थापित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक इंद्रजीत शेखर एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक जयंत कुमार का स्वागत किया गया. मौके पर एटीएम सुधीर कुमार ने कहा कि यहां के लोगों के साथ आत्मीयता जुड़ाव सा हो गया था. यहां के कृषक मित्र एवं कृषक मित्र के अध्यक्ष का कार्य में भरपूर सहयोग मिलता रहा है. ये सभी धन्यवाद के पात्र हैं. वहीं नवपदस्थापित एटीएम जयंत कुमार ने कहा कि बेहतर कृषि तकनीक से खेती करने को लेकर कृषक को जागरूक करना व किसानों को लाभ दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी.

# निर्धारित राजस्व की प्राप्ति के लिए मिशन मोड में करें कार्य

- आयुक्त ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिया निर्देश

संवाददाता। हजारीबाग



वित्तीय वर्ष 2024-25 के राजस्व संग्रहण हेतु प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय-कक्ष में प्रमंडलस्तरीय समीक्षात्मक बैठक की गई. इसकी अध्यक्षता करते हुए उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने किसी भी जिला परिवहन कार्यालय का राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप नहीं पाया. आयुक्त ने निर्धारित राजस्व की प्राप्ति के लिए अतिरिक्त कार्य योजना बनाए जाने की आवश्यकता महसूस करते हुए सभी अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया.

आयुक्त ने, विशेषकर खनन क्षेत्र में नागालैंड के निबंधित वाहनों का प्रयोग, निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग, स्कूल में प्रयुक्त किये जा रहे वाहनों का परमिट प्राप्त नहीं किया जाना, अधिकृत सेकंड हैंड कार विक्रेताओं के द्वारा वाहनों के निबंधन में पहुंचाई जा रही राजस्व क्षति आदि जैसे अन्य संबंधित मामलों एवं बिंदुओं पर सघन जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया.

# 18वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन

- अतिथियों ने सफल प्रतिभागियों को शील्ड देकर किया पुरस्कृत

संवाददाता। रामगढ़



रजरप्पा कोयलांचल स्थित डीएवी ग्राउंड में चल रहे दो दिवसीय 18वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 का भव्य समापन मंगलवार को किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी व विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, भुचुंगडीह मुखिया सुनीता देवी, झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह, महासचिव शिव कुमार उपाध्याय मौजूद थे. इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा सफल प्रतिभागियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया.

उन्होंने कहा कि बेहतर खेल का प्रदर्शन कर खिलाड़ी आगे बढ़ें और अपना व अपने क्षेत्र के साथ साथ जिले का भी नाम रौशन करें. खिलाड़ियों को कोई भी समस्या खेल संबंधी हो तो राज्य सरकार द्वारा उन समस्याओं को दूर किया जाएगा ताकि खिलाड़ी नई ऊंचाइयों को छू सके. वहीं विशिष्ट अतिथि झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह ने कहा कि जिला स्तरीय खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा. उसके बाद वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंच सकते हैं. मौके पर योगेश प्रसाद यादव, प्रभात रंजन तिवारी, अजित कुमार, अजय नायक, आशु भाटिया, गंगाधर प्रसाद, पूर्णचंद्र राम, तुलेश्वर चौधरी, धर्मनाथ महतो, चंद्रशेखर राम करमाली, अनवर हुसैन, मो कमरुद्दीन आदि उपस्थित रहे.

### प्रतियोगिता का परिणाम

**बालक अंडर 14-** उप विजेता : रामगढ़ व गुमला, विजेता : साहेबगंज

**बालिका अंडर 14-** उप विजेता : धनबाद, विजेता : रामगढ़

**बालक अंडर 16-** उप विजेता : बोकारो, विजेता : गुमला

**बालिका अंडर 16-** उप विजेता : रांची, विजेता : हजारीबाग

**बालक अंडर 18-**उप विजेता : रांची, विजेता : गोड्डा

**बालिका अंडर 18-** उप विजेता : हजारीबाग, विजेता : रांची

**बालक अंडर 20-**उप विजेता : बोकारो, विजेता : पूर्वी सिंहभूम

**बालिका अंडर 20-** उप विजेता : धनबाद, विजेता : बोकारो

## विधानसभा चुनाव | जेएमएम ने मनोज चंद्रा को मैदान में उतारकर दिलचस्प बनाया मुकाबला

# सिमरिया सीट पर भाजपा को घेरने की झामुमो की खास रणनीति

संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)

जिले की सिमरिया विधानसभा सीट पर 2024 में बीजेपी और जेएमएम के बीच कड़ा मुकाबला दिख रहा है. वर्ष 2019 में बीजेपी ने यहां जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार जेएमएम ने मनोज चंद्रा को मैदान में उतारकर बीजेपी को घेरने की रणनीति बनाई है. इस बीच आजसू पार्टी के साथ गठबंधन होने से बीजेपी को फायदा होने की उम्मीद है.

झारखंड में चतरा जिले की सिमरिया विधानसभा सीट को बीजेपी का गढ़ मानी जाती है, लेकिन अब यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बीजेपी को घेरने की पुख्ता रणनीति तैयार की है. वर्ष 2019 के चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार किशुन दास को आजसू पार्टी के मनोज चंद्रा ने कड़ी टक्कर दी थी, परंतु इस बार मनोज चंद्रा के सहारे जेएमएम ने बीजेपी के किले को ध्वस्त करने का पुख्ता बंदोबस्त कर लिया है. मनोज चंद्रा के आजसू पार्टी छोड़ने के साथ ही भाजपा सिमरिया में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है. वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और आजसू पार्टी के बीच गठबंधन नहीं हो पाया था, लेकिन इस बार के चुनाव में तालमेल लगभग तय है. ऐसे में सिटिंग सीट होने के कारण बीजेपी का सिमरिया सीट पर दावा मजबूत है. हालांकि दूसरे स्थान पर रहने के कारण आजसू पार्टी सिमरिया की जगह किसी अन्य सीट देने का दबाव बीजेपी पर बना रही है. आजसू पार्टी का उम्मीदवार खड़ा नहीं होने से वोटों का बिखराव नहीं होगा, जिससे बीजेपी को फायदा मिलने की पूरी उम्मीद है.

**2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को बढ़तः** वर्ष 2024 में चतरा लोकसभा सीट के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी को बड़ी बढ़त हासिल हुई थी. लोकसभा के इस चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी काली चरण सिंह को 1.40 लाख वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को मात्र 66 हजार मतों से ही संतोष करना पड़ा था. विगत चार महीनों के दौरान इंडी गठबंधन में कोई विशेष चमत्कार होने की उम्मीद नहीं दिख रही है.

**किशुन दास ने बीजेपी का 12 वर्षों का वनवास तोड़ा :** 2019 के विधानसभा चुनाव में किशुन दास ने भाजपा का 12 वर्षों का वनवास तोड़ा था. इससे पहले सिमरिया सीट पर बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा प्रजातांत्रिक के उम्मीदवार ने 2009 और 2014 में जीत हासिल की थी. 2009 में झाविमो के जयप्रकाश भोक्ता ने जीत हासिल की, जबकि 2014 में गणेश गंझू को सफलता मिली थी.

### जेएमएम उम्मीदवार के रूप में मनोज चंद्रा होंगे मैदान में

दूसरी तरफ वर्ष 2023 में ही मनोज चंद्रा आजसू पार्टी छोड़ कर सीएम हेमंत सोरेन की मौजूदगी में जेएमएम में शामिल हो गए हैं. जेएमएम में शामिल होने के बाद वो लगातार क्षेत्र में सक्रिय है. वहीं सिमरिया विधानसभा सीट पर कांग्रेस और आरजेडी की कोई खास मजबूत दावेदारी नहीं है. ऐसे में यह माना जा रहा है कि मनोज चंद्रा जेएमएम टिकट पर सिमरिया विधानसभा सीट से इंडिया अलायंस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में होंगे. भाजपा उम्मीदवार को कड़ी टक्कर देने में सक्षम होंगे.

# टंडवा में मध्याह्न भोजन योजना पर छाया संकट

संवाददाता। चतरा

- दो महीने पूर्व ही समिति गठित, लेकिन प्रशासनिक प्रक्रिया अधूरी हंटरगंज के बीओ को टंडवा प्रभार, सिमरिया वाले को देने की मांग



टंडवा में पिछले लगभग दो महीने पूर्व 165 विद्यालयों में गठित हुए विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने से विद्यार्थियों के लिए संचालित मध्याह्न भोजन की योजना ठप होने की कगार पर है. बताया जाता है कि विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अपने क्रेडिट पर उधार खाते से भोजन सामग्रियों का क्रय जैसे-तैसे कर अबतक संचालित करते रहे हैं. कई दुकानदार अब उधारी देने में आनाकानी कर रहे हैं जो लाजिमी है.

वहीं ऐसी स्थितियों में पड़ताल के दौरान कई हेडमास्टर कुछ भी बताने से साफ परहेज करते रहे. बीईओ को लेकर व्याप्त के खौफ के संदर्भ में नाम नहीं छापने की शर्त पर विद्यालय के एक प्रिंसिपल ने बताया कि भनक लगने पर बेवजह उक्त अधिकारी उन्हें टारगेट कर कोई भी बहाना लगाकर परेशान करेंगे. वहीं, सूत्रों की मानें तो शिक्षा विभाग के पदस्थापित नये साहब इस मौके पर कुछ चारा ढूंढ़ने में जुटे हैं.

बहरहाल, बताया जाता है कि बीईओ की लापरवाही अगर ऐसे हीं बरकरार रहा तो कई विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनना शीघ्र बंद होना तय है. बताया गया टंडवा बीओ का प्रभार हंटरगंज के बीओ को दिया गया, जबकि टंडवा से सटे सिमरिया बीओ को प्रभार नहीं दिया गया. टंडवा सिमरिया की दूरी 25 किलोमीटर है. वहीं हंटरगंज 90 किलोमीटर वाले बीओ को टंडवा बीओ का प्रभार दिया गया, जो इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है. यह भी बताया जाता है हंटरगंज बीओ चतरा में ही रह कर टंडवा का कार्य करते हैं, जिसके कारण अन्य कई कार्य दो माह तक लंबित रहता हैं. ग्रामीणों व विद्यालय प्रबंधन समिति ने चतरा उपायुक्त से टंडवा से सटे प्रखंड से बीओ का प्रभार टंडवा देने की मांग की है.



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** राहु के प्रभाव से अनिद्रा की समस्या हो सकती है. अपनों पर खर्च अधिक होगा. पर रोजगार की समस्या का समाधान भी संभव है. व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. कश्मकश दूर होगी. स्वजनों से भेंट होगी. नवार्ण मंत्र का जाप करें.

**वृष** आय अच्छी होगी और व्यवसाय ठीक चलेगा. शत्रुभय रहेगा. लाभ होगा. पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है. अनावश्यक विवाद होगा. पिता की सेवा करना चाहिए.

**मिथुन** समय सामान्य है. पुराना रोग उभर सकता है. वाणी पर नियंत्रण रखें. व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे. संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे. दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें. परिवार की चिंता रहेगी.

**कर्क** धर्म मे मन लगेगा. भाग्य का साथ मिलेगा. सरकार या कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे. कार्यसिद्धि होगी. आय-व्यय में संतुलन रहेगा. क्रोध पर संयम आवश्यक है. व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे. कार्य को लेकर रुचि बढ़ेगी.

**सिंह** पुराने मित्र से लंबे समय के बाद मुलाकात होगी. निवेश शुभ रहेगा. जल्दबाजी व भाग-दौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं. अच्छे मित्र से भेंट होगी. पराक्रम की वृद्धि होगी. समाज-परिवार में आदर मिलेगा. मिठाई बच्चों को बांटें.

**कन्या** किसी सहकर्मी से विवाद हो सकता है. व्यवसाय ठीक चलेगा. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. पूंजी निवेश बढ़ेगा. साहित्यिक रुचि बढ़ेगी. आर्थिक योग शुभ हैं. यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है. सुसंगति से लाभ होगा. माता दुर्गा का सेवा करें.

**तुला** गलत खान पान से बचना चाहिए. दूसरों पर भरोसा न करें. धैर्य रखें. पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा. रुका पैसा मिलेगा. शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे. अतः सावधान रहें. व्यापार में सफलता मिलेगी. झाड़ू का दान करें.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. किसी से विवाद हो सकता है. किसी नया कार्य से अप्रत्याशित लाभ होगा पर जोखिम बिल्कुल न लें. धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी. व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी. कीमती वस्तु खोने का डर है.

**धनु** किसी महिला मित्र से विवाद हो सकता है. कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा. विवादों से दूर रहना चाहिए. आर्थिक तंगी रहेगी. पिछले कार्यों को टालें. पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा. व्यापार में हानि हो सकती है.

**मकर** दिन खुशनुमा होगा. छोटी यात्रा सफल रहेगी. धनलाभ होगा. प्रसन्नता बनी रहेगी. वाहन सुख मिलेगा. संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें. परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. काला कंबल का दान करें.

**कुंभ** आलस और वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. लेन-देन में सावधानी रखें. आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी. आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा. विष्णु मंदिर में खीर का दान करें.

**मीन** मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी. स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा. थकान रहेगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. कार्य और प्रभाव से पराक्रम बढ़ेगा. जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं. कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी. गरीब बच्चों को भोजन दें.

## सिमडेगा : दो थानों के कार्यक्षेत्र का फिर से हुआ निर्धारण, आदेश जारी

**रांची।** सिमडेगा जिले में दो थानों के कार्यक्षेत्र का फिर से निर्धारण किया गया है. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करने की तारीख से सिमडेगा थाना के सेवई व पिथरा पंचायत और मुफ्फसिल थाना के तामड़ा पंचायत के लिए दोबारा कार्यक्षेत्र का निर्धारण किया जाता है.

**जानें कौन से क्षेत्र अब किस थाना क्षेत्र में आयेंगे :**

- सिमडेगा थाना क्षेत्र में आनेवाले सेवई, सनसेवई, पिथरा, रिगड़ी, गुलडा, मेरामलोया, बड़कीछापर, जमुनाखैर, तुमडेगि और सेमरबेड़ा पंचायत अब मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में आयेंगे.
- मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चिकसुरा, तमाड़ीह, तामड़ा, कामतारा, कोनसेरा और डाडगुर्दा पंचायत अब सिमडेगा थाना क्षेत्र में आयेंगे.

## गुमला जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण में ही होगा चुनाव

**गुमला।** गुमला जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र गुमला, सिसई और बिशुनपुर में 13 नवंबर को मतदान होगा. जिसको लेकर मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व एसपी शंभू कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर पूरे मामले की जानकारी दी.एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है. पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे. उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें. जिला प्रशासन शांति पूर्ण मतदान को लेकर संकल्पित है. उपायुक्त ने कहा कि चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है. 25 अक्टूबर तक तीनों विधान सभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल किया जाएगा. 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी. वहीं 30 अक्टूबर को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गयी है. तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 7 लाख 92 हजार 183 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे.

## दो दिवसीय वर्कशॉप का होगा आयोजन, छात्र होंगे शामिल

**रांची।** रांची के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज एक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर वर्कशॉप का दो दिवसीय आयोजन करने जा रहा है. जिसमें पूरे झारखंड से छात्र पंजीकरण के अनुसार आने वाले हैं और पंजीकरण लिंक है, इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया गया है और सोशल मीडिया प्रभावशाली लोग और अन्य इसे संभालेंगे इसमें राष्ट्रीय तकनीकी सत्र कार्यशाला होने जा रही है. ये कोई प्रतियोगिता नहीं है, बस विशेषज्ञ चर्चा है और छात्रों को सिखाया जायेगा की प्रभाव कैसे मायने रखता है, सोशल मीडिया का प्रभाव कितना मायने रखता है और बिजनेस को कैसे बढ़ावा दे सकता है. इस दो दिवसीय सोशल मीडिया प्रभावशाली कार्यशाला में विश्वविद्यालय के शिक्षक, निदेशक, डीन छात्रों को विशेषज्ञ सलाह देने आएंगे. व्यवस्था के अनुसार छात्रों और प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था होगी . इस वर्कशाप का समन्वय करता शिवम कुमार तथा मार्गदर्शन प्रोफेसर डॉक्टर भगवान सिंह के देखरेख में आयोजित की जा रही है.

### आंदोलन : जेएससीसी सीजीएल परीक्षा में अनियमितता के आरोप में धरना पर बैठे हैं छात्र

# जनतंत्र मोरचा के अध्यक्ष छात्रों से मिले, किया समर्थन

**संवाददाता। रांची**

जेएससीसी सीजीएल परीक्षा में अनियमितता का विरोध करते हुए फिर से परीक्षा लेने की मांग को लेकर राज्य भर के अभ्यर्थी मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के पास धरने पर बैठे हैं और सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएससीसी) के प्रति अविश्वास प्रकट कर रहे हैं. मोरहाबादी मैदान में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने आंदोलन कर रहे छात्रों से मुलाकात कर उनकी बात सुनी. छात्रों का कहना है आठ वर्षों के बाद परीक्षा ली गई, परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई. 72 प्रश्न



रिपीट हुए, 16- 16 प्रश्न सीरियल वाइज मैथ और रिजनिंग के रिपीट हुए. जबकि अन्य परीक्षाओं में इस तरह से प्रश्न रिपीट नहीं होते. जेएससीसी के नियम के अनुसार 2 वर्षों तक क्वेश्चन को रिपीट नहीं किया जा सकता है. बात उठी तो नियम को 15 दिन पहले अपने साइड से जेएससीसी ने हटा लिया.धर्मेंद्र तिवारी से छात्रों ने बताया कि परीक्षा के दिन नेट बंद किया गया. 8:30 बजे से एग्जाम था. 7:30 बजे ही प्रश्न पत्र आउट हो गया. निराशा का बाजार परीक्षार्थियों में देखने को मिला. परीक्षार्थियों के पास जो साक्ष्य उपलब्ध हैं, उसके अनुसार परीक्षा कैंसिल होनी चाहिए. लेकिन अभी तक इस पर सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया है. सत्याग्रह कर रहे परीक्षार्थी कह रहे हैं कि सीटों को 30 से 35 लाख में बेचा गया है. जीएससीसी के कंट्रोलर पूर्व से ही जांच के घेरे में हैं. सरकार ने उन्हें सदस्य बनाया है. साथ ही जो एजेंसी पूर्व में परीक्षा सही ढंग से नहीं करा पायी, जिसमें बहुत सारी खामियां मिलीं, उस एजेंसी को पुनः काम दिया गया. सरकार से उम्मीद करना परीक्षार्थियों के लिए गलत है.

तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए मामले की ईडी और सीबीआई से जांच करायी जानी चाहिए, ताकि मेहनतकश छात्रों का भला हो सके. पैसे वाले अभ्यर्थियों को यह नौकरी न मिले, इस पर गहन चिंतन की आवश्यकता है क्योंकि सरकार की मानसिकता सही नहीं दिखती है.राज्य में विद्यार्थी यूं ही परेशान नहीं हैं.

## 151 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटा गया

**चतरा।** चौकीदार नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को डीएमएफटी भवन चतरा में किया गया. राज्य के उद्योग विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. समारोह में चतरा जिला अन्तर्गत सीधी भर्ती द्वारा नवनियुक्त चौकीदार के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया. चतरा जिला में चौकीदार के 152 रिक्त पद का जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का अनुमोदन आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग से कराते हुए मेधा सूची के अनुसार अनारक्षित कोटि में 108, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) कोटि में 15, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कोटि में 22 तथा पिछड़ा वर्ग कोटि में 07 अभ्यर्थी का चयन चौकीदार के पद के लिए किया गया.

# चुनाव में हार के डर से बौखला गया है झामुमो: प्रतुल शाहदेव

**संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चुनाव आयोग द्वारा दो चरण में चुनाव कराने की घोषणा का स्वागत किया है. कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बेवजह इस पर आपत्ति जता रहा है. संविधान में यह स्पष्ट है कि चुनाव आयोग चुनाव वाले राज्यों में छह महीने पहले तक चुनाव कराने के लिए सक्षम है. झारखंड में इस सरकार ने 59 महीना तक लूट और भ्रष्टाचार का शासन किया है. फिर एक महीने के लिए इनको इतनी बेचैनी क्यों? कई बार तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कह चुके हैं कि हम चुनाव के लिए किसी भी समय तैयार हैं. फिर चुनाव की घोषणा के बाद यह छटपटाहट क्यों?



**जनता को सरकार से मुक्ति चाहिए :** इस चुनाव को लेकर सबसे ज्यादा जनता उत्साहित है. जनता को हेमंत सोरेन के भ्रष्ट शासनकाल से मुक्ति चाहिए. प्रदेश के 2 करोड़ 60 लाख लोग हेमंत सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए 13 और 20 नवंबर को अपना वोट डालेंगे. आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत होगी और हेमंत सरकार इतिहास के पन्नों में सिमट जाएगी.

**जनता वोट के जरिये चोट देने को तैयार है :** प्रतुल ने कहा कि दरसल झामुमो के नेताओं को पता है कि झारखंड में समाज के हर वर्ग के लोगों इनकी सरकार ने ठगा है. इसलिए समाज का हर तबका इस सरकार को वोट के जरिए चोट देने को तैयार है. झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार को पता है कि झारखंड में यह उनकी अंतिम सरकार होगी. क्योंकि पांच वर्षों में इस राज्य की जनता ने भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न ,युवाओं के साथ वादाखिलाफी, लूट-खसोट, घोटालों का नंगा नाच देखा है. उससे अब जनता मुक्ति चाहती है,

### झामुमो ने मंईयां सम्मान की राशि बढ़ाने पर निकाला विजय जुलूस, कहा

## हेमंत सरकार ने बढ़ाया महिलाओं का मान-सम्मान



**विशेष संवाददाता। रांची**

मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये करने की खुशी में झामुमो ने विजय जुलूस निकाला. राजधानी रांची में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार का आभार प्रकट करते हुए जिला स्कूल से अलबर्ट एक्का चौक तक विजय जुलूस निकाला. कहा कि हेमंत सोरने सरकार ने महिलाओं को मान-सम्मान दिया है. इस अवसर पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दृढ़ संकल्प का परिणाम है. उन्होंने यहां की बेटियां, बहनों और महिलाओं के लिए बहुत ही संवेदनशील होकर सोचा और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 2500 रुपये की सम्मान राशि देने की योजना शुरू की. मंईयां सम्मान योजना की तीन किस्त की राशि राज्य की 52 लाख से भी अधिक महिलाओं के खाते में भेजी जा चुकी है और इसी दिशा में उन्हें सशक्त करने के लिए 2500 की सम्मान राशि महिलाओं को दी जाएगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कहते हैं, वो करते हैं, भाजपा की तरह फर्जी घोषणा और योजना नहीं लाते. समनूर मंसूरी, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया,डॉ हेमलाल कुमार मेहता, नयन तारा उरांव, राखी देवी, अंशु लकड़ा, उषा उरांव, संध्या गुड़िया, सुषमा बरदेवा, राधा हेंब्रम, पुष्पा बरदेवा, फरीद खान, सबीबुल रहमान, परवेज आलम गुड्डू, विलयम रिचर्ड लकड़ा आदि उपस्थित थे.

### न खपत बढ़ी, न उत्पादन घटा

# फिर भी सब्जियों के दामों में 78% तक का हुआ इजाफा

**संवाददाता। रांची**

सब्जियों पर महंगाई की मार देखने को मिल रही है. सितंबर में सब्जियों की थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) 48.73 फीसदी बढ़ गयी है. वहीं आलू और प्याज की कीमतों में 78 फीसदी, जबकि टमाटर की कीमतों में 48 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है. खुदरा महंगाई के आंकड़ों ने भी चिंता बढ़ा दी है. यह रिजर्व बैंक के 5 प्रतिशत की सीमा को पार कर गयी है और सब्जियों की महंगाई लगभग 36% बढ़ी है (अगस्त में यह केवल 10% थी). सितंबर में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 9.24% तक पहुंच गयी है, जो अगस्त में 5.66% थी. खुदरा महंगाई के सूचकांक में सब्जियों का योगदान लगभग 7.46% है.

**प्याज का सबसे बड़ा और आलू-टमाटर का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है भारत :** आमतौर पर यह माना जाता है कि महंगाई किल्लत से बढ़ती है. लेकिन आलू, प्याज, और टमाटर की उपज लगातार बढ़ रही है. वर्ष 2022 तक पिछले एक दशक में उनकी पैदावार में 63% का इजाफा हुआ है. 2022-23 में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आलू-टमाटर का उत्पादक है. वहीं भारत प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक है. इसके बावजूद सब्जियों पर महंगाई बढ़ती ही जा रही है.

**क्या भारतीय उपभोक्ता ज्यादा आलू-प्याज-टमाटर खा रहे हैं? :** आंकड़े बताते हैं कि उपभोक्ताओं के मासिक खर्च में सब्जियों का हिस्सा पिछले एक दशक से 3-4% पर स्थिर है. कुल उत्पादन का केवल 8.6% प्याज और



2% आलू-टमाटर निर्यात होता है. इसका मतलब है कि यह पूरी तरह से घरेलू खपत के लिए होते हैं, फिर भी महंगाई क्यों इतनी अधिक है?

**हर रुपये के खर्च में किसानों को सिर्फ 33-37 पैसे मिलते :** आलू, प्याज, और टमाटर की क्रांति ने किसानों को अमीर नहीं बनाया है. रिजर्व बैंक के अनुसार, उपभोक्ताओं द्वारा हर रुपये के खर्च में किसानों को केवल 33 से 37 पैसे मिलते हैं. थोक व्यापारी भी 32 से 37 पैसे का मुनाफा कमाते हैं और बचे हुए पैसे का हिस्सा रेहड़ी वालों के पास जाता है, जो बड़ी कीमतों को बढ़ाकर बेची न गयी सब्जियों के नुकसान की भरपाई करता है.

**किसान और उपभोक्ता दोनों की जेब काट रही सब्जियों की महंगाई :** सब्जियों के इस आर्थिक चक्र में मौसम का प्रभाव भी महत्वपूर्ण है. इसको संभालने के लिए भंडारण और आपूर्ति के नये उपायों की आवश्यकता है. इस स्थिति में सब्जियों की महंगाई किसान और उपभोक्ता दोनों की जेब काट रही है. तो फिर इस स्थिति का लाभ किसे मिल रहा है? खेती पर राजनीतिक भाषणों और वादों का गुणगान अपना ही महत्व रखता है और जब ये टूटते हैं, तब हमें यह समझ में आता है कि ताजा महंगाई वहां से आ रही है, जहां हम आत्मनिर्भर हैं.

## मदीना ट्रेवल्स से 47 जायरीनों का जत्था उमराह के लिए रवाना हुआ



**संवाददाता। रांची**

झारखंड से उमराह के लिए जायरीनों का मक्का-मदीना जाने का सिलसिला जारी है. पवित्र सफर ए उमराह के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से मंगलवार को झारखंड का मदीना ट्रेवल्स, गिरिडीह के मौलाना इलियास मजाहिरी व मौलाना जौहर के नेतृत्व में 47 जायरीनों का जत्था मक्का मदीना रवाना हुआ. जायरीनों को मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे. इससे पूर्व फातिमा गर्ल्स एंड ब्वॉयज एकेडमी के निदेशक मौलाना नसीम अनवर नदवी की दुआ के साथ जायरीनों का जत्था रुख्सत हुआ. मौलाना ने देश -दुनिया व झारखंड की खुशहाली, तरक्की व सलामती की दुआ की. मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि मदीना ट्रेवल्स से सभी जायरीनों को 50 से अधिक जगहों की जियरात कराई जाती है, साथ ही सभी जायरीनों को मक्का और मदीना में 500 मीटर के दायरे में 4 स्टार होटल में ठाहराया जाता है, जहां सभी सुविधाएं दी जाती हैं. मौके पर कारी महबूब, मौलाना रईस, कारी अय्यूब, कारी असद, मौलाना जौहर, मौलाना कुर्बान, कारी सज्जाद, मौलाना मेराज आदि मौजूद थे.

### गोगो दीदी योजना पर भारी पड़ी मंईयां सम्मान योजना

## सरकार के दीपावली बम से गोगो योजना चित्त : कांग्रेस

**संवाददाता। रांची**

भाजपा के ताबड़तोड़ प्रहार और हताशा को नजरअंदाज कर झारखंड की इंडिया गठबंधन सरकार ने दीपावली के पूर्व ही ऐसा बम फोड़ा है कि भाजपा की गोगो दीदी योजना चारों खाने चित्त हो गयी. हेमंत सोरेन सरकार ने दिसंबर से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलनेवाली राशि 1000 से बढ़ाकर 2500 कर दी है. उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस मीडिया सेल के चेयरमैन सतीश कुमार मुंजनी ने कही.

**भाजपा गोगो योजना से नहीं सकी तो ईडी का ले रही सहारा :** मुंजनी ने कहा कि भाजपा येन-केन प्रकारेण झारखंड की सत्ता पर कब्जा होना चाहती है. इसके लिए वह ईडी का सहारा ले रही है. भाजपा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं के घर पर ईडी रेड कराती है. इसका ताजा उदाहरण झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय कुमार ठाकुर, आईएएस मनीष रंजन सहित विभाग के कई लोगों के 18 ठिकानों पर की गयी छापेमारी है. कहा कि झारखंड की जनता सारी बातों को समझती है. पूर्व के चुनाव और उपचुनाव में जिस तरह गठबंधन ने भाजपा को धूल चटाई है, आसन्न झारखंड विधानसभा चुनाव में उनका यही हश्र होने वाला है. मुंजनी ने कहा कि इस बार मतदाता किसी के बहकावे में नहीं आनेवाले हैं.

## झारखंड का 14वां मुख्यमंत्री कौन? फैसला 23 नवंबर को

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में चुनाव का ऐलान हो चुका है. अगली सरकार झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की ही बनेगी या भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में एनडीए का परचम लहराएगा. इसका पता 23 नवंबर को मतगणना के बाद ही पता चल सकेगा. लेकिन झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतना दोनों के लिए आसान नहीं दिख रहा. जनता महंगाई और बेरोजगारी जैसे तमाम मुद्दों पर परेशान है और वह अभी मौन साधे हुए है. जनता किसके सिर पर ताज सौंपेगी, यह तो चुनाव प्रचार में नेताओं की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ के बाद ही पता चल पाएगा.

**2014 में 35 सीट जीतकर भाजपा ने बनाई थी सरकार :** वर्ष 2014 के चुनाव की बात करें, तो भाजपा ने सबसे अधिक 35 सीटें जीतीं थीं. झामुमो 17 सीट जीतकर दूसरे नंबर पर रहीं थीं. झाविमो को 8, कांग्रेस को 6, आजसू को 5, बीएसपी को 1, जय भारत समानता पार्टी को 1, झारखंड पार्टी को 1, मार्क्सवादी को-ऑर्डिनेशन को 1 और नवजवान संघर्ष मोर्चा को 1 सीट पर जीत मिली थी. भाजपा ने राज्य में सरकार का गठन किया था और रघुवर दास मुख्यमंत्री बने थे.

**2009 में भाजपा-झामुमो ने जीती 18-18 सीटें, किसी को बहुमत नहीं :** वर्ष 2009 में बीजेपी और जेएमएम को 18-18 सीटों पर जीत मिली थी. कांग्रेस ने 14 सीटें जीतीं थीं. झाविमो को 11, आजसू को 5, राष्ट्रीय जनता दल को 5, भाकपा माले को 1, जय भारत समानता पार्टी को 1, झारखंड पार्टी को 1, मार्क्सवादी को-ऑर्डिनेशन को 1, राष्ट्रीय कल्याण पत्र को 1, जनता दल यूनाइटेड को 2 और झारखंड जनाधिकार मंच को 1 सीट पर जीत मिली थी. इस चुनाव में 2 निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीतने में सफल रहे थे.

**2005 में भाजपा ने जीती थी 30 सीटें, 17 सीटों पर जीता था झामुमो :** वर्ष 2005 में झारखंड में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए थे. इस चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी. उसके 30 उम्मीदवार जीतकर विधानसभा पहुंचे थे. दूसरे नंबर पर झामुमो रही थी. उसके 17 उम्मीदवारों को चुनावों में जीत मिली थी. कांग्रेस को 9, जदयू को 6, राजद को 7, आजसू को 2, फॉरवर्ड ब्लॉक को 2, भाकपा माले को 1, झारखंड पार्टी को 1, यूजीडीपी को 2 और एनसीपी को 1 सीट पर जीत मिली थी. 3 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे.

### सख्ती | गोलगप्पे में हार्पिक व यूरिया खाद मिलाने का आरोपी गिरफ्तार

# पैर से गोलगप्पे का आटा गूंथते हुए वीडियो वायरल

**संवाददाता। मझिआंव**

बाजार में गोलगप्पे का पैर से आटा गूंथते वीडिओ वायरल होने पर स्थानीय लोग उग्र हो गये और गोलगप्पे बनाने वाले दो दुकानदारों को घेर लिया तथा गोलगप्पे का पानी बनाने की विधि के बारे में पूछा. इसके बाद जो सच्चाई सामने आई वह काफी चौकाने वाली है. दोनों ने बताया कि वे गोलगप्पे में स्वाद बढ़ाने के लिए हार्पिक एवं यूरिया खाद का भी इस्तेमाल करते हैं. यह सुनते ही लोग और उग्र हो गए. इसी बीच सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस पहुंची और दोनों को बचाया और हिरासत में लेकर थाना ले आई.

**मौसेरे भाई ने खोला राज :** गुपचुप बनाने वाले अरबिन्द यादव ने बताया कि कुछ



दिन पहले उसके मौसेरे भाई अंशु एवं राघवेन्द्र से झगड़ा हुआ था. इसके बाद उन लोगो ने पैर से मैदा गूंथते हुए वीडिओ बना लिया और वायरल कर दिया. इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि हिरासत में लिये गये दोनों उत्तर प्रदेश के हैं. इनमें एक झांसी जिला स्थित पूंछ थाना के सेसा गांव निवासी हर प्रसाद यादव का पुत्र अरबिन्द यादव एवं जालौन जिला के चुरकी थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी मंगल लाल का पुत्र सतीश कुमार श्रीवास्तव है. थाना प्रभारी ने कहा कि इनके पास से एक सफेद रंग का फिटकिरी जैसा ठोस पदार्थ केमिकल मिला है. जिसे थोड़ा सा लगभग आधा चम्मच पूरे बाल्टी में डालने पर पूरा पानी खट्टा हो जाता है. इसे मेडिकल लैब में भेजा जायेगा. वर्तमान में इनके परिजन को बुलाकर बॉन्ड लिखवाया जायेगा, अगर सफेद पदार्थ हानिकारक निकला तो दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा. उन्होंने बताया कि वे लोग गढ़वा के किराना दुकान से सफेद केमिकल खरीदते हैं. इसकी भी जांच कराई जायेगी.

### पेज एक का शेष

**महाराष्ट्र में 20 नवंबर को....**

भाजपा को 105 सीटों पर जीत मिली थी. वहीं कांग्रेस ने 44 सीटों पर जीत दर्ज की थी. शिवसेना को 56, एनसीपी को 54 सीटों पर जीत मिली थी. 13 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों को जीत मिली थी. एक सीट पर अन्य उम्मीदवार जीतने में सफल रहे थे. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एनडीए में बीजेपी के अलावा एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है. तीनों ही दलों ने मिल कर लोकसभा का चुनाव लड़ा था. हालांकि उस चुनाव में जैसी उम्मीद थी, वैसी सफलता एनडीए को नहीं मिली थी. अजित पवार की पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था. वहीं अगर बात महाराष्ट्र विकास अघाड़ी की करें तो 288 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव) बराबर- बराबर सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं. जिसका आंकड़ा 100-100 हो सकता है. साथ ही एनसीपी को 84 सीटें मिल सकती हैं. 4 सीटें छोटे दलों के लिए छोड़े जा सकते हैं. कुछ सीटों पर आपसी सहमति से फेरबदल की भी संभावना है. हालांकि संख्या को लेकर लगभग सहमति बन गयी है.

## तीन अर्थशास्त्रियों को नोबेल

इस बार अर्थशास्त्र का नोबेल उन तीन अर्थशास्त्रियों को दिया गया है, जिन्होंने अपने अध्ययन का विषय उस गैरबराबरी को बनाया है, जो अमीर और गरीब देशों के बीच अंतर पैदा करती है. इन अर्थशास्त्रियों का मूल निष्कर्ष यह है कि अमीर देशों और गरीब देशों में 30 गुना आय की गैरबराबरी की वजह गरीब देशों में भरोसेमंद संस्थाओं का अभाव है. तो क्या इस अध्ययन में इस तथ्य को नजरअंदाज करना सही है कि गरीब देशों की गरीबी का एक बड़ा कारण साम्राज्यवादी देशों की वह पूंजी है जो गरीब देशों के संसाधनों को लूट कर खड़ी की गयी है. इस तथ्य को प्रमाणित किया जा चुका है कि उपनिवेश काल के दौर में पश्चिमी देशों की आर्थिक शक्ति भारत और अफ्रीकी देशों के संसाधनों की लूट थी. फिर इस समय गरीबी के कारणों को केवल किसी देश की संस्थाओं के कमजोर होने के तर्क के आधार पर किस तरह देखा जाना चाहिए. नोबेल पुरस्कार 2024 के अर्थशास्त्र जगत के विजेताओं की घोषणा सोमवार को की गई. इस साल डारोन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. इन तीनों ने इस बात पर शोध किया था कि किसी देश में संस्थाएं कैसे बनती हैं और समृद्धि को कैसे प्रभावित करती हैं. स्टॉकहोम में रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को एक बयान में कहा कि तीनों अर्थशास्त्री 1.1 मिलियन डॉलर का पुरस्कार साझा करेंगे. ऐसमोग्लू और जॉनसन मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में काम करते हैं. वहीं रॉबिन्सन शिकागो विश्वविद्यालय में शोध करते हैं. डारोन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को इस बात पर शोध के लिए नोबेल दिया गया है कि कुछ देश सफल क्यों होते हैं और अन्य असफल. रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल समिति ने स्टॉकहोम में घोषणा के दौरान कहा कि तीनों अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को दर्शाया है. उन्होंने बताया, ₹ऐसा समाज जहां कानून व्यवस्था सही नहीं है और जनसंख्या का शोषण होता है, वहां देश विकास नहीं कर पाता है. पुरस्कार विजेताओं के शोध से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि ऐसा क्यों होता है.₹ आर्थिक विज्ञान में पुरस्कार के लिए समिति के अध्यक्ष जैकब स्वेनसन ने कहा, ₹देशों के बीच आय में भारी अंतर को कम करना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है. पुरस्कार विजेताओं ने इसे प्राप्त करने के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है.₹ उन्होंने कहा कि उनके शोध ने देशों के असफल या सफल होने के मूल कारणों की बहुत गहरी समझ प्रदान की है.अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान में स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार के रूप में औपचारिक रूप से जाना जाने वाला यह पुरस्कार 1968 में स्वीडिश केंद्रीय बैंक द्वारा स्थापित किया गया था.

> " ऐसा समाज जहां कानून व्यवस्था सही नहीं है और जनसंख्या का शोषण होता है वहां देश विकास नहीं कर पाता है. पुरस्कार विजेताओं के शोध से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि ऐसा क्यों होता है."

### सुभाषित

**मैत्री करूणा मुदितोपेक्षाणां।**
**सुख दुःख पुण्यापुण्य विषयाणां। भावनातश्चित्तप्रासादनम्।**

आनंदमयता, दूसरे का दुःख देखकर मन में करुणा, दूसरे का पुण्य तथा अच्छे कर्म समाज सेवा आदि देखकर आनंद का भाव तथा किसी ने पाप कर्म किया तो मन में उपेक्षा का भाव 'किया होगा छोडो' आदि प्रातिक्रियाएं उत्पन्न होनी चाहिए.

# हारी बाजी को जीत में बदली

**देश में जो कुछ हो रहा है, उसकी समीक्षा देश की जनता कर रही है और अपना निर्णय कर रही है कि कैसे इस समय का निदान हो. जो हरियाणा के चुनाव में हुआ, वही तो देश के तीन राज्यों में पिछले दिनों ही विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिला था. यही तो देश की जनता का कमाल है कि वह सुनती सबकी है, लेकिन उसके मन में क्या है, इसे चुपचाप मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करके करती है.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

कच्ची मिट्टी की नींव पर महल का निर्माण नहीं किया जा सकता. यदि किसी तरह निर्माण कर भी लिया, तो महल मजबूत कतई नहीं होगा. अपने को महिमामंडित कोई कितना भी कर ले या करा ले, अंत में उसकी सच्चाई सार्वजनिक हो ही जाती है. हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिए बड़ी बड़ी बातें की गईं, लेकिन सच के आगे सभी ढेर हो गईं. जम्मू-कश्मीर के लिए धारा-370 हटाने की जो बात सत्तारूढ़ दल द्वारा कहा जाता रहा और उसी को आधार बनाकर राज्य को खंड-खंड में बांटने के बाद भी सब सिफर ही रहा. आज हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के जो चुनाव परिणाम सामने आए, वे कोई चौंकाने वाले नहीं थे; क्योंकि हरियाणा की जनता दस वर्षों के शासन से मुक्त होने के लिए छटपटा रही थी. इससे पहले ही तय हो गया था कि सरकार बदलेगी ही , लेकिन यह ऊपरी दिखावा था और हुआ वही, जो सत्तारूढ़ दल की चाहत थी. यही हाल जम्मू—कश्मीर का था. वहां न तो आतंकवादी गतिविधियों में कोई कमी हुई, न ही कोई उद्यमी वहां जमीन खरीदकर उद्योग लगाने को तैयार हुआ. ऐसा इसलिए, क्योंकि समाज ने पिछले दस वर्षों में तथाकथित विकास और अपराधिक घटनाओं का आकलन इतने दिनों में कर लिया था.

शुरू करते हैं जम्मू—कश्मीर ने भाजपा की उम्मीद को चकनाचूर कर दिया. अब वहां इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और जिस उम्मीद से वहां के लोगों ने इंडिया गठबंधन को अपना बहुमत दिया है, उसे पूरा करने में अपनी क्षमता का उपयोग करेगी. जम्मू—कश्मीर में ऐसा इसलिए भी हुआ क्योंकि दस वर्षों से वहां की जनता अपने मन की सरकार चुनकर नहीं बना सकी थी और बेहद झूठी तसल्ली से उब चुकी थी. कोई नियंत्रण या देखभाल करने वाला नहीं था, जो उनके विकास के लिए, बगल के देश से उनपर कराए जा रहे आतंकी हमलों से परेशान थी. उन्हें इस चुनाव से राहत मिली और अब उन्होंने अपने भविष्य को ध्यान में रखकर चुनाव में बढ़चढ़कर भाग लिया और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का प्रयास किया है.

हरियाणा में भाजपा की अप्रत्याशित जीत ने पूरे देश को चौंका दिया. कहा जा रहा था कि हरियाणा में कांग्रेस की हवा चल रही है और चुनाव करीब आते ही कांग्रेस की आंधी चलेगी और यदि यही स्थिति बनी रही, तो कांग्रेस के पक्ष में सुनामी आ जाएगी. फिर कांग्रेस 90 सीटों में 60-65 सीट जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी. लेकिन, सारी संभावनाओं को और सारे पूर्वानुमान को ढेर कर दिया और लगातार तीसरी बार भाजपा को अपनी सरकार बनाने का अवसर दिया है. लेकिन, हां, अब चुनाव के बाद आरोप—प्रत्यारोप का दौर तो शुरू हो गया है कि हरियाणा चुनाव में हेरफेर किया गया है और भाजपा सरकार का बनना एक गहरी साजिश है. सच में इस बात से कौन इनकार करेगा कि कांग्रेस वहां जीती हुई बाजी हारकर सरकार बनाने में विफल रही.

बड़े—बड़े समीक्षक तक ने दावा किया था कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने राज्य की जनता को निराश किया है और दस वर्षों से उसका ही शासन रहा, अतः जनता में भाजपा के प्रति असंतोष है और वह सत्ता से बाहर हो जाएगी. यह बात अब तक किसी की समझ में नहीं आ रही है कि ऐसा क्या हुआ कि अचानक जीती बाजी कांग्रेस हार गई. अब इसकी समीक्षा होगी, वाद-विवाद होगा फिर कानून के दरवाजे खटखटाए जाएंगे, लेकिन इसका कोई लाभ होता नजर नहीं आ रहा है.

अब इसी वर्ष के अंत तक और नए साल के प्रारंभ में तीन राज्यों में चुनाव होना बाकी है. जो सबसे महत्वपूर्ण राज्य इन तीनों राज्यों में माना जा रहा है, वह है महाराष्ट्र. वैसे महाराष्ट्र में भाजपा की ही तथाकथित मिलीजुली सरकार है, लेकिन पिछले दिनों हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को महाराष्ट्र में जैसा झटका लगा, इसकी कोई कल्पना नहीं कर रहा था. आज भी वही हाल है, लेकिन यह किसी को नहीं पता कि कब कोई जीती हुई बाजी हार जाए. लोगों का आज तक तो यही कहना है कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई होने के कारण सबकी निगाहें महाराष्ट्र पर ही लगी रहती हैं, लेकिन उसका कोई लाभ होने वाला नहीं है. वही हाल झारखंड का है. वहां तो तरह-तरह के आरोपों में मुख्यमंत्री को ही जेल में बंद कर दिया गया, लेकिन बधाई हो देश के कानून का, जिसके कारण झारखंड के मुख्यमंत्री जेल के बाहर आए और माननीय अदालत को हेमंत सोरेन में कोई कमी नजर नहीं आई और उन्हें राज्य को फिर से संभालने का अवसर मिला. यही तो दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ हुआ और परिणाम स्वरूप उन्हें जेल यात्रा करनी पड़ी, लेकिन कोर्ट ने हस्तक्षेप किया और वे जेल से बाहर आ सके.

देश में जो कुछ हो रहा है, उसकी समीक्षा देश की जनता कर रही है और अपना निर्णय कर रही है कि कैसे इस समय का निदान हो. जो हरियाणा के चुनाव में हुआ, वही तो देश के तीन राज्यों में पिछले दिनों ही विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिला था. यही तो देश की जनता का कमाल है कि वह सुनती सबकी है, लेकिन उसके मन में क्या है, इसे चुपचाप मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करके करती है. इसलिए कुकुरमुत्ते की तरह उग आए किसी तथाकथित समीक्षक की बात को सुनना बंद करना होगा, अन्यथा अनुमान के आधार पर यह धारणा बना लेना अब इस चुनाव का यह परिणाम आने वाला है, गलत होने पर आपके मन को कुंठित कर देगा और आप बिना किसी कारण के निराशा के गर्त में चले जाएंगे. अब जो हुआ उस पर संतोष करके भविष्य के लिए अपने को सतर्क कर लें. ऐसा इसलिए, क्योंकि देश विकास के जिस मार्ग पर चल पड़ा है, उसमें आज नहीं तो कल, हम विश्व में अपना डंका जरूर बजाएंगे.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## मंगल भवन अमंगल हारी

मंगल भवन अमंगल हारी. यह अत्यंत लोकप्रिय चौपाई है. इस अद्वितीय चौपाई को अक्सर हम सुन्दर कांड पाठ के साथ, कई भजन में, धार्मिक फिल्म, टीवी सीरियल के गीत में, सुनते आ रहे हैं. ज्यादातर श्री रामचरितमानस का पाठ करने वाले श्रीराम भक्तों को यह चौपाई कंठस्थ होती है, पर, ₹मंगल भवन अमंगल हारि. द्रवउ सुदसरथ अजिर बिहारी..₹ यह चौपाई सुन्दर कांड का हिस्सा नहीं है. यह पूरी चौपाई भी नहीं है यह चौपाई मानस के बालकांड के 111 दोहे के बाद की दूसरी चौपाई है. पूरी चौपाई ₹बंदउं बालरूप सोइ रामू. सब सिधि सुलभ जपत जिसु नामू..मंगल भवन अमंगल हारी. द्रवउ सुदसरथ अजिर बिहारी..₹ इस मधुर चौपाई में श्रीराम जी की बाललीला का वर्णन है. इस चौपाई का इतना ज्यादा महत्व और अत्यंत लोकप्रियता इसलिए है कि तीनों लोकों के गुरु, महादेव को माता पार्वती जी ने रघुनाथ जी की कथा सुनाने को कहा, क्योंकि माता पार्वती जी के कई प्रश्न थे. श्रीराम राजपुत्र है तो ब्रह्म कैसे? स्त्री विरह क्यों? आदि आदि. यह सुनकर भगवान शिव जी के हृदय में श्री रामचरितमानस के सारे प्रसंग आ गए. वह दो घड़ी के लिए आनंद सागर में डूब गए. श्रीराम चरित्र को याद कर शिवजी का शरीर पुलकित हो उठा. परमानन्दस्वरूप शिवजी ने अपार सुख का अनुभव किया और श्री रघुनाथ जी के चरित्र का वर्णन पार्वती जी से करने लगे. जगत मिथ्या और प्रभु श्रीराम ही सत्य हैं, यह ज्ञान रामचरितमानस का फल है. यह कहकर अत्यधिक भावविभोर होकर भगवान शिव जी ने यह चौपाई कही. ₹श्रीराम जी का चरित्र मंगल करने वाला और अमंगल को हरने वाला है₹ भगवान शिवजी की यह बात सब को इतनी मनभावन लगी कि आज भी यह चौपाई मानस की पहचान है. केवल राम-राम जपने से ही कोई राम का प्रिय नहीं बन जाता. श्रीराम जैसा जीवन जी कर ही श्रीराम जी का प्रिय बना जा सकता है. अयोध्या की सत्ता अगर वे स्वीकार कर लेते तो राजा राम बन जाते, पर सत्ता को त्याग कर वे हर दिल के सम्राट बन गए. पूरी सृष्टि में श्री राम जैसा व्यक्तित्व आज तक नहीं हुआ. अच्छे शासक का यही तो गुण होता है. दुखी-पीड़ितों के द्वार पर स्वयं पहुंच जाये. अच्छा पुत्र वही तो होता है जो पिता के सम्मान की रक्षा के लिए वन-वन जाने को तैयार हो जाता है. अच्छे भाई का यही तो गुण होता है, जो अपने भाई को सुख देने के लिए स्वयं सुखों को छोड़ दे.

# भारत-नेपाल संबंध : नया नजरिया

• देशांतर

सव्यसाची दत्ता

हाल ही में, मैं यूएनईएससीएपी द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कुछ बहुत ही प्रतिभाशाली नेपाली युवाओं से मिला. वे सुशिक्षित, आत्मनिर्भर, बुद्धिमान, अच्छी तरह से यात्रा करने वाले और नेपाल के दूरदराज के क्षेत्रों में सामाजिक कार्य का अनुभव रखने वाले थे. हमने असंख्य विषयों पर बातचीत की - जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन, डिजिटल कनेक्ट का लाभ उठाने वाले नए स्टार्ट-अप, एआई को अपनाना, एक सर्कुलर अर्थव्यवस्था बनाना और यहां तक कि परिवार भी. मैं शिलांग, मेघालय में रहता हूं और पता चला कि उनमें से कुछ के रिश्तेदार शिलांग में हैं और समय-समय पर उनसे मिलने जाते हैं. उन्होंने गोरखा रेजिमेंट में अपने रिश्तेदारों का भी जिक्र किया. जब चर्चा भारत और नेपाल के बीच हाल ही में हुए विकास सहयोग की ओर मुड़ी, तो मैंने पाया कि हमारी बातचीत लड़खड़ा रही थी. कनेक्टिविटी और बिजली जैसे क्षेत्रों में की जा रही प्रगति की तुलना में विवादास्पद मुद्दों पर अधिक जागरूकता थी नेपाल-भारत संबंध 'रोटी बेटी और रोजी रोटी' से कहीं अधिक है.यह आंतरिक रूप से देश के युवाओं में शामिल साझा आकांक्षाओं में से एक है. इस तथ्य को कई कारकों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए-पारिस्थितिक, आर्थिक, भू-राजनीतिक और सामाजिक-राजनीतिक. पारिस्थितिकी के स्तर पर, हिमालय और मैदानी इलाकों में भौगोलिक रूप से एक दूसरे से जुड़े हुए, कई साझा नदियों से जुड़े हुए, भारत और नेपाल के बीच आम पारिस्थितिक मुद्दे हैं - बढ़ते जलवायु परिवर्तन के साथ ये और भी गंभीर हो गए हैं. बढ़ते वैश्विक तापमान के साथ, नेपाल और भारत के बीच मीठे पानी, बाढ़ प्रबंधन, भूजल संरक्षण जल सुरक्षा, समृद्धि और क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बनने जा रहा है. इसके विस्तार के रूप में, अन्य प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के लिए भी सहयोग की आवश्यकता होगी.

2014 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और नेपाल के बीच "एचआईटी" फॉर्मूला लॉन्च किया - राजमार्ग, आई-वे और ट्रांस-वे. तब से, बहुत कुछ हासिल भी हुआ है. पिछले नौ वर्षों में, नेपाल की पहली एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) बीरगंज में स्थापित की गई, क्षेत्र की पहली क्रॉस-बॉर्डर पेट्रोलियम पाइप लाइन भारत और नेपाल के बीच बनाई गई, पहली ब्रॉड-गेज रेल लाइन स्थापित की गई और सीमा पार नई ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण किया गया. दोनों देशों के बीच हाल ही में हुआ बिजली व्यापार समझौता एक गेम चेंजर है. वित्तीय संपर्क और सीमा पार डिजिटल भुगतान के माध्यम से हजारों छात्रों, लाखों पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के साथ-साथ भारत में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा. तीन और आईसीपी के निर्माण से आर्थिक संपर्क को मजबूत किया जा रहा है.

> नेपाल पूर्वोत्तर भारत के साथ इस द्विपक्षीय संपर्क और दक्षिण में बांग्लादेश के साथ क्षेत्रीय संपर्क का लाभ उठा सकता है जो बंगाल की खाड़ी से और जुड़ेगा. वैश्विक दक्षिण में भारत के तेजी से उदय के साथ, बंगाल की खाड़ी में नेपाल की भूमिका और बीबीआईएन या बिम्सटेक जैसे क्षेत्रीय विन्यासों में इसकी भूमिका अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होती जाएगी.

इसके समानांतर, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को भी एक-दूसरे के साथ-साथ पड़ोसी बांग्लादेश और भूटान के साथ भी जोड़ा जा रहा है. सभी पूर्वोत्तर राज्य अब हवाई और रेल से जुड़े हुए हैं. उत्तर बंगाल और बांग्लादेश के बीच हल्दीबाड़ी रेल लिंक चालू है. दक्षिण में बांग्लादेश के साथ सड़क मार्ग और कई भूमि बंदरगाहों को उन्नत किया जा रहा है.

नेपाल पूर्वोत्तर भारत के साथ इस द्विपक्षीय संपर्क और दक्षिण में बांग्लादेश के साथ क्षेत्रीय संपर्क का लाभ उठा सकता है जो बंगाल की खाड़ी से और जुड़ेगा. वैश्विक दक्षिण में भारत के तेजी से उदय के साथ, बंगाल की खाड़ी में नेपाल की भूमिका और बीबीआईएन या बिम्सटेक जैसे क्षेत्रीय विन्यासों में इसकी भूमिका अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होती जाएगी. ग्लोबल साउथ के सदस्य के रूप में और समग्र हिंद-प्रशांत में एक हिमालयी देश के रूप में नेपाल की स्थिति, उसकी मान्यता और समुद्री क्षेत्र में वैश्विक शक्ति खेल पर उसके बढ़ते प्रभाव का एक स्पष्ट प्रमाण होगी, साथ ही वह एक समुद्री राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगी, भले ही वह चारों ओर से घिरा हुआ हो. नेपाल की परिवर्तनकारी कहानी, जो दो बड़ी शक्तियों के बीच "सैंडविच" राष्ट्र से एक ऐसे राष्ट्र में बदल गई है, जो हिंद-प्रशांत के समुद्री भूगोल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, को वैश्विक रणनीतिक समुदाय के भीतर और अधिक मान्यता की आवश्यकता है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हरियाणा चुनाव के नतीजे और बिहार

• सियासत

प्रेमकुमार मणि

हरियाणा के चुनाव नतीजों ने बहुतों को चौंकाया. मुझे नहीं. दिल्ली और दूसरे नगरीय पत्रकारों और सेफोलॉजिस्ट पर मैंने कभी गहरा यकीन नहीं किया है. याद कर सकता हूँ ये पत्रकार 2015 के बिहार विधान सभा चुनाव में भाजपा को आगे बता रहे थे. गिनती के रोज पहले भाजपा आगे हुई भी. उसके दफ्तर में पटाखे और फुलझड़ियां फूटने लगीं. दस बजे बात पलट गयी और उल्टी गिनती शुरू हो गई. दोपहर बाद साफ़ हो गया कि एनडीए और महागठबंधन के बीच एक सौ बीस सीटों का अंतर है. इसी चुनाव के बारे में प्रशांत किशोर हांकते हैं कि यह उनकी रणनीति का कमाल था. वह यह भूल जाते हैं कि मुख्य चुनाव के महीनों पूर्व हुए उपचुनावों में जब वह बिहार से दूर थे, लालू नीतीश एक हो चुके थे और इस एकता ने भाजपा को पटखनी भी दे दी थी. लालू नीतीश के एक हो जाने के बाद किसी प्रशांत किशोर की जरूरत नहीं रह जाती. आज भी वह स्थिति ही है.

हरियाणा का चुनाव कुछ अलग था. कुछ ही महीने पूर्व संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा वहां पिट गई थी. राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा स्पष्ट बहुमत नहीं ला सकी, इसलिए वह नैतिक तौर पर शर्मिंदगी अनुभव कर रही थी. इधर तमाम लोग वहां कांग्रेस के आने की उम्मीद जता रहे थे, जो अस्वाभाविक नहीं था. लेकिन रिजल्ट ने सबको चौंकाया. भाजपा 48 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत के साथ आ गयी और कांग्रेस 37 पर सिमट गयी. एक फीसद से भी कम वोटों के अंतर पर 11 सीटों का अंतर आ गया. भाजपा को 39. 9 फीसद वोट मिले तो कांग्रेस को 39. 09 फीसद. केजरीवाल के आप ने एक फीसद से कुछ अधिक वोट लाए और लगभग आधे दर्जन सीटों पर कांग्रेस को हराने में भूमिका निभाई. कांग्रेस क्यों हारी और भाजपा क्यों जीती? कांग्रेस थोड़े गुमान में थी. जैसे महाभारत में दुर्योधन इस मुगालते में था कि सभी बाहुबली तो मेरे साथ हैं. भीष्म, कर्ण, द्रोण, अश्वथामा, कृपाचार्य आदि मामूली नहीं थे. कृष्ण की अक्षौहिणी सेना भी वहीँ थी. पाण्डवों में केवल अर्जुन और भीम उल्लेखनीय थे. लेकिन युद्ध पांडवों ने जीता. ऐसा ही कुछ हरियाणा के इस चुनाव में हुआ. कांग्रेस के हुड्डा गुमान से भरे थे. भाजपा फूंक-फूंक कर कदम चल रही थी. चिड़ियों से बाज लड़ाने जैसा मामला था. हरियाणा राजनीति के जाट वर्चस्व को तोड़ना था. वहाँ अब तक जाट अहीर और वैश्य राजनीति का जोर रहा है. भाजपा ने पिछड़े वर्ग के सैनी को आगे किया. वहाँ पिछड़ा वर्ग दो संवर्ग में विभाजित है. ए और बी . दोनों मिला कर कोई चालीस फीसद वोट हैं. भाजपा एक राष्ट्रीय दल है इसलिए उसके संगठन में हर तबके के लोग शामिल हैं. लगभग 8 फीसद ब्राह्मण और तीन फीसद से कुछ अधिक राजपूत जाट विरोधी इस मोर्चे में स्वाभाविक तौर पर आ जाते हैं. कांग्रेस को मुसलमानों का साथ तो मिल जाता है लेकिन 21 फीसद दलितों का साथ नहीं मिल पाता. इस चुनाव में अहीर बहुल इलाकों में भाजपा के यादव उम्मीदवारों की जीत भी ध्यान देने लायक है. जिसे सोशल इंजीनियरिंग कहा जाता है उसे केवल भाजपा कर सकी. यह जीत इसके कारण ही संभव हुई.

> भाजपा 48 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत के साथ आ गयी और कांग्रेस 37 पर सिमट गयी. एक फीसद से भी कम वोटों के अंतर पर 11 सीटों का अंतर आ गया. भाजपा को 39. 9 फीसद वोट मिले तो कांग्रेस को 39. 09 फीसद. केजरीवाल के आप ने एक फीसद से कुछ अधिक वोट लाए और लगभग आधे दर्जन सीटों पर कांग्रेस को हराने में भूमिका निभाई.

इस चुनाव के नतीजे बिहार झारखंड के नतीजों को प्रभावित कर सकते हैं. हुड्डा जैसे गरूर में ही राजद बिहार में है. उसका सामाजिक व्याकरण यादव और मुसलमान में सिमट गया है. इसके विरुद्ध शेष सामाजिक समूहों में गहरी नाराजगी है. बिहार में जाति गणना हो चुकी है. इस के आने से राजद को कितना नुकसान हुआ है उसे शायद अंदाज नहीं है. सब से अधिक चौदह फीसद से अधिक यादवों के होने की जानकारी ने अन्य पिछड़े समूहों को उससे काफी दूर कर दिया है. जैसे हरियाणा में जाटों की बड़ी संख्या (लगभग 30 फीसद ) ने उससे शेष जातियों को दूर कर दिया. इन सब के प्रभाव बिहार झारखंड पर पड़ेंगे. जैसी की चर्चा है बिहार में चुनाव समय के पूर्व भी संभव है. हरियाणा के नतीजों ने इन कयासों को लगभग ख़त्म कर दिया है कि लालू और नीतीश फिर साथ हो सकते हैं. अब नीतीश एनडीए में ही रहेंगे. इधर-उधर नहीं जायेंगे.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### मीडिया में अन्यत्र

## भारतीय रिजर्व बैंक और मौद्रिक नीति

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने पिछले हफ्ते 5:1 के बहुमत के फैसले से बेंचमार्क ब्याज दर को 6.50 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया. बेंचमार्क ब्याज दर अप्रैल 2023 से इसी स्तर पर बरकरार है. इस समिति में शामिल तीन नए बाहरी सदस्यों में से एक ने शायद जुलाई और अगस्त में हेडलाइन मुद्रास्फीति दर में आरबीआई के औसत लक्ष्य चार फीसदी से नीचे की गिरावट का हवाला देते हुए दर में 25 आधार अंकों (0.25 फीसदी अंक) की कटौती पर जोर दिया. हालांकि, एमपीसी ने मुद्रास्फीति की इस गिरावट की गति को धीमा एवं असमान बताया और आशंका जताई कि सितंबर से कीमतों में यह नरमी उलट जाएगी और नौ महीने के उच्चतम स्तर 5.5 फीसदी पर पहुंच जाएगी. समिति ने खुदरा मुद्रास्फीति से संबंधित अपने 4.5 फीसदी के अनुमान और 2024-25 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में 7.2 फीसदी की दर से वृद्धि के अनुमान में कोई बदलाव तो नहीं किया है, लेकिन नए सिरे से हिसाब लगाया है. दूसरी तिमाही या क्यू2 में, उसने मुद्रास्फीति के 4.4 फीसदी के बजाय औसतन 4.1 फीसदी रहने उम्मीद लगाई थी, लेकिन इसका सितंबर का आंकड़ा 4.2 फीसदी के पार चला गया है. जनवरी से मार्च 2025 के बीच 4.2 फीसदी तक कम होने से पहले, तीसरी तिमाही में मुद्रास्फीति अब एमपीसी के अगस्त के अनुमान 4.7 फीसदी से बढ़कर औसतन 4.8 फीसदी होने की आशंका है. हालांकि, इन आंकड़ों के हिसाब से, एमपीसी ने सर्वसम्मति से मौद्रिक नीति के कठोर रुख को बदलकर 'तटस्थ' करने पर सहमति जताई है. लिहाजा, दिसंबर में होने वाली अगली नीतिगत समीक्षा में दर में कटौती की उम्मीद कम है. खासकर वैसे में, जब समिति ने यह दोहराया है कि उसने अपना ध्यान "स्पष्ट रूप से" मुद्रास्फीति को स्थायी रूप से चार फीसदी के स्तर पर लाने पर केंद्रित किया हुआ है.खाद्य मुद्रास्फीति जहां चिंता का सबब बनी हुई है और सब्जियों की कीमतें फिर से बढ़ रही हैं, वहीं केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह भी संकेत दिया है कि कोर मुद्रास्फीति (खाद्य और ऊर्जा लागत को छोड़कर) अपने निचले स्तर पर पहुंच गई है. तेल और धातुओं की वैश्विक कीमतें चिंता का ताजा सबब हैं और साथ ही जलवायु संबंधी झटकों का खतरा भी मंडरा रहा है. अगर ये जोखिम सिर्फ कागजों पर ही रहें, तो शायद फरवरी में दर में कटौती की उम्मीद करना मुनासिब होगा.



**(द हिंदू)**

### शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## सन्मति/सम्मति/सुमति

**अल्लाह** तेरो नाम ईश्वर तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान. 1961 ई. में बनी फिल्म हमदोनों के लिए साहिर लुधियानवी का लिखा यह गीत धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र के लिए कितना उपयोगी है, हम समझ सकते हैं. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी इस भजन पर बहुत अधिक जोर दिया था- अल्लाह ईश्वर तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान. रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम. भाव है, चाहे अल्लाह कहो या ईश्वर कहो, राम कहो, या कृष्ण कहो या प्रभु यीशु का नाम लो, सारे नाम तो उसी परमेश्वर के हैं. उसी परमेश्वर से विनती है कि सबको सन्मति प्रदान करें. कुछ लोग इन गानों में सन्मति की जगह सम्मति गाते हुए पाये जाते हैं. तो क्या सन्मति और सम्मति एक ही हैं? पहले इन दोनों शब्दों का भौतिक अंतर देखते हैं. सन्मति=सत्+मति. सत् का अर्थ हुआ अच्छी, उत्तम, श्रेष्ठ और मति का अर्थ है बुद्धि. यह सत् शब्द जब बुद्धि से जुड़ता है तो बनता है सद्बुद्धि. सच पूछा जाए तो सन्मति या सद्बुद्धि का अर्थ विवेक है. बुद्धि सही या गलत कुछ भी ग्रहण कर सकती है, लेकिन विवेक सूक्ष्मता से विचार कर सही और गलत का निर्णय करता है और केवल सही को ही ग्रहण करता है. अब देखते हैं सम्मति कैसे बनता है. मति शब्द से पहले सम् उपसर्ग लगता है, तब बनता है सम्मति. इसका मतलब है राय, सलाह, अनुमति, अनुज्ञा, किसी विषय में प्रकट किया गया अपना विचार या मत. कामना, इच्छा. सबको सन्मति दे भगवान का मतलब भगवान सबको अच्छी बुद्धि दे यानी सुबुद्धि दे. अगर सम्मति को राय, सलाह, अनुमति आदि अर्थ को ध्यान में रखकर सबको सम्मति दे भगवान कहते हैं तो इसका उपयुक्त आशय नहीं निकलता. यानी इस गाने या भजन में सम्मति शब्द निरर्थक-सा प्रतीत होता है. क्योंकि भगवान सबको अच्छी बुद्धि देंगे, लेकिन सलाह नहीं देंगे. अर्थ के दृष्टिकोण से सन्मति शब्द से मिलता जुलता शब्द है सुमति, यानी अच्छी बुद्धि.

# महंगू के सपने में अंधेर राज

• तीर-तुक्का

एसके पाण्डेय



महंगू ने दो दिन पहले रात में स्वप्न देखा कि अंधेर राज आने वाला है. तबसे उसने यह सोचकर खाना पीना ही छोड़ दिया कि अंधेर राज में मरने से बेहतर है पहले ही मर जाऊं.. यह बात जब धीरे- धीरे फैली तो उसके जैसे सभी किसानों व अन्य मजदूरों के पांवों तले की जमीन खिसक गयी. जो किसी तरह मजदूरी मेहनत करके शाम को रूखे-सूखे का जुगाड़ कर भी लेते थे. चिंता के कारण वह उतना भी न कर सके. जो उसने स्वप्न देखा उसका सार रूप नीचे दिया जा रहा है. चिम्मनलाल जी की सरकार एक अलग कानून बनाने का निर्णय ले चुकी है. सभी राजनीतिक दल सारे मतभेद भुला कर उनसे सहमत हो गये हैं. इस कानून के तहत सभी गरीबों, पिछड़ों व मजदूरों तथा किसानों को सदियों से सरकार के साथ सहयोग न करने के आरोप में कटघरे में खड़ा करके उचित कार्रवाई की जाएगी. इसके अंतर्गत इन्हें अपनी जमीन-जायदाद से हाथ भी धोना पड़ सकता है तथा साथ ही आजीवन जेल का भी प्रावधान किया गया है. सभी के जमीन-जायदाद की नीलामी कर दी जाएगी, जिनके पास जमीन-जायदाद नहीं होगी, उन्हें आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई जाएगी. चिम्मनलालजी का कहना है कि मेरी पार्टी के द्वारा बनाई गयी सरकारों का कहना ही क्या है? सभी राजनीतिक पार्टियों ने इन लोगों के विकास के लिए क्या नहीं किया? कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी गई. लेकिन ये लोग जहां के तहां हैं. बिल्कुल शिवजी के धनुष की तरह. उठना तो दूर टस से मस तक नहीं होते. सभी पार्टियां सदैव ऐसा ही बजट लाती रहीं, जिससे आम आदमी को लाभ हो. जो किसानों के हित में हो . जिससे गरीबों और मजदूरों की स्थित सुधरे. लेकिन ये लोग सदा अपने ही धुन में मस्त रहे. किसी भी सरकार के साथ सहयोग नहीं किया. कसम खा रखी है, सरकार की इच्छाओं के प्रतिकूल चलने और रहने की. हम चाहते रहे कि इनका जीवन स्तर सुधरे. ये लोग गरीबी रेखा के ऊपर उठें. लेकिन ये सब सारे प्रयासों पर सदा पानी फेरते रहे. गरीबी रेखा से ऐसे चिपके रहे कि लाख कोशिश के बाद भी वर्षों से वहीं के वहीं हैं. जबकि सभी पार्टियां इन्हें जी जान से धकेलती रहीं. आखिर क्या समझ रखा है सरकार को? सरकार से सहयोग न करना कोई मजाक थोड़े है. विद्रोह है. आखिर हम कबतक बख्शते. हर चीज की एक सीमा होती है. तमाम प्रयासों के बाद भी सरकार को नीचा दिखाने के लिए किसान लोग आत्महत्या करते रहे. क्या समझते हैं कि हमलोग डर जायेंगे? मरना है तो शौक से मरो, कोई रोक थोड़े रहा है. देश में वैसे ही जनसंख्या विस्फोट होने को है. लेकिन सरकार को काहे बदनाम करते हो? इनके गांवों में बिजली आज तक नहीं पहुंच पाई है. इन्हें न खाने को ठीक से भोजन मिलता है और न ही पीने को पानी. इनके लिए सड़कें नहीं है. यदि कोई सरकार सड़क बनवा भी दे तो छ महीने से ज्यादा चल नहीं सकती.

# Her Story



## क्या है मील प्रेपिंग

सामान्य शब्दों में कहें तो मील प्रेपिंग का मतलब एक बार में बड़ी मात्रा में भोजन तैयार करने की प्लानिंग, तैयारी और खाना पकाना है जिससे पूरे सप्ताह के दौरान आपको रेडी टू इट भोजन उपलब्ध हो सके. एक बार जब बड़ी मात्रा में खाना तैयार हो जाता तो प्रतिदिन के हिसाब से उसे डिवाइड कर सलीके से फ्रिज या फ्रीजर में स्टोर करना और जरुरत के मुताबिक इसे निकाल कर गर्म करना इसकी प्रक्रिया में शामिल है. जेन एक्स की इस सुविधा की हमारे बड़े बुजुर्ग खुली आलोचना कर सकते हैं कि बासी खाने में न तो स्वाद होता है और न सेहत. लेकिन अपनाने वाले का तर्क है कि मील प्रेपिंग हमें अधिक संतुलित आहार और खाने के मामले में बेफिक्री देता है. भूख लगने पर उल्टा-पुल्टा कुछ खा लेने या फिर झट से जोमैटो-स्विगी एप पर अंगुली थिरका कर बाहर से खाना आर्डर करने की हमारी आदत पर भी इससे लगाम लगती है. तर्क तो यह भी दिया जाता है कि पहले से भोजन बनाने की प्लानिंग करने और तैयार करने से खाना बनाने की प्रक्रिया के दौरान स्वाद और प्रजेंटेशन पर अधिक ध्यान रखने का मौका मिलता है. भोजन की पहले से योजना बनाने और तैयारी करने से व्यक्तियों को कई स्वादों, बनावटों और मौसमी सामग्रियों के साथ प्रयोग करने के लिए सोचने का मौका और समय मिलता है. इस तरीके से सप्ताह के व्यस्त दिनों में भी अपने हेल्थ संबंधी जरुरतों के अनुसार खाना खाने का मौका मिलता है.

**आज की भागमभाग भरी जिंदगी में कई बार ऐसा होता है कि हमें खाने तक की फुर्सत नहीं मिलती या फिर पूरी तरह हम भोजन के लिए स्वीगी-जोमैटो पर निभर रहते हैं. न तो हमारी व्यस्तता नई है और न यह समस्या. खासकर उन परिवारों में जहां पति-पत्नी दोनों कार्यरत हैं, रसोई में चार समय स्टोव का जलना ब्रेकफास्ट, लंच, शाम का नास्ता और डिनर नियमित बनाना आसान नहीं. इस कारण इंटरनेट पर इस समस्या के हल के लिए क्विक फूड आयटम रेसिपी की भरमार है. लेकिन फूड प्रेपिंग टर्म इन दिनों सबसे अधिक वायरल हो रहा है. दरअसल यह रसोई में गुजारे जाने वाले समय को न्यूनतम करने का सबसे आसान तरीका है.**

### अपनाएं मील प्रेपिंग ताकि

# रोज धोने, काटने, पकाने से मिले छुट्टी

## कब शुरू हुआ मील प्रेपिंग

मील प्रेपिंग का टर्म नया लग सकता है, पर यह चलन नया नहीं. हालांकि यह बताना मुश्किल है कि मील प्रेपिंग सबसे पहले कब शुरू हुई, पर 1990 के दशक में इसने लोकप्रियता हासिल करना शुरू कर दिया. खासकर पश्चिमी देशों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया.

भारत की बात करें तो याद होगा कि 21वीं सदी की शुरुआत से ही यहां रेडी टू ईट फूड पैकेट में मुगलई से बंगाली फूड तक हर तरह की वेरायटी मिलने लगे जिसे खोला, गर्म पानी में डाला और परोस लिया जैसे तीन आसान स्टेप्स में खाया जा सकता है. हल्दीराम जैसी कई कंपनियां रेडी-टू-ईट फूड व्यवसाय में शामिल हो गईं थीं. जल्दी ही विदेश में रहने वाले भारतीयों, स्टूडेंट्स या अक्सर यात्रा पर रहने वालों के लिए पसंदीदा बन गया.

## भारत में बहुत पुराना यह चलन

सच पूछिए भारतीय सदियों से मील प्रेपिंग करते रहे हैं, भले इस टर्म के नाम से इसे नहीं जानते. अधिक समय नहीं गुजरा जब दादी-नानी को हम हर मौसम के अचार, आम पापड़, चिप्स, जैम, सुखौड़ी सब्जियां आदि बनाने की तैयारी में पूरी दोपहरी व्यस्त रहते देखा है. वह भी तो मील प्रेपिंग का ही एक रूप था. क्षेत्र विशेष के मौसम, तापमान और मसाले के अनुसार पूरे देश में इसकी विविधता दिखती है. अपने घर परिवारों में खास डिश (जैसे गाजर का हलवा, चिकन, बिरयानी, दही बड़े या स्पेशल सब्जियां) को जरुरत से थोड़ी ज्यादा मात्रा में पका कर दो-चार दिनों तक लुत्फ उठाने की आदत नई नहीं. आमतौर पर भारतीय परिवारों के फ्रिज में नारियल-मूंगफली, धनिया-पुदीना, इमली-खजूर, आंवला, कच्चे आम, टमाटर आदि की दो-तीन तरह की मीठी-तीखी चटनियां हमेशा मिल जाएंगी. इसमें न तो प्रिजर्वेटिव की दरकार होती है और न प्री पैक्ट फूड आयटम की. फिर हमारे हल्दी, मिर्च, सरसो तेल जैसे इंग्रेडिएंट्स में प्राकृति प्रिजर्वेटिव के गुण होते हैं.

हमने विभिन्न विशेषज्ञों से पूछा कि क्या इंडियन मील प्रेपिंग को स्वस्थ बनाने का कोई तरीका है तो ज्यादातर की राय थी कि यह गलत धारणा है कि इंडियन मील प्रेपिंग हेल्दी नहीं हो सकती है. आहार विशेषज्ञों का कहना है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि भोजन तैयार करते समय आपको पर्याप्त पोषक तत्व मिल रहे हैं, आपको प्रत्येक भोजन के लिए विभिन्न प्रकार की सब्जियां, फलियां और ग्लूटेन-मुक्त अनाज जैसे क्विनोआ, बाजरा या ब्राउन चावल को शामिल करके एक रंगीन प्लेट बनाने पर ध्यान देना चाहिए. विटामिन और मिनरल्स के स्रोत पर ध्यान दीजिए. उदाहरण के लिए प्रोटीन के लिए, दाल, छोले, टोफू और टेम्पेह जैसी फलियां पोषण और स्वाद का एक बेहतरीन संयोजन प्रदान करती हैं. अपने भोजन के पोषण मूल्य को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त वर्जिन नारियल तेल, सरसों का तेल या एवोकैडो तेल जैसे स्वस्थ तेलों का उपयोग करने पर विचार करें.

## स्टोरेज पर दें ध्यान



विशेषज्ञों के अनुसार, चूंकि भारत एक गर्म देश है, इसलिए अपने देश में मील प्रेपिंग तभी अपनानी चाहिए जब उसके स्टोरेज की बेहतर व्यवस्था है. आपके इलाके में बिजली बार-बार गुल होती है और लंबे समय तक नदारद रहती है तो बेहतर है कि इस व्यवस्था को आप नहीं अपनाएं. खाना जब थोक में बना लें तो इसके ठंडा होने पर तुरंत डीप फ्रीजर में एयर टाइट डिब्बों में स्टोर कर लें. इनके ऊपर लेबल लगाएं कि कब बना कर रखी हैं और क्या है. डेयरी उत्पादों, मांस और घर में बनी चटनी सहित खराब होने वाली वस्तुओं के के लिए खास सतर्कता बरतें. "कबाब जैसी वस्तुओं के लिए, मांस को मैरीनेट करना और पकाने के लिए तैयार होने तक उन्हें रेफ्रिजरेटर में रखना उचित है. इससे न केवल स्वाद बढ़ता है बल्कि खराब होने का खतरा भी कम हो जाता है. दही, पुदीना और इमली जैसी पारंपरिक कूलिंग इंग्रेडिएंट्स को शामिल करने से ताजगी बढ़ सकती है, जो गर्मी का मुकाबला करते हुए एक सुखद स्वाद देते हैं.

## एक्सपर्ट का कहना है



**डॉ मनीषा घई**
सीनियर कंसल्टेंट डाइटीशियन

बेशक मील प्रेपिंग यानी हफ्ते भर के खाने को एक बार तैयार करना बहुत स्वास्थ्यकर नहीं कहा जा सकता, लेकिन जिसके पास खाना बनाने का समय ही नहीं है, वे वैकल्पिक तौर पर इसे अपना सकते हैं. बहुत कम तापमान पर इसे स्टोर करने पर बैक्टेरिया के पनपने की आशंका कम होती है. मील प्रेपिंग के जरिए हफ्ते भर का खाना फ्रीजर में सुरक्षित रखने से कम से कम हम जंक फूड या रेस्त्रां के खाने से बचते हैं. हमें यह तो पता होता है कि हमारी थाली में जो परोसा हुआ है, वह क्या है और कितनी गुणवत्ता का है.



**रानी प्रसाद**
कुकरी एक्सपर्ट

हफ्ते भर का पूरा खाना तैयार कर फ्रिज में रखना मुझे सही नहीं लगता, न तो स्वास्थ्य की दृष्टि से और न स्वाद की दृष्टि से. इससे बेहतर है कि खाना बनाने की ऐसी तैयारी हफ्ते भर की करके रखें कि रसोई में गुजारे जाने वाले समय की कटौती हो सके और हम झटपट खाना बना सकें. पालक प्यूरी तैयार रहेगी, फ्रिज में पनीर होगा तो फिर पालक पनीर बनाने में भला समय ही कितना लगेगा. फ्रिज में शिमला मिर्च, गाजर, बीटरुट व दूसरी सब्जियां बारीक काट कर जिपर बैग या एयर टाइट डिब्बे में रखा रहे और मूंग दाल का पेस्ट भी तो मूंग का चीला बनने में अधिक देर नहीं लगेगा. दाल भले दो तीन दिन के लिए नमक-हल्दी डाल कर उबाल लें, पर छौंक रोज नई और अलग फ्लेवर की डालें. सूजी, दलिया आदि तो हम रोस्ट करके रखते ही हैं, इसमें नई बात कहां. दही फ्रिज में हो तो सूजी, दही और इनो फ्रूट साल्ट मिला कर इडली तैयार करने में भला कितना समय लगेगा, चाहें तो नारियल-मूंगफली चटनी हफ्ते भर का तैयार रखें.



# मां बनने के सुख में बाधा दे सकता है एंड्रोमेट्रियोसिस

अक्सर देखा जाता है कि मासिक के दौरान कुछ महिलाएं असह्य दर्द से गुजरती हैं लेकिन कभी लापरवाही तो कभी लोक लाज या फिर किसी अन्य कारण से अपने परिजनों को ही इस बारे में नहीं बताती हैं. इससे बीमारी और गंभीर हो जाती है. अधिक दर्द होने पर गूगल कर या मां, सहेली, या दूसरे परिजन से पूछ कर पेन किलर खा लेती हैं. इससे किडनी पर दुष्प्रभाव पड़ता है. वहीं दर्द के मूल कारण का भी पता नहीं चल पाता. पीरियड के दौरान दर्द का एक महत्वपूर्ण कारण एंड्रोमेट्रियोसिस भी हो सकता है. इससे अन्य कई समस्याओं के साथ महिलाओं को गर्भधारण की दिक्कतों का भी सामना करना पड़ सकता है. एनसीआरआई की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में करीब 20-30 फीसदी महिलाओं में गर्भधारण की समस्या इस बीमारी के कारण हो रही है.

## क्या है एंडोमेट्रियोसिस

एंडोमेट्रियोसिस दरअसल गर्भाशय से जुड़ी बीमारी है. इसमें गर्भाशय की आंतरिक परत बनाने वाले एंडोमेट्रियल ऊतक में असामान्य बढ़ोतरी होने लगती है और वह गर्भाशय के बाहर अन्य अंगों में फैलने लगता है. वैसे तो यह बीमारी शरीर में कहीं भी हो सकती है लेकिन मुख्य रूप से अंडाशयों, फेलोपियन नलिकाओं में होती है. यह बीमारी मुख्य रूप से प्रजनन काल यानी 18-35 वर्ष की उम्र में ही होती है. एंडोमेट्रियोसिस से महिलाओं को गर्भधारण की समस्या होती है.



## पहचानिए लक्षण

यह समस्या सबसे ज्यादा माहवारी के दौरान होती है. इसमें हैवी ब्लीडिंग (डिस्मेनोरिया) होती है. पीरियड्स के बीच स्पॉटिंग की समस्या, बांझपन, मासिक धर्म के दौरान पेट के निचले हिस्से और पीठ में तेज दर्द, यूरिन या स्टूल पास करते समय दर्द और बेचैनी आदि होती है. थकान, दस्त, कब्ज, सूजन या मतली जैसे लक्षण पीरियड्स के दौरान महिलाएं महसूस करती हैं.

## ये हो सकते कारण

एक रिपोर्ट के अनुसार जो महिलाएं ज्यादा ट्रांस फैट खाती हैं उनमें ट्रांस फैट कम या न खाने वालों की तुलना में 48 प्रतिशत अधिक इस बीमारी का खतरा रहता है. जिस तेल को बार-बार गर्म किया जाता है, उसमें तले खाद्यपदार्थ से इस बीमारी के लक्षण उभर सकते हैं. खासकर बाजार में बिकने वाले समोसा-कचौड़ी, चिप्स, नमकीन आदि का सेवन घातक हो सकता है. इसके अलावा रेड मीट, सोडा, कोल्ड ड्रिंक, शराब, सिगरेट और कैफीन वाली चीजें भी इसको बढ़ाती हैं.

## ऐसे मिलेगी राहत

कई रिसर्च में स्पष्ट हो चुका है कि एंडोमेट्रियोसिस और डाइट में बीच सीधा संबंध है. अगर आप अपने आहार का एक चौथाई हिस्सा फल-सब्जियों का रखती हैं तो आपमें इसकी आशंका कम है. इसी तरह महिलाएं आहार में ओमेगा थ्री फैटी एसिड वाली डाइट जैसे तीसी, चिया सीड्स, अखरोट, सोयाबीन, मछली आदि नियमित लेती हैं तो उनमें इसका जोखिम 22 फीसदी तक कम होता है. पानी, छाछ, नारियल पानी आदि का खूब सेवन और नियमित वर्कआउट भी इस रोग को दूर भगाने में कारगर होता है.

### दीवाली की सफाई

# कहां और कैसे हो शुरुआत

**दीवाली में अब कुछ ही दिन बचे हैं. घर की साफ-सफाई बड़ी चुनौती है. ज्यादातर महिलाएं यही नहीं तय कर पाती हैं कि सफाई आखिर शुरू कहां से और कैसे की जाए. आइए आज इसी पर करें चर्चा-**



- दीवाली की सफाई की शुरुआत सीलिंग फैन और खिड़की-दरवाजों की क्लीनिंग करें. इसके साथ ही घर की दीवारों पर लगे जालों और गंदगी को भी अच्छे से क्लीन करें. इससे इन जगहों पर लगी गंदगी और धूल एक बार में फर्श पर आ जाएगी. मकड़ी के जालों को सबसे पहले हटाएं. इस तरह बार बार फर्श साफ करने की समस्या से राहत मिलेगी. अब डिटर्जेंट घोल के एक कॉटन के कपड़े को गीला करके इसे निचोड़ लें. अब इससे स्विच बोर्ड साफ करें. इसके बाद जब बोर्ड अच्छे से सूख जाए तब ही पावर बटर ऑन करें. रबिंग अल्कोहल से भी स्वीच बोर्ड बेहतर साफ होते हैं.



- अब घर के फालतू सामान की पहचान कर उन्हें निकालें. घर में टूटे हुए बर्तन, क्रॉकरी, पुराने जूते पड़े हैं तो उसे सबसे पहले बाहर करें. जो कपड़े मौसम के अनुसार कभी कभी ही उपयोग में लाए जाते हैं, उन्हें कुछ घंटों के लिए धूप में जरूर सुखाएं. इससे उनकी बदबू दूर होगी. इसके बाद अपना वार्डरोब ठीक करें. इसके अलावा जो कपड़े और शू आप कम पहनते हैं उसे डिब्बे में पैक करके अलग रखें. ताकि उसपर धूल न जमें.



- अब रसोई के कम उपयोग आने वाले बर्तनों की सफाई करें. उन्हें सूखा कर वापस सलीके से रख दें. ब्लीचिंग पाउडर, डिटर्जेंट, बेकिंग पाउडर, विनेगर आदि की सहायता से किचन की टाइल्स और प्लेटफॉर्म साफ करें. किचेन के कैबिनेट से सारे सामान हटा कर उनकी सफाई करें. गैस स्टोव को सिलेंडर से हटा कर डीप क्लीनिंग करें. गरम पानी या डिटर्जेंट में थोड़ा नमक मिलाकर एक-एक कांच का बर्तन डालकर आराम से साफ करें.



अब आखिरी में आप अपने बेडरूम के साथ ही लिविंग रूम को अच्छे से क्लीन कर लीजिए. दीवाली के साथ मौसम भी बदलता है. इसलिए संभव हो तो इसके अनुकूल पर्दे को बदल लीजिए. लीविंग रूम में सोफे के कवर, टेबल कवर, सोफा बैक-थ्रो, कुशन कवर आदि बदलें या साफ कर लें. सजावट में उपयोग आने वाले शो पीस, आर्टिफिशल फ्लावर आदि को साफ करें. फर्श की डीप क्लीनिंग कर लीजिए.

### ब्यूटी टिप्स

# हल्दी, चंदन, शहद से निखरा चांद से सितारों का हुस्न

**आज फिर से हम प्राकृतिक चीजों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं. बॉलीवुड सेलेब्स के लिए अपनी त्वचा की देखभाल बहुत चुनौती पूर्ण है क्योंकि उनका करियर इस पर काफी हद तक निर्भर है. ऐसे में बात करें कुछ ऐसी एक्ट्रेस की जो अपनी त्वचा की देखभाल के लिए घरेलू सामग्री से तैयार फेस पैक लगाती हैं.**

- दीपिका पादुकोण त्वचा की देखभाल के लिए त्वचा की क्लींजिंग, हाइड्रेशन और प्रोटेक्शन का ध्यान रखती हैं. त्वचा की चमक को बरकरार रखने के लिए सही न्यूट्रिशन और हाइड्रेशन का खास ध्यान रखती हैं. स्किन का ग्लो मेंटेन रखने के लिए दीपिका मसाज लेना पसंद करती हैं. बालों को घना और सुंदर बनाए रखने के लिए बालों में नियमित तेल लगाती हैं.

- अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी बिना मेकअप की तस्वीरें शेयर करने वाली अनन्या पांडेय नियमित तौर पर हल्दी, हनी और दही का फेस मास्क लगाती हैं. इस पेस्ट को 15 से 20 मिनट के बाद धो लेती हैं. यह पैक उनकी स्किन को टैनिंग, दाग-धब्बे और पिगमेंटेशन से दूर रखता है और त्वचा ग्लास की तरह चमकदार भी.

- जहान्वी कपूर को मम्मी श्रीदेवी ने फ्रूट मास्क लगाना शुरू किया था जो वे आज भी अपनाती हैं. इसके लिए किसी भी मौसमी फल को मैश कर उसमें दही और शहद मिलाकर एक फेस पैक तैयार करती हैं और उसे चेहरे पर आधे घंटे तक लगा लेती हैं. फिर आधे कटे संतरे की मदद से फेस को जेंटली रब कर मास्क रिमूव करती हैं. इसके बाद ठंडे पानी से फेस वॉश कर लेती हैं.

- ऐश्वर्या राय फेस पर बेसन और दही का ट्रेडिशनल फेस पैक लगती हैं. एक चम्मच बेसन में दो चम्मच दही और एक चम्मच शहद मिला कर पेस्ट बनाती हैं और चेहरे पर लगाती हैं. सूख जाने पर पानी से धो लेती हैं. इस फेस पैक से चेहरे पर जमी डेड स्किन को रिमूव करती है. साथ ही दाग-धब्बे हटाकर रंगत को निखारती है. एक ब्यूटी मैग्जीन को दिए इंरव्यू में ऐश्वर्या ने बताया था कि ये अपने बालों पर ऐवोकाडो का हेयर मास्क बनाकर लगाती हैं. कभी-कभी दही और केले का मास्क तैयार करके बालों को हाइड्रेट करती हैं ताकि बाल प्राकृतिक रूप से घने और सुंदर बने रहें.



- प्रियंका चोपड़ा जोनस अपने होंठों को एक्सफोलिएट करने के लिए लिप स्क्रब खुद घर पर ही तैयार करती हैं. वे सी साल्ट का स्क्रब बनाती हैं. इसके लिए वो कुछ टीस्पून सी साल्ट में वेजीटेबल ग्लिसरीन व गुलाबजल मिलाकर बनाती हैं और इससे अपने होंठों को एक्सफोलिएट करती हैं.

- आलिया की स्किन हमेशा टाइट और ग्लोइंग नजर आती है. आलिया अपनी त्वचा पर आइस क्यूब्स लगाना पसंद करती हैं. खासतौर पर जब इन्हें इंस्टेंट फ्रेशनेस चाहिए होती है या पफी आइज से निजात पानी होती है तो ये आइस क्यूब्स लेकर इससे अपने चेहरे की मसाज करती हैं. पैक में मुल्तानी मिट्टी के फेस पैक इनके फेवरिट हैं.

- कृति सेनन त्वचा की बेदाग और निखरी सुंदरता के लिए शहद लगाती हैं. यह त्वचा को हाइड्रेट भी रखता है और रिंकल्स, ऐक्ने जैसी स्किन प्रॉब्लम्स से भी छुटकारा दिलाता है.

- कियारा आडवाणी के ब्यूटी सीक्रेट में रोज वाटर अव्वल है. इसके अलावा मलाई-बेसन-दूध और हल्दी से बना फेस पैक भी लगाती हैं.

- मलाइका अरोड़ा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि वे अपनी त्वचा को स्क्रब करने के लिए कॉफी का स्क्रब करती हैं. इसके लिए ऑलिव ऑइल में कॉफी पाउडर को मिक्स करके स्क्रब तैयार करती हैं. बकौल मलाइका इससे डेड सेल्स और डर्ट को क्लीन करती हैं. त्वचा को हाइड्रेड रखने और फ्लॉलेस रखने के लिए मलाइका ऐलोवेरा जेल लगाती हैं.

- करीना अपनी स्किन पर माचा टी फेस पैक लगाती हैं. इसके अलावा मौसमी फलों का फेसपैक लगाना भी उन्हें पसंद है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### आईएसएल की तर्ज पर शुरू होगी यूपीएसएल

**ग्रेटर** नोएडा। उत्तर प्रदेश में पहली बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जैसी शानदार और रोमांचक फुटबॉल लीग शुरू होने जा रही है. उत्तर प्रदेश सुपर लीग (यूपीएसएल) मार्च-अप्रैल 2025 में खेली जाएगी और इसमें पूरे राज्य के फुटबॉल प्रेमी, युवा प्रतिभाएं और पेशेवर खिलाड़ी एक रोमांचक नए प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ आएंगे. फुटबॉल लीग ग्रेटर नोएडा स्टेडियम और लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेली जाएगी. इस लीग का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में खेल विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृष्टिकोण के अनुरूप फुटबॉल को बढ़ावा देना है.

### भारतीय जू. पुरुष हॉकी टीम मलेशिया रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सोमवार देर रात 12वें सुल्तान जोहोर कप में भाग लेने के लिए मलेशिया रवाना हो गई. 19 से शुरू होकर 26 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में भारत का सामना मेजबान मलेशिया, जापान, ग्रेट ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से होगा. नव नियुक्त हेड कोच, पीआर श्रीजेश मलेशिया में टीम की कमान संभालेंगे, जबकि आमिर अली कप्तान होंगे और रोहित उनके डिप्टी होंगे. भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा.

### अर्जेंटीना को मैक एलिस्टर के वापसी की उम्मीद

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी मंगलवार को बोलिविया के खिलाफ़ अपने घरेलू विश्व कप क्वालीफ़ायर के लिए एलेक्सिस मैक एलिस्टर की वापसी का अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा करेंगे. मैक एलिस्टर गुरुवार को वेनेजुएला के साथ एल्बिसेलेस्टे के 1-1 से ड्रॉ मैच में चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, लेकिन उन्होंने प्रशिक्षण फिर से शुरू कर दिया है और ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोनुमेंटल में होने वाले मैच में खेल सकते हैं.

### अर्जुन बाबूता 10 मी एयर राइफल में 5वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** अर्जुन बाबूता मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पदक दौर के अधिकांश समय तक शीर्ष पर रहने के बाद पांचवें स्थान पर रहे. पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में चौथे स्थान पर रहने के बाद पदक से चूकने वाले बाबूता फाइनल के शुरुआती चरणों में आगे चल रहे थे, लेकिन 9.8 के स्कोर के कारण वे पदक की दौड़ से बाहर हो गए और सीधे पांचवें स्थान पर खिसक गए. यह चौंकाने वाला बदलाव था. उन्होंने कुल 188.3 अंक बनाए. चीन के लिहाओ शेंग ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हंगरी के पेनी इस्तवान ने रजत और जिरी प्रिवरत्स्की ने कांस्य पदक जीता. 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक अन्य भारतीय दिव्यांश पंवार भी पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहे और 124.0 अंकों के साथ निराशाजनक आठवें स्थान पर रहे.

## लाल रंग के जर्सी से लेकर जूते तक पहने 37 वर्षीय नोवाक जोकोविच ने कहा-

# मैं चीनी संस्कृति व परंपरा के सम्मान के रूप में लाल रंग पहनता हूं

**एजेंसी। शंघाई**



जर्सी से से लेकर जूते तक लाल रंग के कपड़े पहने 37 वर्षीय नोवाक जोकोविच ने किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरिना में सभी प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी और मैच जीतने के बाद कैमरे के लेंस पर अलग-अलग चीनी अक्षर लिखे, इस तरह उन्होंने एटीपी शंघाई मास्टर्स में चीन के प्रति प्यार दिखाने की अपनी आदत जारी रखी. जोकोविच ने प्रेस को बताया कि पूरी दुनिया जानती है कि लाल रंग चीन का प्रतिनिधित्व करता है. उन्होंने कहा, मैं जानबूझकर ऐसा करता हूं. मैं चीनी संस्कृति और परंपरा के सम्मान के रूप में लाल रंग पहनता हूं. उम्मीद है कि लाल रंग सौभाग्य लाएगा. मैं लाल रंग में अच्छा खेल रहा हूं, इसलिए मैं परंपरा को जारी रखूंगा. शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को शंघाई मास्टर्स के फाइनल में दुनिया के नंबर 1 जानिक सिनर से हारने के बावजूद, जोकोविच ने साबित कर दिया कि उनमें अभी भी उच्च स्तरीय आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता है. उन्होंने कहा, मेरी मुख्य प्रेरणा खेल के प्रति बहुत जुनून और प्रतिस्पर्धा जारी रखने की इच्छा से आती है. ऐसे कई मैच और चुनौतियां हैं जिनके लिए मैं अभी भी प्रयास करता हूँ ताकि मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ़ सबसे बड़े टूर्नामेंट के फ़ाइनल के सबसे बड़े मंच पर खेल सकूं. चार शंघाई मास्टर्स खिताब जीतने के बाद, जोकोविच ने चीनी प्रशंसकों के बीच अपनी पहचान बना ली है. जोकोविच ने कहा, पांच साल हो गए हैं, अपने करियर में सबसे ख़ुशियों वाली जगहों में से एक पर वापस आकर, एक ऐसा देश जहां मुझे टेनिस कोर्ट पर काफ़ी सफलता मिली, कई खिताब जीते, शानदार यादें बनीं. चीन में प्रशंसकों से मिले शानदार समर्थन ने सर्बियाई स्टार पर गहरी छाप छोड़ी है. उन्होंने कहा, वे शायद सबसे अनोखे, सबसे भावुक प्रशंसक हैं और इतने समर्पित हैं, रोज़ाना आपका इंतज़ार करते हैं और वास्तव में आपको बहुत प्यार और ऊर्जा देते हैं. जोकोविच ने चीन में टेनिस के विकास पर भी पूरा ध्यान दिया है. पुरुष एकल के लिए पेरिस ओलंपिक चैंपियन के रूप में, जोकोविच ने खुलासा किया कि वह झेंग किनवेन के "बड़े प्रशंसक" हैं, जिन्होंने महिला एकल में स्वर्ण पदक जीतकर चीन के लिए इतिहास रच दिया. जोकोविच ने कहा, "वह बहुत युवा है. उसने इस साल ओलंपिक खेलों में चीन को गौरवान्वित किया. वह स्वर्ण पदक लेकर आई, मुझे लगता है कि चीन के लिए टेनिस में यह पहला पदक है, इसलिए यह बहुत बड़ी बात है. वह एक बेहतरीन इंसान है और एक बहुत अच्छी खिलाड़ी है जो लगातार बेहतर होती जा रही है. कोर्ट के बाहर हमारे बीच अच्छे संबंध हैं और जब भी हमें मौका मिलता है, हम बातचीत करते हैं. उन्होंने आगे कहा कि जब भी झेंग उनसे सलाह चाहती हैं, तो वह उनके लिए उपलब्ध हैं. जोकोविच ने झांग झिझेन को सबसे सफल पुरुष चीनी खिलाड़ी" भी बताया. "वह रैंकिंग में ऊपर चढ़ रहा है और वह अन्य खिलाड़ियों को यह विश्वास दिलाने में भी मदद कर रहा है कि वे उच्च रैंकिंग तक पहुंच सकते हैं. टेनिस के दिग्गज चीनी टेनिस के भविष्य को लेकर आशावादी हैं. जोकोविच ने कहा, मुझे लगता है कि चीनी मानसिकता ऐसी है कि जब वे किसी चीज के लिए समर्पित होते हैं, तो आप देख सकते हैं कि कड़ी मेहनत करना यहां कोई मुद्दा नहीं है. मैं यह देखने के लिए वास्तव में खुश और उत्साहित हूं कि भविष्य में चीनी टेनिस कैसे आगे बढ़ेगा.

### पटना पाइरेट्स की कमान संभालेंगे शुभम



**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के लिए पटना पाइरेट्स ने डिफेंडर शुभम शिंदे को कप्तान और अंकित को उप-कप्तान बनाया है. पीकेएल का 11वां संस्करण 18 अक्टूबर से शुरू होगा. महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के कोलकेवारी गांव के रहने वाले 26 वर्षीय शुभम शिंदे अपने सकारात्मक स्वभाव और अनुशासन के कारण कबड्डी खिलाड़ियों और प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हैं. 25 वर्षीय अंकित ने प्रो कबड्डी में 23 से अधिक मैच खेले हैं और वे उप-कप्तान के रूप में टीम का समर्थन करेंगे. मैचों के दौरान अंकित की गति और चपलता टीम के लिए एक परिसंपत्ति होगी.

## बेंगलुरू में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण भारत का अभ्यास सत्र रद्द

# बेंगलुरू टेस्ट पर बारिश का साया

**एजेंसी। बेंगलुरु**



बेंगलुरू में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण भारत को मंगलवार का अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा. यह अभ्यास सत्र सुबह 9.30 बजे से होना निर्धारित था, जिसे बारिश के कारण शुरू में एक घंटे के लिए टाला गया. लेकिन जब परिस्थितियां नहीं सुधरीं तो इसे रद्द करना पड़ा.

न्यूज़ीलैंड का अभ्यास सत्र दोपहर में निर्धारित है, जिस पर भी बारिश का साया है. पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरू में लगातार बारिश हो रही है. सोमवार को भी बारिश हुई थी, हालांकि दोनों टीमों ने बारिश की लुका-छिपी के बीच अभ्यास किया था. लेकिन मंगलवार को ऐसा संभव नहीं हो सका क्योंकि सुबह से लगातार भारी बारिश हो रही थी और पिच के साथ-साथ स्क्वेयर मैदान भी कवर से ढका हुआ है. उल्लेखनीय है कि सितंबर में बेंगलुरू में उतनी बारिश नहीं हुई थी, लेकिन अक्टूबर शुरू होते ही बारिश की मात्रा बढ़ गई. टेस्ट मैच के पहले दो दिन 70 से 90 फ़ीसदी बारिश का पूर्वानुमान है, वहीं अन्य दिन भी बारिश से प्रभावित होंगे. इससे पहले बांग्लादेश के ख़िलाफ़ भारत का कानपुर टेस्ट भी बारिश से लगभग तीन दिन तक प्रभावित रहा था. हालांकि मैच के चौथे दिन सिर्फ़ 34.4 ओवरों में 285 रन बनाकर भारत ने आख़िरी दो दिनों में यह मैच जीत लिया था. हालांकि बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम का ड्रेनेज सिस्टम कानपुर से बहुत बेहतर बताया जाता है, जहां पर बारिश रूकने के घंटे भर के भीतर ही मैच शुरू हो सकता है. भारत इस सीरीज़ में भी 3-0 की जीत चाहेगा, ताकि वह बिना किसी मुश्किल के डब्लूटीसी फ़ाइनल में पहुंच सके.

## टेस्ट सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को लगा झटका

# पेसर बेन सीयर्स बाहर, डफी को मिली जगह

**एजेंसी। बेंगलुरु**



टीम इंडिया के विरूद्ध खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज से ठीक एक दिन पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है. दरअसल, कीवी टीम के तेज गेंदबाज बेन सीयर्स इंजरी की वजह से सीरीज से आउट हो गए हैं. बेन सीयर्स की जगह अब जैकब डफी को टीम में शामिल किया गया है. जैकब कीवी टीम के लिए एकदिवसीय और टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं, लेकिन उन्हें टेस्ट मैचों का अभी तक कोई एक्सपिरियंस नहीं है. ऐसे में जैकब को भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से डेब्यू करने का मौका मिल सकता है. बेन सीयर्स को श्रीलंका में हाल ही में टेस्ट सीरीज के प्रैक्टिस के दौरान बाएं घुटने में दर्द की शिकायत हुई थी और पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में उनका स्कैन कराया गया था. न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा, "स्कैन की वजह से सीयर्स के भारत रवाना होने में देरी हुई, स्कैन में चोट का पता लगा.

मेडिकल सलाह के बाद उन्हें सीरीज से बाहर करने का फैसला लिया गया. न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, 'हम बेन के लिए निश्चित रूप से निराश हैं, जिन्होंने अपने टेस्ट करियर की मजबूत शुरुआत की और यह देखना अभी बाकी है कि हम कितने समय तक उनके बिना रहेंगे. लेकिन, हमें उम्मीद है कि वह जल्द ही पूरी तरह ठीक हो जाएंगे.'' स्टीड ने कहा, यह जैकब के लिए एक रोमांचक मौका है. हमारे सामने तीन टेस्ट मैच हैं, इसलिए उनके पास टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने का पूरा मौका है.

### बुमराह खेल को अच्छी तरह समझते हैं : रोहित



**बेंगलुरु.।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए टेस्ट उप-कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताया. बुमराह ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में ज्यादा कप्तानी नहीं की है, लेकिन रोहित ने बताया कि वह नेतृत्व समूह का हिस्सा थे और उन्होंने अतीत में कभी-कभी भारत का नेतृत्व भी किया है. "बुमराह ने काफी क्रिकेट खेला है. मैंने उनके साथ काफी क्रिकेट खेला है. वह खेल को अच्छी तरह समझते हैं. उनके पास अच्छा दिमाग है. जब आप उनसे बात करते हैं, तो वह खेल को अच्छी तरह समझते हैं.'''' रोहित ने बारिश के कारण भारत के प्रशिक्षण सत्र में बाधा आने के बाद मैच से पहले प्रेस मीट में संवाददाताओं से कहा, "रणनीतिक रूप से, मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि उन्होंने ज्यादा कप्तानी नहीं की है.

### टेस्ट में हालात के हिसाब से खुद को ढालना अहम : अश्विन

**एजेंसी ।नई दिल्ली**



भारतीय स्पिन गेंदबाज और ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती को नए सिरे से समझाया और इसे खेल का सबसे ऊंचा स्तर बताया. बीसीसीआई द्वारा जारी एक वीडियो में उन्होंने इस बारे में बात की. वीडियो में भारतीय टीम के बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र की झलकियां दिखाई गई. इसमें अश्विन की आवाज में बताया गया कि टेस्ट क्रिकेट में हर दिन खिलाड़ियों को हालात के हिसाब से ढलना पड़ता है और नई रणनीतियां अपनानी पड़ती हैं. अश्विन ने कहा, "टेस्ट क्रिकेट हमेशा अनुकूलन (एडेप्टेशन) के बारे में है. आप पांचवें दिन का खेल वैसे नहीं शुरू कर सकते जैसे पहले दिन किया था. हर दिन आपको हालात के हिसाब से ढलना जरूरी होता है. यही वजह है कि इसे क्रिकेट का सबसे ऊंचा स्तर कहा जाता है." बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से जीत में ''प्लेयर ऑफ द सीरीज'' रहे अश्विन अब न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में खेलने वाले हैं. पहला मैच बुधवार को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा. अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 527 विकेट लिए हैं. न्यूजीलैंड की टीम आखिरी बार 2021-22 में भारत आई थी, तब दो टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत ने 1-0 से जीत दर्ज की थी.

### शमी को लगी एक और चोट, रोहित ने की पुष्टि

**बेंगलुरु ।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने पुष्टि की कि मोहम्मद शमी की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी और भी अधिक विलंबित हो सकती है, क्योंकि उन्हें हाल ही में एक और चोट लगी है. इस साल फ़रवरी में शमी के दाहिने (एचिलीस टेंडन) पैर की सर्जरी हुई थी, अब उनके घुटने में सूजन आ गई है, जिससे उनकी रिकवरी में देरी हो रही है. रोहित के अनुसार, "अभी यह कहना मुश्किल है कि वह इस सीरीज़ या ऑस्ट्रेलिया सीरीज़ के लिए फ़िट होंगे या नहीं. हाल ही में उन्हें एक और चोट लगी है, उनके घुटने में सूजन आ गई, जो काफ़ी असामान्य है. वह फ़िट होने की प्रक्रिया में थे और लगभग फ़िट भी हो गए थे, लेकिन उनके घुटने में सूजन आ गई है. इससे उनकी रिकवरी में थोड़ी देरी हुई है, उन्हें फिर से शुरुआत करनी पड़ेगी.



### भारत में हम अपनी शैली के साथ खेलेंगे : रचिन

**बेंगलुरु।** न्यूज़ीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज रचिन रविंद्र का मानना है कि भारत में टेस्ट सीरीज़ जीतना एक बेहद कठिन कार्य है. हालांकि उन्हें उम्मीद है कि हाल ही में भारत में उनके सफेद गेंद क्रिकेट में मिली सफलता और न्यूज़ीलैंड का हाल ही में उपमहाद्वीप में खेलने का अनुभव उन्हें 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज़ में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद कर सकता है. रविंद्र ने भारत में 2023 वनडे वर्ल्ड कप में जबरदस्त प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने दस पारियों में 578 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और दो अर्धशतक शामिल थे. इसके बाद उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ आईपीएल अनुबंध मिला, और रविंद्र अचानक सुर्खियों में आ गए.



### खोया फॉर्म हासिल करने उतरेंगे सिंधू-लक्ष्य

**नई दिल्ली ।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 850000 डॉलर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिये फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे. दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा. पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई, जबकि 2021 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए. पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन ने हराया था. अब यहां उनका सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है. दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं. विश्व चैम्पियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है.



### नेशंस लीग: जर्मनी ने क्वाफा में बनायी जगह

**नई दिल्ली ।** जर्मनी ने नीदरलैंड को 1-0 से हराकर प्रारंभिक दौर की समाप्ति से दो मैच पहले यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में सुरक्षित प्रवेश किया. डेब्यूटेंट जेमी लेवलिंग की फिनिश ने जर्मनी को ग्रुप ए3 में शीर्ष दो पक्षों में से एक के रूप में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सक्षम बनाया. 23 वर्षीय लेवलिंग ने घंटे के तुरंत बाद एक कॉर्नर के बाद एक ढीली गेंद पर छलांग लगाई. मैक्सिमिलियन मिटेलस्टैड और टिम क्लेइंडिएन्स्ट ने पहले हाफ में बार्ट वर्ब्रुगेन का परीक्षण किया. रोनाल्ड कोमैन के मेहमान दो बार समापन चरणों में करीब पहुंचे, ज़ावी सिमंस की स्ट्राइक क्रॉसबार को छू गई, इससे पहले कि सब्सटीट्यूट डोनियल मालेन ने गोलकीपर ओलिवर बाउमन का सर्वश्रेष्ठ निकाला.

### चटगांव किंग्स में शामिल हुए शाकिब अल हसन

**ढाका।** शाकिब अल हसन बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के आगामी संस्करण के लिए चटगांव किंग्स में शामिल हो गए हैं. पिछले साल, शाकिब ने रंगपुर राइडर्स के साथ दो साल का करार किया था, लेकिन बाद में दोनों पक्ष आपसी समझ से अलग हो गए. फॉर्च्यून बरिशाल ने रिशाद हुसैन को चुना, लेकिन ऐसा तब हुआ जब 40 अन्य क्रिकेटरों को फ्रेंचाइजी द्वारा पहले ही चुना जा चुका था. शायद, फ्रेंचाइजी रिशाद को चुनने में झिझक रही थीं क्योंकि होबार्ट हरिकेन द्वारा इस सीज़न के बिग बैश लीग के लिए चुने जाने के बाद उनकी उपलब्धता थोड़ी अस्पष्ट है.

## हॉकी इंडिया लीग 2024-25

## पुरुष वर्ग में खिलाड़ियों की नीलामी पूरी, कुल 16 करोड़ 88 लाख रुपये होंगे खर्च

# भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे महंगे खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली : हॉकी इंडिया लीग की सात साल बाद वापसी दो दिवसीय पुरुष नीलामी के साथ हुई जो सोमवार को नई दिल्ली में समाप्त हुई. नीलामी के दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे महंगे बिके, उन्हें सूरमा हॉकी क्लब ने 78 लाख रुपये की बोली लगाकर खरीदा, जबकि सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ी अर्जेंटीना से जर्मन राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी गोंजालो पेइलट की रही, जिन्हें हैदराबाद तूफान ने 68 लाख रुपये में खरीदा. वहीं, अभिषेक दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने, जिन्हें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा जबकि हार्दिक सिंह के लिए यूपी रुद्रास ने 70 लाख रुपये खर्च किए. अमित रोहिदास के लिए तमिलनाडु ड्रैगन्स ने सबसे अधिक 48 लाख रुपये की बोली लगाई जबकि जुगराज सिंह को भी बंगाल टाइगर्स ने इसी राशि में खरीदा.**

### हॉकी इंडिया लीग के फ्रेंचाइजी की पूरी टीम पर एक नजर

**दिल्ली एसजी पाइपर्स**
**डिफेंडर** : जरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, रोहित, पॉ क्लैप्स (स्पेन), जोगिंदर सिंह.
**मिडफील्डर** : शमशेर सिंह, राज कुमार पाल, विलोट केवाई (ऑस्ट्रेलिया), अंकित पाल, क्रिस्टोफर रूहर (जर्मनी), फ्लिन ओगिल्वी (ऑस्ट्रेलिया), जोरिट क्रून (नीदरलैंड), मंजीत, थोकचोम किंग्सन सिंह.
**फॉरवर्ड** : टॉमस डोमेन (अर्जेंटीना), निकोलस डी कर्पेल (बेल्जियम), दिलराज सिंह, आदित्य लालगे, सौरभ आनंद कुशवाह, सुमित कुमार, इक्तिदार इशरत.
**गोलकीपर** : टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना), पवन, आदर्श जी..

**हैदराबाद तूफान**
डिफेंडर : गोंजालो पेइलट (जर्मनी), मैथ्यू डॉसन (ऑस्ट्रेलिया), आर्थर डी स्लोवर (बेल्जियम), देविंदर सुनील वाल्मीकि, अमनदीप लाकड़ा, सुंदरम राजावत, मुकुल शर्मा, अक्षय रवींद्र अवहद.
**मिडफील्डर** : नीलकंठ शर्मा, सुमित, ज़ाचरी वालेस (ग्रेट ब्रिटेन), रहीम आकिब सैय्यद, राजिंदर, दर्शन विभव गावकर, मैको कैसेला (अर्जेंटीना).
**फॉरवर्ड** : शिलानंद लाकड़ा, टिमोथी डैनियल (ऑस्ट्रेलिया), टेरेंस पीटर (नीदरलैंड), अर्शदीप सिंह, तलविंदर सिंह, इरेंगबाम रोहित.
**गोलकीपर** : जीन-पॉल डैनबर्ग वाई (जर्मन), बिक्रमजीत सिंह, विकास दहिया.

**कलिंगा लैकर्स**
**डिफेंडर** : संजय, मनदीप मोर, अलेक्जेंडर हेंड्रिक्क्स (बेल्जियम), आर्थर वान डोरेन (बेल्जियम), एंटोनी किना (बेल्जियम), प्रताप लाकड़ा, सुशील धनवार, रोहित कुल्लू.
**मिडफील्डर** : अरन ज़ालेव्स्की (ऑस्ट्रेलिया), मोरियांगथेम रबीचंद्र, एनरिक गोंजालेज (स्पेन), मुकेश टोप्पो, रोसन कुजूर, निकोलस बंडुरक (ग्रेट ब्रिटेन).
**फॉरवर्ड** : बॉबी सिंह धामी, दिलप्रीत सिंह, थियरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), अंगद बीर सिंह, रोशन मिंज, गुरसाहिबजीत सिंह, दीपक प्रधान.
**गोलकीपर** : कृष्ण पाठक, टोबियास रेनॉल्ड्स-कोटरिल (ग्रेट ब्रिटेन), साहिल कुमार नायक श्राची रारह.

**बंगाल टाइगर्स**
**डिफेंडर** : जुगराज सिंह, हेडन बेल्ट्ज़ (ऑस्ट्रेलिया), गौथियर बोकार्ड (बेल्जियम), रूपिंदर पाल सिंह, टॉम ग्रैम्बुश (जर्मनी), जसजीत सिंह कुलार.
**मिडफील्डर** : लाचलान शार्प (ऑस्ट्रेलिया), जसकरन सिंह, सीन फाइंडले (न्यूजीलैंड), प्रदीप मोर, प्रधान पूवन्ना चंदुरा, अफ्फान यूसुफ, अतुल दीप, योगेश मलिक सिंह, प्रदीप सिंह संधू, थौनाओजम इंगलेम्बा लुवांग.
**फॉरवर्ड** : अभिषेक, सुखजीत सिंह, फ्लोरेंट वान औबेल (बेल्जियम), सैम लेन (न्यूजीलैंड), गुरसेवक सिंह.
**गोलकीपर** : पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), अली खान, अटल देव सिंह चहल.

**सूरमा हॉकी क्लब**
**डिफेंडर** : हरमनप्रीत सिंह, जेरेमी हेवर्ड (ऑस्ट्रेलिया), गुरिंदर सिंह, निकोलस डेला टोरे (अर्जेंटीना), सुखविंदर, आशु मौर्य, प्रदीप मंडल.
**मिडफील्डर** : विवेक सागर प्रसाद, विक्टर वेगनेज़ (बेल्जियम), जोनास डी ग्यूस (नीदरलैंड), हरजीत सिंह, निकोलस पोंसलेट (बेल्जियम), प्रभजोत सिंह, अंकुश, सुनीत लाकड़ा.
**फॉरवर्ड** : गुरजंत सिंह, दयान कैसीम (दक्षिण अफ्रीका), बोरिस बर्कहार्ट (नीदरलैंड), मनिंदर सिंह, पवन राजभर, हरीश सोमप्पा मुटागर.
**गोलकीपर** : विंसेंट वानास्च (बेल्जियम), मोहित एचएस, जशनदीप सिंह.

**तमिलनाडु ड्रैगन्स**
**डिफेंडर** : अमित रोहिदास, जिप जानसेन (नीदरलैंड), कोथाजीत सिंह, मोरित्ज़ लुडविग (जर्मनी), आनंद वाई, आनंद लाकड़ा, पृथ्वी जीएम.
**मिडफील्डर** : थिएस प्रिंज़ (जर्मनी), टॉम क्रेग (ऑस्ट्रेलिया), मोहम्मद. रायल मौसीन, ब्लेक ग्लोवर्स (ऑस्ट्रेलिया), चंदन यादव, शेषा गौड़ा, एम. ढिलिपन, अरुण जे.
**फॉरवर्ड** : सेल्वम कार्थी, नाथन एफ़्राम्स (ऑस्ट्रेलिया), मज्जी गणेश, उत्तम सिंह, आभारन सुदेव.
**गोलकीपर** : डेविड हर्ट (आयरलैंड), डुको तेलगेनकैंप (नीदरलैंड), प्रिंस दीप सिंह, एस. सेंथमिज़ अरासु.

**टीम गोनासिका**
**डिफेंडर** : नीलम संजीव ज़ेस, अमीर अली, बीरेंद्र लाकड़ा, योगेम्बर रावत, टिमोथी हावर्ड (ऑस्ट्रेलिया), डिप्सन टिर्की, अनमोल एक्का.
**मिडफील्डर** : मनप्रीत सिंह, विष्णुकांत सिंह, ली मोटन (स्कॉटलैंड), जैक वालर (ग्रेट ब्रिटेन), जैकब ड्रेपर (वेल्स), मुस्तफा कैसिएम (दक्षिण अफ्रीका), यशदीप सिवाच, एसके उथप्पा.
**फॉरवर्ड** : मनदीप सिंह, जेरोएन हट्ज़र्बर्गर (नीदरलैंड), अरिजीत सिंह हुंदल, टॉम बून (बेल्जियम), एसवी सुनील, निक्किन थिमैया.
**गोलकीपर** : ओलिवर पायने (ग्रेट ब्रिटेन), सूरज करकेरा, कमलबीर सिंह.

**यूपी रुद्रास**
**डिफेंडर** : लार्स बाल्क (नीदरलैंड), केन रसेल (न्यूजीलैंड), सुरेंद्र कुमार, मार्क रिकासेंस (स्पेन), प्रियोबार्ता तलेम, सुनील जोजो, शारदा नंद तिवारी, प्रशांत बारला.
**मिडफील्डर** : हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, सिमरनजीत सिंह, फ्लो रिस वोर्टेलबोएर (नीदरलैंड्स), सेव वान ऐस (नीदरलैंड्स), मनमीत सिंह, जोबनप्रीत सिंह.
**फॉरवर्ड** : ललित कुमार उपाध्याय, अल्वारो इग्लेसियस (स्पेन), टैंगुय कोसिन्स (बेल्जियम), गुरजोत सिंह, मोहम्मद. ज़ैद खान, सुदीप चिरमाको.
**गोलकीपर** : प्रशांत कुमार चौहान, जेम्स मजारेलो (ग्रेट ब्रिटेन), पंकज कुमार रजक.

## ब्रीफ खबरें

### विवाहिता ने फांसी लगा कर ली खुदकुशी

**छपरा ।** शहर के नगर थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग से रिटायर्ड एएसआई की पुत्रवधू के आत्महत्या कर ली है. विवाहिता की मौत के बाद ससुराल से पूरा परिवार फरार है. वहीं मृतका के परिजनों ने मामले में हत्या किए जाने का आरोप लगाया है. साथ ही पुलिस पर भी केस में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है. पूरा मामला थाना क्षेत्र के हुस्से छपरा मुहल्ला का है. मृतका की पहचान ब्यूटी कुमारी (30) पति विजय कुमार के रूप में हुई है. मृतका का शव घर के पंखे से लटकता हुआ बरामद किया गया है.

### आईएमए ने ममता के विरूद्ध किया प्रदर्शन

**सहरसा ।** पं बंगाल में हुए डॉक्टर हत्याकांड के विरोध में श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल कैम्पस में मंगलवार को बंगाल सरकार के विरूद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन में श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल के व बुद्धा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों तथा श्री नारायण मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्रों ने भाग लिया. बताते चलें कि प्रोटेस्ट का आयोजन आईएमए सहरसा की ओर से किया गया.प्रेसिडेंट डॉ. केके झा, आईएमए कोसी डिविजन के सेक्रेट्री डॉ. जेके सिंह, सेक्रेट्री डॉक्टर आर के रवि सहित शहर के कई डॉक्टरों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया.

### मुजफ्फरपुर में बुजुर्ग को गोलियों से भूना

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना कांटी थाना क्षेत्र की है. गोली मारने के बाद बाइक सवार बदमाश फरार हो गए. कांटी थाना क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन हुई इस तरह की घटना के बाद हड़कंप मच गया है. आनन-फानन में बुजुर्ग को एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा. घटना कांटी थाना क्षेत्र के ढेबहां गांव की है. मृतक की पहचान राधे सिंह के रूप में की गई है.

### बिजली का तार सहित ट्रांसफार्मर की चोरी
# 300 घरों में बत्ती गुल, हुआ हंगामा

संवाददाता । मुजफ्फरपुर



मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थानाक्षेत्र के मझौलिया पंचायत के शाहबाजपुर कोठी इलाके से अज्ञात चोरों ने आधी रात को बिजली काटकर ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया. इस चोरी के कारण पूरे गांव के करीब 300 घरों में अंधेरा छा गया है. घटना के बारे में जानकारी सुबह उस वक्त हुई जब ग्रामीण उठे और देखा कि ट्रांसफार्मर गायब है. चोरों ने बेहद शातिराना ढंग से पहले बिजली की सप्लाई काटी और फिर ट्रांसफार्मर को खोलकर चोरी कर ले गए. चोरों ने ट्रांसफार्मर में लगे कवर और अन्य सामान मौके पर ही फेंक दिया. स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मर और बिजली के तारों की चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं. मीनापुर प्रखंड में पहले भी कई बार ट्रांसफार्मर और बिजली के तार चोरी हो चुके हैं, लेकिन पुलिस अभी तक इस गिरोह को पकड़ने में नाकाम रही है. ग्रामीणों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर नाराजगी जताई है और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है.

पूर्व मुखिया सदरूल खान ने बताया कि पूरे प्रखंड में चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है, जो बिजली के उपकरणों को निशाना बना रहा है. चोरों ने पहले बिजली काटी ताकि ग्रामीणों को इसका पता न चल सके और फिर ट्रांसफार्मर को खोलकर चोरी कर ले गए. इस घटना के बाद से शाहबाजपुर कोठी इलाके में बिजली गुल है और लगभग 300 घर अंधेरे में हैं.

### हेराफेरी के आरोप में एसपी ने की कार्रवाई
# पुलिस के तीन थानेदार निलंबित

संवाददाता । गोपालगंज

गोपालगंज में शराब माफियाओं से साठगांठ रखने और गांजा की बरामदगी कर बेच दिए जाने के मामले में गोपालगंज एसपी ने बड़ी कार्रवाई की है. एसपी ने तीन थानों के थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है. इनमें जादोपुर, विशंभरपुर और कुचायकोट के थानाध्यक्ष शामिल हैं. तीनों थानेदारों पर अलग अलग किस्म के आरोप लगे हैं. बताया जा रहा है कि जादोपुर थानाध्यक्ष पिंटू कुमार ने कुरियर कंपनी के नाम पर चलने वाली एक वाहन से 250 किलोग्राम गांजा जब्त किया था. गांजा को जब्त करने के बाद 70 किलोग्राम दिखाया गया, जबकि बाकी गांजा को जादोपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक तस्कर के हाथों बेच दिया गया था. गांजा की बरामदगी होने पर सदर एसडीपीओ प्रांजल ने प्रेस कांफ्रेंस भी किया था. वहीं विशंभरपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पर शराब माफिया से संपर्क रखने का आरोप है. पिछले कुछ दिनों से एसपी लगातार थाने के कार्यकलाप की गतिविधियों पर नजर रख रहें थे. हाल ही में थाने में पहुंच कर जांच भी किये थे. शराब तस्करों से संपर्क रखने के आरोप में इन्हें निलंबित किया गया.

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी :** वहीं, कुचायकोट थानाध्यक्ष सुनील कुमार पर भी शराब तस्करों से सांठगांठ का आरोप लगा है. विदित हो कि कुचायकोट थाना यूपी बिहार बॉर्डर से जुड़ता है. इसी थाने के अंतर्गत बलथरी चेकपोस्ट भी यहां है.

### अररिया के भरगामा से बरामद हुई नाबालिग
# बरामद लड़की हरियाणा पुलिस को सौंपा

संवाददाता । अररिया



हरियाणा से तीन माह पूर्व फरार नाबालिग युवती को अररिया के भरगामा में पुलिस ने बरामद करते हुए हरियाणा पुलिस को सौंपा दिया है. प्राप्त जानकारी मुताबिक एमपी टीकमगढ़ के सिमरा खुर्द निवासी हीरालाल कुशवाहा अपने परिवार के साथ हरियाणा के रोहतक स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी का काम करते हैं वही, कुछ दिन पूर्व उनकी नाबालिग पुत्री को भरगामा प्रखंड के रघुनाथपुर निवासी विनोद यादव के पुत्र सन्नी कुमार ने अपने प्रेम जाल में फंसा कर तीन माह पूर्व नाबालिग युवती को लेकर वहां से फरार हो गया. लड़की के पीड़ित पिता हीरालाल कुशवाहा ने संबंधित मामले को लेकर रोहतक थाना में अपने पुत्री के गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया. वही, इस केस के अनुसंधानकर्ता एएसआई निर्मला ने तकनीकी अनुसंधान करते हुए फरार नाबालिग लड़की का लोकेशन अररिया जिले के भरगामा प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर उत्तर में पाया. उसके बाद रोहतक पुलिस द्वारा एक विशेष टीम गठित किया गया. इसमें अनुसंधानकर्ता एएसआई निर्मला व एएसआई सोहनलाल के साथ अररिया के भरगामा थाना पहुंचे और स्थानीय पुलिस के मदद से और भरगामा थानाध्यक्ष राकेश कुमार के सहयोग से रघुनाथपुर उत्तर से नाबालिग युवती को सन्नी कुमार के घर से बरामद कर लिया गया.

### खान एवं भूतत्व विभाग की तैयारी पूरी
# 16 अक्टूबर से 236 घाटों पर शुरू होगा बालू खनन

- एनजीटी के निर्देश पर 15 जून से 15 अक्टूबर तक बालू खनन बंद है. इससे पहले राज्य में करीब 152 घाटों से बालू खनन हो रहा था. ऐसे में 16 से बालू खनन शुरू होने पर करीब 55 फीसदी घाटों की संख्या मे बढ़ोतरी हो जायेगी



संवाददाता । पटना

बिहार में 16 अक्टूबर से 236 घाटों से बालू खनन और बिक्री शुरू होगी. इसको लेकर खान एवं भूतत्व विभाग ने तैयारी लगभग पूरी कर ली है. राज्य में कुल 891 बालू घाट हैं. इनमें 488 लाल और 403 सफेद बालू के घाट हैं. इसमें 236 घाटों से खनन के लिए पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है जबकि अन्य घाटो की बंदोबस्ती सहित पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है. इसे पूरा होते ही इन घाटों पर भी खनन का काम शुरू कर दिया जाएगा. राज्य सरकार का मकसद अधिक से अधिक घाटों से बालू का खनन शुरू करना है. इससे आम लोगों को निर्माण कार्य के लिए कम समय में उचित कीमत पर बालू उपलब्ध हो सकेगा. इसके साथ राज्य सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी.

दूसरी ओर, बालू और गिट्टी ढोने वाले वाहनों के चारों तरफ लाल रंग की 20 इंच चौड़ी पट्टी पेंट करना होगा. उस पर सफेद रंग से छह इंच चौड़े फांट साइज के शब्दों में खनन वाहन निबंधन संख्या और निबंधन साफ्ट की निबंधन संख्या लिखनी होगी. इससे खनिज लदे वाहनों को दूर से ही पहचाना जा सकेगा और अवैध तरीके से खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों पर अंकुश लगाया जा सकेगा. ऐसे में बालू कारोबारियों की फिर से चांदी होने वाली है.

चार महीने के बाद यह खनन फिर से शुरू हो रहा है. इससे बालू की कीमतें नियंत्रित होंगी और लोगों को आसानी से बालू मिलेगा. खनन विभाग ने ठेकेदारों को ड्रोन सर्वे रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है. उल्लेखनीय है कि फिलहाल एनजीटी के निर्देश पर 15 जून से 15 अक्टूबर तक बालू खनन बंद है. इससे पहले राज्य में करीब 152 घाटों से बालू खनन हो रहा था. ऐसे में 16 से बालू खनन शुरू होने पर करीब 55 फीसदी घाटों की संख्या मे बढ़ोतरी हो जायेगी.

### लैंड फॉर जॉब मामले में अगली सुनवाई सात को

**पटना ।** लैंड फॉर जॉब मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव के खिलाफ सीबीआई को मिली केस चलाने की अनुमति के बाद मंगलवार को इसमें राउज एवेन्यु कोर्ट में सुनवाई हुई. हालांकि कोर्ट ने मामले की सुनवाई टाल दी. अब 7 नवम्बर को इस मामले की सुनवाई होगी. लालू यादव के खिलाफ गृह मंत्रालय ने सीबीआई को मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी थी जिसके जानकारी 20 सितंबर को दी गई थी. इसी को लेकर कोर्ट ने 15 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई करने की तारीख तय की थी. लेकिन अब इस मामले की सुनवाई 7 नवम्बर को होगी. दरअसल, सीबीआई ने गृह मंत्रालय से पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी थी.

# प्रसव पीड़ा से व्यग्र महिला ने सड़क पर बालक को दिया जन्म

संवाददाता । नवादा

नवादा में प्रसव पीड़ा से व्यग्र एक महिला ने मंगलवार को सड़क पर ही बालक को जन्म दिया. एक प्राइवेट नर्स रिंकू के सहयोग से सड़क पर ही बच्चे को निकाला गया. हुआ यूं कि एक महिला प्रसव पीड़ा से बीच सड़क पर ही छटपटाने लगी. इसी बीच वहां से गुजर रही एक निजी क्लीनिक की नर्स ने बीच सड़क पर ही प्रसव कराया और महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया.

स्थानीय लोग वहां पर खड़ा होकर तमाशबीन बने रहे . लेकिन छटपटा रही महिला की किसी ने मदद भी नहीं किया था. जानकारी के अनुसार पटवासराय गांव के रहने वाली एक प्राइवेट नर्स रिंकू कुमारी वहां से गुजर रही थी. जैसे ही उस स्थिति में महिला को देखी, महिला की मदद करना शुरू कर दी. इसी दौरान महिला ने एक बेटा को जन्म दिया है.

एक पुरुष के सहयोग से डायल 112 की पुलिस टीम को बुलाया गया और टीम ने वहां से प्रसूता को सदर अस्पताल पहुंचाया. यह पूरा मामला नगर थाना क्षेत्र के नवादा-जमुई पथ का है. जहां शहर के रेलवे गुमटी के समीप महिला एक बच्चा को जन्म दिया है. महिला की पहचान कौआकोल के लोहसिंहानी भलुआही गांव निवासी अजय कुमार की गर्भवती पत्नी खुशबू देवी के रूप में की गई है.

### पिटाई से घायल युवक की अस्पताल में मौत

**भागलपुर ।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र के डीवीसी कॉलोनी मोड़ के समीप लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने से घायल हुए संजय शर्मा की मौत मायागंज अस्पताल में बीते देर रात को इलाज के दौरान हो गई. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है. उल्लेखनीय है कि लोगों ने संजय शर्मा पर लोहा चोरी का आरोप लगाकर उसे इस कदर पीटा कि उसकी स्थिति गंभीर हो गयी. मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल संजय को मायागंज अस्पताल पहुंचाया. सूचना मिलने पर बबरगंज थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन मौके पर कोई नहीं था. घायल के जेब में मिले पहचान पत्र के अधार पर उसके परिजन को सूचना दी गई.

### बेगूसराय में अपराधियों ने घर में घुसकर की गोलीबारी और मारपीट
# एक व्यक्ति को गोली लगी, चार गंभीर रूप से घायल

**बेगूसराय ।** जिले के मटिहानी थानाक्षेत्र के रामदीरी भवानंदपुर गांव में अपराधियों ने घर में घुसकर गोलीबारी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया है. इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है. इस हमले में प्रमोद सिंह नामक व्यक्ति के दोनों पैरों में गोली लगी है, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायल लोगों का इलाज



बेगूसराय के सदर अस्पताल में चल रहा है. जानकारी के मुताबिक 12 अक्टूबर को पहले भी अपराधियों ने इसी परिवार के सदस्यों पर हमला किया था, जिसमें परिवार के कई लोग घायल हुए थे. उस हमले के बाद मामला मटिहानी थाने में दर्ज कराया गया था, जिसके बाद से अपराधी बौखलाए हुए थे. मंगलवार को जब प्रमोद सिंह और उनके बेटे अमन कुमार घर जा रहे थे, तभी रास्ते में पंकज सिंह, चंदन सिंह, दीपक कुमार, फंटूश कुमार और देवेंद्र सिंह ने उन्हें घेर लिया. फिर केस वापस लेने की धमकी देते हुए उन पर हमला कर दिया. अमन कुमार ने बताया कि अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलीबारी की, जिसमें उनके पिता प्रमोद सिंह को पैरों में गोली लगी. किसी तरह भागकर वे घर पहुंचे, लेकिन अपराधी भी उनके पीछे-पीछे घर पहुंच गए. फिर घर में घुसकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पूरे परिवार की बेरहमी से पिटाई कर दी.

## कारोबार

### स्पाइसजेट ने अपना विवाद सुलझाया

**नई दिल्ली ।** संकटग्रस्त एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि उसने एयरकैसल (आयरलैंड) डेजिग्नेटेड एक्टिविटी कंपनी और विलमिंगटन ट्रस्ट एसपी सर्विसेज (डबलिन) लिमिटेड के साथ 23.39 मिलियन डॉलर के विवाद को कुल 5 मिलियन डॉलर में सुलझा लिया है. कुछ एयरक्राफ्ट इंजन के ट्रीटमेंट से जुड़े समझौते के साथ ही नया समझौता हुआ है. विमानन फर्म ने एक बयान में कहा कि समझौते के तहत, पक्षों के बीच चल रहे सभी मुकदमे और विवाद वापस ले लिए जाएंगे.

### भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रहेगा

**नई दिल्ली ।** रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रखने की वकालत की. उन्होंने मंगलवार को राजधानी के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 (आईएमसी 2024) को संबोधित करते हुए यह बात कही. आकाश अंबानी ने कहा कि भारत में डेटा जनरेशन का पैमाना और स्पीड तेजी से बढ़ी है, जो एआई के साथ और तेजी से बढ़ेगी. इसलिए देश में एआई और मशीन लर्निंग डेटा सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता है.

### कच्चे तेल की कीमत में जारी है गिरावट

**नई दिल्ली ।** इजराइल-ईरान जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट जारी है. ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब 2.30 डॉलर प्रति डॉलर घटकर 76 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है. सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 2.27 डॉलर यानी 2.93 फीसदी की गिरावट के साथ 75.19 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है. वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट क्रूड भी 2.18 डॉलर यानी 2.95 फीसदी लुढ़ककर 71.65 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है.

### सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा
# वित्त वर्ष 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री 3-5% बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी । नयी दिल्ली

चालू वित्त वर्ष में भारत में यात्री वाहनों की बिक्री में वृद्धि होने की उम्मीद की जा रही है. इस बारे में जानकारी देते हुए सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, चालू वित्त वर्ष में भारत में यात्री वाहनों की बिक्री 3-5 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है." चंद्रा का कहना है कि आर्थिक संकेतकों को लेकर किसी तरह की चिंता नहीं है, ऐसे में यात्री वाहनों की बिक्री में 3-5 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि की उम्मीद है. 2024-25 के पहले छह महीनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो यात्री वाहनों की थोक बिक्री में ज्यादा वृद्धि नहीं दिखती. यात्री वाहनों की थोक बिक्री 0.5% बढ़कर 20.81 लाख यूनिट हो गई. वहीं, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कारों और एसयूवी की बिक्री में 1.8% की गिरावट आई. कारों और एसयूवी की बिक्री में आई गिरावट का कारण हैचबैक और सेडान की बिक्री में गिरावट रहा. एसआईएएम को उम्मीद है कि फेस्टिव सीजन में नई कार के लॉन्च के साथ बिक्री को बढ़ाने में मदद मिलेगी. चंद्रा का कहना है कि दूसरी छमाही के दौरान बिक्री को लेकर यकीनन तेजी देखने को मिलेगी. इस तेजी के साथ पहली छमाही में हुई स्थिर वृद्धि की भरपाई



की भी उम्मीद है. इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर चंद्रा का कहना है कि बुनियादी ढांचे की कमी ईवी को अपनाने में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है. वे इसे चिकन एंड एग की स्थिति बताते हैं. अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए चंद्रा कहते हैं कि अब चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी बाधाओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है. उन्होंने कहा, "सरकार ने पीएम ई-ड्राइव स्कीम के तहत चार पहिया वाहनों के लिए 22,000 फास्ट चार्जर स्थापित करने के लिए धन आवंटित किया है. इससे मदद मिलने वाली है. बहुत सारे नए लॉन्च हुए हैं, इसलिए ग्राहकों के पास अलग-अलग ब्रांड, बॉडी स्टाइल के विकल्प हैं जो बाजार को उत्साहित करते हैं. ईवी की कीमत एक स्तर तक गिर गई हैं, जहां वे स्वचालित ट्रांसमिशन वाले आईसीई वाहनों से मेल खा रही हैं. ड्राइविंग रेंज भी बढ़ रही है. यह देखते हुए कि यह भविष्य की तकनीक है, अल्पकालिक अड़चनें वास्तव में बहुत ज्यादा परेशान करने वाली नहीं हैं." वह कहते हैं कि बीते दो वर्षों में बैटरी की कीमत में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है. इस वजह से ईवी की कीमत में कमी देखने को मिली है. सस्ते बैटरी सेल्स, बढ़ते स्थानीयकरण और पैमाने के साथ ईवी की कीमत में और अधिक कमी आएगी. वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में कमर्शियल वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है. दूसरी तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री में भी कमी दर्ज हुई है.



# 5जी यूजर्स की कॉल ड्रॉप को लेकर कम हुई परेशानी

एजेंसी । नयी दिल्ली

5जी नेटवर्क का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स को अब कॉल ड्रॉप को लेकर दूसरे नेटवर्क के मुकाबले कम परेशानी आ रही है. हाल में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार, वे यूजर्स जिन्होंने किसी दूसरे नेटवर्क से 5जी पर स्विच किया है, उन्हें डेटा स्पीड भी अच्छी मिल रही है. ऑनलाइन सर्वेक्षण फर्म लोकल सर्किल्स ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि 5जी नेटवर्क पर स्विच करने वाले आधे से ज्यादा यूजर्स ने कॉल ड्रॉप में कमी और डेटा स्पीड में सुधार का अनुभव किया है.

सर्वेक्षण के अनुसार, 53 प्रतिशत स्मार्टफोन यूजर्स का कहना है कि 3जी और 4जी से 5जी सेवाओं पर आने के बाद कॉल ड्रॉप या कनेक्ट की स्थिति में सुधार हुआ है. सर्वेक्षण में शामिल लगभग 30 प्रतिशत यूजर्स ने कहा कि कॉल ड्रॉप दर में कोई सुधार नहीं हुआ है. 9 प्रतिशत यूजर्स ने शिकायत की कि इसमें कुछ गिरावट आई है. हालांकि, 5 प्रतिशत यूजर्स का यह भी कहना था कि कॉल ड्रॉप की समस्या और बढ़ गई है. लोकल सर्किल्स का दावा है कि सर्वेक्षण में 361 जिलों के ग्राहकों (स्मार्टफोन यूजर्स) से कुल 47,000 से अधिक प्रतिक्रिया प्राप्त हुईं, जबकि प्रत्येक प्रश्न के उत्तरों की संख्या अलग-अलग थी. इस सर्वेक्षण को 5 अगस्त से 10 अक्टूबर के बीच करवाया गया. करीब 60 प्रतिशत यूजर जो कि सर्वेक्षण का हिस्सा बने थे, जिन्होंने कहा कि 5जी नेटवर्क को लेकर डेटा कनेक्शन भी फास्ट हुआ है. ये वे यूजर्स थे जो पहले 3जी या 4जी का इस्तेमाल कर रहे थे. 3जी-4जी से 5जी नेटवर्क पर स्विच करने के बाद इन यूजर्स ने पुराने नेटवर्क से नए को लेकर अपना अनुभव साझा किया.

### हुंडई का 27,870 करोड़ का आईपीओ अब तक 8% हुआ सब्सक्राइब

**नयी दिल्ली ।** देश की बड़ी कार निर्माता कंपनियों में से एक हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ 15 अक्टूबर से आम निवेशकों के लिए खुल गया है. इस आईपीओ के जरिए कंपनी की योजना 27,870 करोड़ रुपये की राशि जुटाने की है. यह देश का अब तक सबसे बड़ा आईपीओ है. इससे पहले 2022 में आया 21,000 करोड़ रुपये का लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ था. हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ 15 अक्टूबर से लेकर 17 अक्टूबर तक आम निवेशकों के लिए खुला रहेगा. इसका प्राइस बैंड 1,865 रुपये से लेकर 1,960 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है. बीएसई पर दी गई जानकारी के मुताबिक, दोपहर 1:30 बजे तक आईपीओ करीब 8 प्रतिशत ही भरा है. क्वालिफाइड इंस्टिट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व हिस्सा एक प्रतिशत, गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व हिस्सा 6 प्रतिशत, रिटेल निवेश के लिए रिजर्व हिस्सा 13 प्रतिशत और कर्मचारी के लिए निर्धारित कोटा 44 प्रतिशत भरा है. हुंडई के एक लॉट में सात शेयर हैं. यह पूरा आईपीओ ऑफर फॉर सेल. इस कारण से इस आईपीओ के जरिए जुटाया गया सारा पैसा कंपनी के निवेशकों या प्रवर्तकों के पास जाएगा.

### भारत में अमेरिका कर रहा है ज्यादा निवेश

**नई दिल्ली ।** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को लेकर सबसे बड़ा सोर्स अमेरिका बना हुआ है. केंद्रीय बैंक की 2023-24 के लिए भारतीय प्रत्यक्ष निवेश संस्थाओं की विदेशी देनदारियों और परिसंपत्तियों पर जनगणना के अनुसार, एफडीआई को लेकर अमेरिका पहले स्थान पर है. इसके बाद मॉरीशस, सिंगापुर और यूके का नाम आता है. इस जनगणना में 41,653 संस्थाओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से 37,407 ने मार्च 2024 तक अपनी बैलेंस शीट में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) की जानकारी दी. 2023-24 के लिए भारतीय प्रत्यक्ष निवेश संस्थाओं की विदेशी देनदारियों और परिसंपत्तियों पर जनगणना के अनुसार, इन संस्थाओं में से 29,926 ने पिछली जनगणना के दौरान भी सूचना दी थी.

### भारतीय बाजार | शेयर बाजार फिर लाल निशान पर हुआ बंद
# सेंसेक्स 153 अंक टूटा, निफ्टी 25100 पर हुआ बंद

एजेंसी । मुंबई



घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को लाल निशान पर बंद हुए. बीएसई सेंसेक्स 152.93 अंक की गिरावट के साथ 81,820.12 और एनएसई निफ्टी 70.60 अंक फिसलकर 25,057.35 अंक पर बंद हुआ. मंगलवार के कारोबारी सत्र में सुबह के ट्रेड के दौरान शानदार शुरुआत के बावजूद दिन में बिकवाली आ गई और बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ है. ऑटो आईटी और फार्मा स्टॉक्स में मुनाफावसूली के चलते बाजार में ये गिरावट आई है. हालांकि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी के चलते रौनक दिखी. बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 153 अंकों की गिरावट के साथ 81,820 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 71 अंकों की गिरावट के साथ 25057 अंकों पर बंद हुआ है. मंगलवार के कारोबार में बैंकिंग, एफएमसीजी, रियल एस्टेट, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी देखी गई. जबकि ऑटो, आईटी, फार्मा, मेटल्स, एनर्जी, कमोडिटीज के स्टॉक्स में बिकवाली रही. मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी के चलते निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 121 अंकों के उछाल के साथ तो स्मॉल कैप इंडेक्स 211 अंकों के उछाल के साथ बंद हुआ है.

**30 शेयरों में 9 स्टॉक्स तेजी के साथ हुआ बंद :** वहीं, बीएसई के 30 शेयरों में 9 स्टॉक्स तेजी के साथ जबकि 21 गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 18 तेजी के साथ और 30 गिरावट के साथ बंद हुए और दो स्टॉक्स के भाव में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला है. तेजी वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक 1.95 फीसदी, भारती एयरटेल 1.26 फीसदी, एशियन पेंट्स 1.20 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 0.71 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.68 फीसदी, एचसीएल टेक 0.58 फीसदी, एनटीपीसी 0.27 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है. गिरने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस 2.47 फीसदी, रिलायंस 2.05 फीसदी, टाटा स्टील 1.58 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.07 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.01 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.80 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है. वहीं सेंसेक्स-निफ्टी के गिरावट के साथ बंद होने के बावजूद बाजार के मार्केट कैप में उछाल रहा है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 463.88 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछले सत्र में 463.62 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ था. यानि मंगलवार के सत्र में 26000 करोड़ रुपये के बढ़त के साथ मार्केट कैपिटलाइजेशन रहा है.

# जनवरी-सितंबर में रिकॉर्ड 2.25 लाख आवासीय इकाइयां बिकीं

**नई दिल्ली ।** इंडियन हाउसिंग मार्केट में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है. इस साल के पहले नौ महीनों के दौरान 2,25,000 से ज्यादा यूनिट्स बेचे गए हैं. रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई की एक रिपोर्ट के अनुसार, आवास बाजार में निरंतर सकारात्मक रुख देखने को मिला जिसने डेवलपर्स को नई परियोजनाओं की तरफ आकर्षित किया. इसके परिणामस्वरूप 2024 के पहले नौ महीनों में लगभग 2,15,000 नई इकाइयों का बाजार में प्रवेश हुआ. रिपोर्ट में कहा गया है, वर्ष 2024 की पहली छमाही में मजबूत प्रदर्शन और त्योहारी सीजन को देखते हुए हमारा अनुमान है कि आवासीय इकाइयों की बिक्री और नए लॉन्च दोनों में ही जबरदस्त इजाफा देखने को मिल सकता है. इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि उच्च-स्तरीय/प्रीमियम कैटेगरी में भी मजबूत मांग देखने को मिलेगी. रिपोर्ट ने खासतौर पर नोएडा, बेंगलुरु, पुणे और चेन्नई जैसे ट्रेडिशनल मिड-एंड सेगमेंट डोमिनेटेड मार्केट को लेकर बड़ी बात कही है.

## न्यूज अपडेट

### डब्ल्यूएचओ को 90 मि. डॉलर देगा नॉर्वे

**ओस्लो।** नॉर्वे सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को बड़ी वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है. नॉर्वे ने अगले चार वर्षों (2025-2028) के लिए 1 बिलियन एनओके (93 मिलियन डॉलर) देने का वादा किया है. नॉर्वे सरकार ने कहा कि डब्ल्यूएचओ वैश्विक हेल्थकेयर सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में अहम योगदान दे रहा है. उसी दिशा में नॉर्वे की ओर से उठाया गया ये अहम कदम है. नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की अहमियत अब पहले से ज्यादा बढ़ गई है.

### हवाई हमलों में 30 आतंकवादी मारे गए

**दमिश्क।** सीरिया और रूस ने संयुक्त हवाई हमलों में देश के उत्तर-पश्चिमी प्रांतों इदलिब और लताकिया के ग्रामीण इलाकों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया. इन हमलों में 30 आतंकवादी मारे गए हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हवाई हमले चरमपंथी विद्रोही समूहों के ठिकानों पर किए गए. बता दें कि यह क्षेत्र विद्रोही समूहों का एक मजबूत गढ़ बना हुआ है. ये हवाई हमले ऐसे समय में हुए हैं जब हयात तहरीर अल-शाम विद्रोही समूह सरकारी नियंत्रित क्षेत्रों पर बड़े हमलों की तैयारी कर रहा है.

### पोलियो टीकाकरण का दूसरा दौर शुरू

**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायली हमलों में तबाह हो चुके गाजा में पोलियो टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण शुरू हो गया है. अभियान गाजा पट्टी के मध्य क्षेत्र में शुरू हुआ. मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने सोमवार को कहा कि हमारा लक्ष्य 10 वर्ष से कम आयु के लगभग 5,90,000 बच्चों को नोवल ओरल पोलियो वैक्सीनेशन की दूसरी खुराक देना है. टीकाकरण का पहला चरण 1 से 12 सितंबर तक लागू किया गया था.

### ऑस्ट्रेलिया में लाखों झेल रहे भुखमरी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में लाखों परिवार गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं. दो वक्त की रोटी जुटाना भी उनके लिए मुश्किल हो रहा है. हंगर रिलीफ चैरिटी फूडबैंक की मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ. रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले 12 महीनों में देश भर में 34,00,000 परिवारों ने खाद्य असुरक्षा का अनुभव किया. इनमें से 20,00,000 परिवारों ने गंभीर खाद्य असुरक्षा का समाना किया. गंभीर रूप से खाद्य-असुरक्षित 97 प्रतिशत परिवार भोजन छोड़ने या भोजन में कटौती का रास्ता अपनाते हैं.

### स्किन को खराब कर सकता है स्ट्रेस

**नयी दिल्ली।** हाल ही में वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे सेलिब्रेट किया गया. इस दौरान विशेषज्ञों ने कई रिसर्च के आधार पर दावा किया कि बिगड़े लाइफस्टाइल की वजह डिप्रेशन या स्ट्रेस का बहुत बड़ा कारण है. मेंटल हेल्थ पर विस्तार से चर्चा हुई लेकिन क्या आप जानते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि स्किन के लिए भी स्ट्रेस आफत है! जब हम हद से ज्यादा स्ट्रेस लेते हैं तो इसका सीधा असर सबसे पहले हमारी स्किन पर पड़ता है. मेडिकल भाषा में इसे 'स्ट्रेस स्किन' कहते हैं.

### नाइजीरिया में सड़क हादसे में 6 मरे

**अबुजा।** नाइजीरिया के दक्षिण-पश्चिमी स्टेट ओयो में कई वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई. इस सड़क हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए. सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. संघीय सड़क सुरक्षा बल के प्रवक्ता मायोवा ओडेवो ने बताया कि राज्य के अमुलोको क्षेत्र में दो भारी ट्रकों, दो तिपहिया वाहनों और एक मिनी बस के बीच सोमवार को टक्कर हो गई. एक ट्रक ने अपना नियंत्रण खो दिया और दूसरे वाहनों से जा टकराया.

### अपराध पर नकेल कसेगा न्यूजीलैंड

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार ने बीते कुछ समय में साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाई है. न्यूजीलैंड में साल 2023 में 11 प्रतिशत लोग धोखाधड़ी और साइबर अपराध के शिकार हुए थे, जिससे उन्हें वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ा था. न्याय मंत्री पॉल गोल्डस्मिथ ने कहा कि बुडापेस्ट कन्वेंशन को काउंसिल ऑफ यूरोप कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है, जो 'साइबर क्राइम' पर आधारित होता है. न्यूजीलैंड अन्य देशों को संकेत दे रहा है कि वह इसे खत्म करने के लिए अपनी ओर से भी कदम उठाने को तैयार है.

### जहाज में आग लगने से आठ की मौत

**यांगून।** दक्षिणी म्यांमार के तनिन्थयी क्षेत्र में मंगलवार को एक तेल वाहक जहाज में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई, तीन घायल हो गए. स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि एक व्यक्ति लापता है. यह घटना तनिन्थयी क्षेत्र के दावेई टाउनशिप के एक बंदरगाह पर हुई. उस समय एक तेल टैंकर दूसरे तेल स्टोरेज जहाज (पोत) में तेल भर रहा था, तभी तेल स्टोरेज जहाज में आग लग गई. आग बहुत भयंकर थी. उस रात कुछ समय के लिए आग को बुझा दिया गया था. लेकिन जहाज में तेल भरा होने की वजह से यह फिर से भड़क उठी.

### तेहरान में दिखा रहस्यमयी ईरानी कमांडर

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स के कुद्स फोर्स के मुख्य कमांडर को ईरानी राजधानी में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में देखा गया. उसकी मौजूदगी ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को गलत साबित कर दिया जिनमें कहा गया था बेरूत में एक इजराइली हमले में उसकी मौत हुई. फुटेज में इस्माइल कानी को मेहराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुबह कार्यक्रम में भाग लेते हुए दिखाया गया. इजरायली और पश्चिमी मीडिया ने कानी के इजराइली हमले में घायल होने या मारे जाने का दावा किया गया.

# दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की विदाई, दक्षिणी राज्यों में उत्तर-पूर्वी की दस्तक




लगातार न्यूज नेटवर्क

देश के लगभग सभी राज्यों से दक्षिण पश्चिम मॉनसून की विदाई हो चुकी है. मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आधिकारिक तौर पर मंगलवार को पूरे देश से वापस चला गया है. साथ ही उत्तर-पूर्वी मॉनसून ने प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिण-पूर्वी भागों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है.

यह परिवर्तन मौसम के पैटर्न को आकार देने वाली वायुमंडलीय विशेषताओं के कारण होता है, जिसमें बंगाल की खाड़ी के बीच में एक कम दबाव वाला क्षेत्र बना हुआ है, जिसकी वजह से दक्षिणी राज्यों में भारी बारिश देखने को मिल रही है. तमिलनाडु के चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों में मंगलवार सुबह से ही भारी बारिश से राजधानी चेन्नई और आसपास के इलाकों में जलभराव के बाद लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं भारत की आईटी राजधानी बेंगलुरु में लगातार बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई. इसके साथ ही कई इलाकों में जलभराव की स्थिति के कारण लोगों को यातायात में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राजधानी में भारी बारिश की भविष्यवाणी करते हुए चेतावनी जारी की है. राज्य के 13 जिलों के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है.

**खास बातें**

- चेन्नई में भारी बारिश के बाद कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम
- बेंगलुरु में झमाझम बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त

इसके साथ ही दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में मंगलवार को दूसरे दिन भी बारिश जारी रही. बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण भारी वर्षा का पूर्वानुमान है, जिसके कारण कुछ जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है. भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में मौसम में बदलाव आने की संभावना है, जिससे उत्तर तमिलनाडु, पुदुचेरी, दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों के साथ कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना बन रही है.

**एससीओ की बैठक : प्रधानमंत्री शहबाज के डिनर में शामिल होंगे जयशंकर**

# 9 साल बाद विदेश मंत्री पहुंचे पाकिस्तान, शानदार स्वागत

एजेंसी। इस्लामाबाद

विदेश मंत्री जयशंकर एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) की बैठक में भाग लेने के लिए इस्लामाबाद पहुंचे. पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने नूर खान एयरबेस पर उनका स्वागत किया. वह एससीओ सदस्य देशों के स्वागत के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मेजबानी में आयोजित डिनर में शामिल होंगे. यह 9 साल में किसी भारतीय विदेश मंत्री का पहली पाकिस्तान यात्रा है. पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज ने अफगानिस्तान पर एक सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए 2015 में इस्लामाबाद का दौरा किया था. इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक इंटरव्यू में कहा था कि एससीओ की बैठक में शामिल होने अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आते तो ज्यादा अच्छा होता.

भारतीय प्रतिनिधिमंडल को लेकर भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का विमान रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर उतरा. भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध केवल आतंक और हिंसा से मुक्त माहौल में ही संभव हो सकते हैं. मंगलवार को जयशंकर के रवाना होने से पहले विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि एससीओ सीएचजी बैठक प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है और संगठन के व्यापार और आर्थिक एजेंडे पर केंद्रित होती है. विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. भारत एससीओ फ्रेमवर्क में सक्रिय रूप से शामिल है. पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, शरीफ द्वारा आयोजित रात्रिभोज मंगलवार को आने वाले नेताओं और प्रतिनिधिमंडलों के लिए एकमात्र आधिकारिक कार्यक्रम है. बैठक के दूसरे दिन की शुरुआत शरीफ की ओर से इस्लामाबाद के जिन्ना कन्वेंशन सेंटर में नेताओं का स्वागत करने से होगी. सम्मेलन की कार्यवाही एक ग्रुप फोटोग्राफ और शरीफ के उद्घाटन भाषण के बाद शुरू होगी. पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार और एससीओ महासचिव झांग मिंग के मीडिया में बयान देने से पहले विभिन्न दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे. इसके बाद प्रधानमंत्री की तरफ से आधिकारिक लंच का आयोजन किया जाएगा.

**नवाज बोले- एससीओ की बैठक में शामिल होने मोदी आते तो ज्यादा अच्छा होता**



### दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बैठक निर्धारित नहीं

एससीओ के अन्य सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व चीन, रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्रियों के साथ-साथ ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति करेंगे. मंगोलिया के प्रधानमंत्री (पर्यवेक्षक राज्य) और मंत्रिपरिषद के उपाध्यक्ष, तुर्कमेनिस्तान के विदेश मंत्री (विशेष अतिथि) भी बैठक में भाग लेंगे. विदेश मंत्री जयशंकर के इस्लामाबाद में केवल 24 घंटे रहने की उम्मीद है और बैठक के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच कोई द्विपक्षीय बैठक निर्धारित नहीं है, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान में सत्तारूढ़ सरकार के कई मंत्रियों और विपक्षी नेताओं ने घरेलू राजनीतिक लाभ के लिए उनके आगमन पर ध्यान केंद्रित कर रखा है. पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसद और खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) के सूचना सलाहकार बैरिस्टर मुहम्मद अली सैफ ने जयशंकर को पीटीआई कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए आमंत्रित किया, जो देश की राजधानी में विरोध रैली कर रहे हैं. सैफ ने कहा कि एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए इस्लामाबाद आने वाले सभी विदेशी प्रतिनिधिमंडल हमारे विरोध को देखकर खुश होंगे और हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रथाओं और ताकत की सराहना करेंगे.

### भाजपा के सत्ता में आने के बाद भारत की विदेश नीति कमजोर हुई : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** हरदीप सिंह निज्जर के मामले में भारत और कनाडा द्वारा एक दूसरे के छह राजनयिक निष्कासित करने के मामले में कांग्रेस नेता उदित राज ने भारत सरकार का समर्थन करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है. उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि भारत और कनाडा के बीच संबंध फिर से बिगड़ गए हैं, और भारत ने अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया है. कनाडा की सरकार ने आरोप लगाया है कि भारत के राजनयिक वहां संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं. इस पर भारत ने उचित कार्रवाई की है, और हम इस कदम का समर्थन करते हैं. लेकिन एक बात ध्यान देने योग्य है कि इस सरकार के आने के बाद से हमारी अंतरराष्ट्रीय नीति कमजोर हुई है. मोदी जी विदेश जाते हैं, लेकिन उनका ध्यान केवल भाषण देने पर होता है, जिससे हमारी विदेश नीति की परिपक्वता में कमी आई है. कनाडा ने जो आरोप लगाए हैं, वे इस कमी का नतीजा हैं. इसके साथ ही, मामला पन्नू का भी उठ रहा है, जो यह दर्शाता है कि हमारी अंतरराष्ट्रीय छवि गिर रही है. उन्होंने आगे कहा कि हमारी पार्टी ने सुझाव दिया है कि विपक्ष को विश्वास में लेना चाहिए. कनाडा में हुई घटना कोई साधारण घटना नहीं है. आने वाले सत्र में इस मुद्दे को पटल पर रखना चाहिए और जानना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है. हमारे संबंध बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल और पाकिस्तान से पहले से ही खराब हैं.



# परमेश शिवमणि बने भारतीय तटरक्षक बल के नए महानिदेशक

- नेविगेशन व डायरेक्शन में माहिर माने जाते हैं परमेश शिवमणि

एजेंसी। नयी दिल्ली

परमेश शिवमणि भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के नए महानिदेशक बने हैं. उन्होंने मंगलवार को महानिदेशक पद का पदभार संभाला. परमेश शिवमणि भारतीय तटरक्षक के 26वें महानिदेशक हैं. रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को उनकी नियुक्ति को लेकर यह आधिकारिक जानकारी दी.

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक परमेश शिवमणि ने अपने साढ़े तीन दशक से अधिक के शानदार करियर के दौरान, तट और जलपोत नियुक्तियों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है. वह नेविगेशन और डायरेक्शन में माहिर हैं और उनकी समुद्री कमांड में आईसीजी के सभी प्रमुख जहाज शामिल रहे हैं. उनकी समुद्री कमांड में उन्नत ऑफशोर गश्ती जहाज 'समर' और ऑफशोर गश्ती जहाज 'विश्वस्त' भी शामिल रहे हैं. परमेश शिवमणि अपनी सर्विस के दौरान तटरक्षक क्षेत्र (पूर्व), तटरक्षक क्षेत्र (पश्चिम), तटरक्षक कमांडर (पूर्वी समुद्री तट) के शीर्ष पदों पर रह चुके हैं. रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय तटरक्षक के नए महानिदेशक नेशनल डिफेंस कॉलेज, नयी दिल्ली और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के पूर्व छात्र रह चुके हैं.



# हमें गाली दी गई, वक्फ पर जेपीसी की बैठक में बवाल

एजेंसी। नयी दिल्ली

वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक में एक बार फिर मंगलवार को पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच टकराव देखने को मिला. विपक्षी नेताओं का कहना है कि भाजपा के एक सदस्य ने उनपर आपत्तिजनक टिप्पणी की है.

इसके बाद विपक्ष के नेताओं ने वॉकआउट कर दिया. इससे पहले सोमवार को भी विपक्ष के नेताओं ने वॉकआउट कर दिया था. हालांकि, कुछ समय बाद विपक्षी सांसद दोबारा से जेपीसी की बैठक में शामिल हो गए. इस बीच, जेपीसी में शामिल विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर जेपीसी की बैठक के दौरान संसदीय आचार संहिता के घोर उल्लंघन की शिकायत भी की. विपक्षी सांसदों ने स्पीकर बिरला को लिखे पत्र में यह आरोप लगाया है कि जेपीसी चेयरमैन जगदंबिका पाल ने 14 अक्टूबर को हुई समिति की बैठक के दौरान संसदीय आचार संहिता और नियमों का घोर उल्लंघन किया है. विपक्षी सांसदों ने सोमवार को हुई जेपीसी की बैठक में कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिप्पाडी द्वारा राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर लगाए गए आरोपों का जिक्र करते हुए पाल पर नियमों के खिलाफ जाकर उन्हें बोलने देने की इजाजत देने और विपक्षी सांसदों को इन आरोपों का जवाब देने के लिए समुचित समय नहीं देने का आरोप लगाया.

# सुप्रीम कोर्ट में अर्जी, चुनाव पूर्व फ्री वाली स्कीमें घूस हैं, इसे रोका जाए

- सरकार व चुनाव आयोग को नोटिस, ईसी बोला था- इसकी परिभाषा आप ही तय करें

एजेंसियां। नयी दिल्ली

राजनीतिक दलों के द्वारा चुनाव से पहले मुफ्त की योजनाओं के वादों पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचुड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है. कर्नाटक के शशांक जे श्रीधर ने याचिका में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किए गए मुफ्त योजनाओं के वादे को रिश्वत घोषित करने की मांग की है.

सुप्रीम कोर्ट से यह भी मांग की गई है कि चुनाव आयोग ऐसी योजनाओं पर फौरन रोक लगाए. कोर्ट ने पुरानी याचिकाओं के साथ आज की याचिका को सुनवाई के लिए मर्ज कर लिया. याचिका में कहा गया कि चुनाव के बाद फ्रीबीज की योजनाओं को पूरा करने का कोई मैकेनिज्म नहीं है, जिस पर वोट हासिल किए गए थे. मुफ्त योजनाएं और कैश देने के वादे जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत रिश्वत देकर वोट देने के लिए प्रेरित करने की भ्रष्ट प्रथा है. राजनीतिक दल ऐसी योजनाओं को कैसे पूरा करेंगे, यह नहीं बताते. इससे सरकारी खजाने पर बेहिसाब बोझ पड़ता है. यह वोटर्स और संविधान के साथ धोखाधड़ी है. इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान 11 अगस्त को चुनाव आयोग ने कहा था कि फ्रीबीज पर पार्टियां क्या पॉलिसी अपनाती हैं, उसे रेगुलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार में नहीं है. चुनावों से पहले फ्रीबीज का वादा करना या चुनाव के बाद उसे देना राजनीतिक पार्टियों का नीतिगत फैसला होता है.

### यूरोपीय संघ व ब्रिटेन के नए प्रतिबंध 'अवास्तविक और निराधार': ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कुछ लोगों और संस्थाओं पर यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के नए प्रतिबंधों की कड़ी निंदा की. ये प्रतिबंध रूस को कथित रूप से मिसाइलें और ड्रोन देने के लिए लगाए गए हैं. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई ने एक बयान में प्रतिबंधों को 'अवास्तविक और निराधार' बताया. उन्होंने यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के कदमों की आलोचना करते हुए कहा कि ये 'अनुचित हैं तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों और विशेष रूप से मानवाधिकारों के विपरीत हैं. बघेई ने कहा कि संघर्ष की शुरुआत से ही ईरान ने रूस और यूक्रेन के बीच मतभेदों के कूटनीतिक समाधान का समर्थन और युद्ध का विरोध किया.

**बहराइच के मृतक के परिजनों से मुलाकात के बाद बोले सीएम योगी**

# दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ आवास पर बहराइच के मृतक रामगोपाल मिश्रा के परिजनों से मुलाकात की. सीएम ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है. उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा. मुलाकात के बाद सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो भी शेयर की. मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए बहराइच से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने जानकारी दी कि पीड़ित परिवार की मांग थी, हमारे बेटे को मारा गया, हमें न्याय चाहिए. उनके बेटे की हत्या में जो भी शामिल है, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए. मुख्यमंत्री ने उनके प्रति संवेदना व्यक्त की, सरकार पीड़ित परिवार के साथ है. उन्होंने आगे बताया कि सीएम योगी ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, मुख्यमंत्री आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड और उनकी पत्नी को नौकरी देने पर विचार करेगी.

### जिम्मेदारी निभाई होती तो घटना नहीं होतीः मायावती



बसपा सुप्रीमो मायावती ने बहराइच की घटना को लेकर सरकार पर निशाना साधा. कहा कि जिम्मेदारी निभाई गयी होती तो बहराइच की घटना कभी भी घटित नहीं होती. जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति का खराब होकर काबू से बाहर हो जाना चिंताजनक है. ऐसे हालात के लिए शासन-प्रशासन की नीयत व नीति पक्षपाती नहीं बल्कि कानूनवादी होना चाहिए ताकि संबंधित मामला गंभीर न हो और शांति व्यवस्था की स्थिति बनी रहे.

**मध्य पूर्व संकट** संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रमुख ने इजराइल की अपील को किया खारिज, कहा-संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक लेबनान के विभिन्न ठिकानों पर बने रहेंगे

# अब दक्षिणी लेबनान में शांति सैनिकों पर आमने-सामने इजराइल और संयुक्त राष्ट्र

लगातार न्यूज नेटवर्क

संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रमुख ने इजराइली अधिकारियों की अपील को खारिज करते हुए कहा है कि इजरायल-लेबनान ब्लू लाइन के पास शांति सेना अपनी जगह पर बनी रहेगी, जबकि इसराइल ने कई बार कहा है कि संयुक्त राष्ट्र को वहां से अपनी सैनिकों को हटा लेना चाहिए. इस बीच, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को ब्लू लाइन पर चल रही शत्रुता पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की.

संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के अवर महासचिव जीन-पियरे लैक्रोइक्स ने सोमवार को लेबनान की स्थिति पर सुरक्षा परिषद को जानकारी देने के बाद कहा कि इजराइली रक्षा बलों द्वारा ब्लू लाइन के आसपास के क्षेत्रों में स्थित ठिकानों को खाली करने की अपील के बावजूद यह निर्णय लिया गया है कि यूनिफिल (लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल) वर्तमान में अपने सभी ठिकानों पर बना रहेगा. उन्होंने कहा कि मैं इस बात की पुष्टि करता हूं कि इस फैसले पर हम कायम हैं. उन्होंने कहा कि इस निर्णय की पुष्टि सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने की थी और ''कई तत्वों और मानदंडों'' के आधार पर सावधानीपूर्वक विचार किया गया था. लैक्रोइक्स ने कहा कि बेशक, शांति सैनिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है. बता दें कि रविवार को इसराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने बड़े ही कड़े तेवर के साथ कहा था कि यूनिफिल अपने शांति रक्षक सैनिकों को दक्षिण लेबनान से हटा ले. उनका कहना था कि ये सैनिक हिज़्बुल्लाह लड़ाकों के लिए ढाल का काम कर रहे हैं.



### हवाई हमले में मारा गया हमास एरियल यूनिट का प्रमुख : इजरायली सेना

**यरूशलम।** इजरायली सैन्य और सुरक्षा एजेंसी ने कहा है कि गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमले में हमास की हवाई इकाई के प्रमुख की मौत हो गई. इजरायल की सेना और घरेलू सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने एक संयुक्त बयान में इसकी जानकारी दी. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर में युद्धक विमानों द्वारा किए गए हमले में हमास के हवाई अभियान के प्रमुख समर अबू दक्का की मौत हो गई. बयान के अनुसार, अबू दक्का कई ड्रोन हमलों में शामिल था और हमास के हवाई अभियान में केंद्रीय भूमिका निभाता था. पिछले साल एरियल यूनिट प्रमुख असिम अबू रकाबा के मारे जाने के बाद दक्का को जिम्मेदारी सौंपी गई थी. इजरायली सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि अबू दक्का 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल के खिलाफ हुए हमले में भी शामिल था. उस अचानक हुए अटैक में 1,200 मौतें हुई थीं, जिसके बाद गाजा में जंग के हालात बने. गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को एक बयान में जानकारी दी है कि गाजा पर इजरायली हमलों में अब तक 42,289 फिलिस्तीनी मारे गए हैं.

### सुरक्षा परिषद ब्लू लाइन पर शत्रुता को लेकर चिंतित

इस बीच, अक्टूबर के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र में स्विट्जरलैंड के स्थायी प्रतिनिधि पास्कल बेरिसविल ने कहा कि ब्लू लाइन पर चल रही शत्रुता की पृष्ठभूमि में, सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने पिछले दिनों यूनिफिल के कई ठिकानों पर हमले के बाद अपनी गहरी चिंता व्यक्त की. बंद कमरे में सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद उन्होंने एक बयान में कहा कि कई शांति सैनिक घायल हुए हैं. सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने सभी पक्षों से यूनिफिल कर्मियों और संयुक्त राष्ट्र परिसरों की सुरक्षा का सम्मान करने का आग्रह किया है. साथ ही मिशन प्रति अपने समर्पण को दोहराया और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए इसकी अहमियत को रेखांकित किया. कहा कि परिषद के सदस्यों ने नागरिकों की मौतों और कष्टों, नागरिक बुनियादी ढांचे के विनाश और आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की बढ़ती संख्या पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की. उन्होंने सभी पक्षों से अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का पालन करने की अपील की. सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 के पूर्ण कार्यान्वयन का आह्वान किया और संघर्ष को एक स्थायी अंत लाने वाले "राजनयिक प्रयासों" की आवश्यकता पर जोर दिया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)